# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी परियोजना को मंजूरी

# दिल्ली मेट्रो की फेज V(A) परियोजना के हिस्से के रूप में 3 कॉरिडोर को मंजूरी

**सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर सभी कर्तव्य भवनों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, 2 लाख 60 हजार आगंतुकों को लाभ होगा**

**आर.के. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ (9.913 किमी), 2. एरोसिटी से आई.जी.डी. एयरपोर्ट टी-1 (2.263 किमी) और 3. तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज (3.9 किमी) का होगा निर्माण**



**16.076 किलोमीटर लंबी परियोजना राष्ट्रीय राजधानी के भीतर कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाएगी**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली मेट्रो के फेज-V (ए) परियोजना के हिस्से के रूप में तीन नए कॉरिडोर को मंजूरी दी हैः 1. आर.के. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ (9.913 किमी), 2. एरोसिटी से आई.जी.डी. एयरपोर्ट टी-1 (2.263 किमी) और 3. तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज (3.9 किमी)।

यह 16.076 किलोमीटर लंबी परियोजना राष्ट्रीय राजधानी के भीतर कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाएगी। दिल्ली मेट्रो के फेज-V (ए) की कुल लागत 12014.91 करोड़ रुपये है, जिसे भारत सरकार, दिल्ली सरकार और अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषण एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर सभी कर्तव्य भवनों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जिससे इस क्षेत्र के कार्यालय जाने वालों और आगंतुकों को सीधे ऑफिस तक पहुंचने में आसानी होगी। इस कनेक्टिविटी से दैनिक आधार पर लगभग 60,000 कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों और 2 लाख आगंतुकों को लाभ होगा। ये कॉरिडोर प्रदूषण और जीवाश्म ईंधन के उपयोग को और कम करेंगे, जिससे जीवन जीने की सुगमता में वृद्धि होगी।

## कोरिडोरों पर एक नजर

आर.के. आश्रम मार्ग – इंद्रप्रस्थ सेक्शन, बॉटनिकल गार्डन - आर.के. आश्रम मार्ग कॉरिडोर का विस्तार होगा। यह सेंट्रल विस्टा क्षेत्र को मेट्रो कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जिसका वर्तमान में पुनर्विकास किया जा रहा है।
एयरोसिटी – आईजीडी एयरपोर्ट टर्मिनल 1 और तुगलकाबाद – कालिंदी कुंज सेक्शन, एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर का विस्तार होंगे। यह विस्तार हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी को राष्ट्रीय राजधानी के दक्षिणी हिस्सों जैसे तुगलकाबाद, साकेत, कालिंदी कुंज आदि क्षेत्रों के साथ मजबूत करेगा। इन विस्तारों में कुल 13 स्टेशन शामिल होंगे, जिनमें से 10 स्टेशन भूमिगत और 03 स्टेशन एलिवेटेड होंगे।

पूरा होने के बाद, कॉरिडोर-1 यानी आर.के. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ (9.913 किमी) पश्चिमी, उत्तरी और पुरानी दिल्ली की सेंट्रल दिल्ली के साथ कनेक्टिविटी में सुधार करेगा।

वहीं अन्य दो कॉरिडोर— एयरोसिटी से आईजीडी एयरपोर्ट टी-1 (2.263 किमी) और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज (3.9 किमी)— दक्षिण दिल्ली को साकेत, छतरपुर आदि के माध्यम से घरेलू हवाई अड्डे टर्मिनल-1 से जोड़ेंगे, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के भीतर कनेक्टिविटी में जबरदस्त वृद्धि होगी। फेज-**V** (ए) परियोजना के ये मेट्रो विस्तार मध्य दिल्ली और घरेलू हवाई अड्डे तक दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की पहुंच बढ़ाएंगे, जिससे अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी। मजेंटा लाइन और गोल्डन लाइन के ये विस्तार सड़कों पर भीड़भाड़ को कम करेंगे। इस प्रकार, मोटर वाहनों के कारण होने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी।

आरके आश्रम मार्ग - इंद्रप्रस्थ सेक्शन पर जो स्टेशन बनेंगे, वे हैंः आर.के. आश्रम मार्ग, शिवाजी स्टेडियम, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट, कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, वॉर मेमोरियल - हाई कोर्ट, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम, और इंद्रप्रस्थ।

तुगलकाबाद – कालिंदी कुंज सेक्शन के स्टेशन सरिता विहार डिपो, मदनपुर खादर और कालिंदी कुंज होंगे, जबकि एयरोसिटी स्टेशन को आगे आईजीडी टी-1 स्टेशन से जोड़ा जाएगा।

फेज-**IV** का निर्माण कार्य, जिसमें 111 किमी लंबाई और 83 स्टेशन शामिल हैं, वर्तमान में प्रगति पर है। आज की स्थिति के अनुसार, फेज-**IV** के (3 प्राथमिकता वाले) कॉरिडोर का लगभग 80.43 प्रतिशत सिविल निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। फेज-**IV** के इन तीनों प्राथमिकता वाले कॉरिडोर के दिसंबर 2026 तक चरणों में पूरा होने की संभावना है।

अभी, दिल्ली मेट्रो प्रतिदिन औसतन 65 लाख यात्रियों को सर्विस देती है। अब तक की सर्वाधिक यात्रा का रिकॉर्ड 8 अगस्त 2025 को 81.87 लाख दर्ज किया गया है। दिल्ली ⏩ शेष पेज 5 पर





| पम्प की क्षमता | पम्प की केटगरी | किसान का अंशदान |
|---|---|---|
| 3 HP DC | सबमर्सिबल | 46,891 |
| 5 HP DC | सरफेस | 64,507 |
| 5 HP DC | सबमर्सिबल | 66,762 |
| 7.5 HP DC | सरफेस | 86,080 |
| 10 HP DC | सरफेस | 1,09,924 |



### मृतक का आरोपियों में से एक की चचेरी बहन के साथ चल रहा था प्रेम प्रसंग

# हत्या के बाद शव मुनक नहर में फेंकने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समयपुर बादली पुलिस ने मुनक नहर में युवक का शव मिलने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों दोस्त बताये गये हैं। मृतक का आरोपियों में से एक की चचेरी बहन के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक 22 नवंबर को एक युवक का शव बाहरी दिल्ली इलाके में स्थित मुनक नहर से बरामद किया गया था। बाद में मृतक की पहचान अंकित (18) के रूप में हुई। वह सदर बाजार का रहने वाला था और 18 नवंबर से गुलाबी बाग इलाके से लापता था। हैदरपुर जल शोधन संयंत्र के पास शव मिला था। मृतक के हाथ और पैर जूतों के फीतों से बंधे हुए थे तथा उसके गले में रुमाल लिपटा



हुआ था। उसके सिर पर तेज धार वाले हथियार के तीन घाव पाए गए थे। रोहिणी से 23 वर्षीय आशीष की पहले गिरफ्तारी हुई। पूछताछ के दौरान आशीष ने हत्या की बात कबूल कर की, जिसके बाद उसके साथी 23 वर्षीय विशाल ढिलोड को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी आशीष अपनी चचेरी बहन के साथ अंकित के कथित संबंधों को लेकर नाराज था और उसने अंकित को कई बार उससे दूर रहने की चेतावनी दी थी। घटना वाले दिन आरोपी ने कथित तौर पर अंकित को टिकरी कलां मेट्रो स्टेशन पर बहला फुसलाकर बुलाया। इसके बाद वे उसे स्कूटर पर बैठाकर गड्डा कॉलोनी स्थित एक घर में ले गए। दोनों आरोपियों ने अंकित को नशीला पदार्थ पिलाया और उसके हाथ-पैर बांध दिए और फिर धारदार हथियार से उस पर हमला किया। इसके बाद आरोपी शव को एक पिकअप ट्रक में ले गये और सबूतों को नष्ट करने के लिए बवाना में एक मंदिर के पास मुनक नहर में फेंक दिया ।

## मकान मालिकों पर हमला करने का आरोपी दो साल बाद किया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** जामिया नगर में घर के किराये को लेकर हुये विवाद में मकान मालिकों पर हमला करने के आरोपी को क्राइम ब्रांच ने दो साल बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी शख्स का नाम जाकिर नगर निवासी इरफान (35) बताया गया है। इसे उत्तर प्रदेश के हापुड़ स्थित उसके पैतृक स्थान से गिरफ्तार किया गया। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार मामला 29 फरवरी 2024 का है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके किरायेदार ने किराया नहीं दिया और परिसर खाली करने से मना कर दिया। जब महिला ने किराया मांगा तो आरोपी और उसके साथियों ने कथित तौर पर महिला और उसके पति पर हमला किया। घटना के बाद इरफान फरार हो गया था। बाद में अदालत ने भी उसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया था। आरोपी पहले दिल्ली और हापुड़ में ड्राइवरी करता था। पुलिस ने यह भी बताया कि कुछ समय पहले वह कतर से भारत लौटा था। कतर में भी उसने ड्राइवर के रूप में काम किया था।

## संगठित अपराध गिरोह का सरगना मकोका के तहत किया अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने एक संगठित अपराध गिरोह के कथित सरगना को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजेश शर्मा उर्फ विवेक के रूप में हुई है, जो स्वरूप नगर का रहने वाला है। शर्मा कथित तौर पर एक संगठित आपराधिक गिरोह का सरगना था, जो पिछले एक दशक से लूट, डकैती, हत्या, अपहरण और लोक सेवकों पर हमले जैसे गंभीर अपराध के केस में शामिल रहा है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह आर्थिक लाभ के लिए हिंसा, दबाव और धमकी का इस्तेमाल कर अपराध करता था और संपत्ति की वसूली करता था, जिससे शहर के कई इलाकों में लोगों के बीच भय का माहौल बन गया था। आरोपी के खिलाफ दिल्ली और उत्तर प्रदेश में आर्म्स एक्ट के तहत मामलों सहित कुल 19 आपराधिक मामले दर्ज बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार शर्मा लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था और बार-बार नोटिस देने के बावजूद जांच में शामिल नहीं हो रहा था। उसके खिलाफ 18 नवंबर को गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे, जिसके बाद दो दिसंबर को इसे भगौड़ा अपराधी भी घोषित करने की कार्रवाई की गई। आखिरकार इसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस हिरासत के दौरान गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाए गए। 19 दिसंबर को मकोका की धारा 18 के तहत आरोपी का इकबालिया बयान दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि गिरोह के अन्य सहयोगियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## दो मादक पदार्थ तस्कर दबोचे

■ 1.5 करोड़ की हेरोइन बरामद

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले की पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 304 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपियों के नाम न्यू सीमापुरी के रहने वाले तसलीम (23) और सलमान अंसारी (29) बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार 21 दिसंबर को मिली एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस की एक टीम ने नरेला इलाके में मोटरसाइकिल पर जा रहे दोनों आरोपियों को रोका और तलाशी के दौरान मादक पदार्थ बरामद किया। इसके बाद संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तसलीम पेशे से ड्राइवर है और नशे का आदी है, जबकि दर्जी का काम करने वाला सलमान अंसारी एनडीपीएस अधिनियम के मामलों में पहले भी संलिप्त रह चुका है। तस्करी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है।

## बुजुर्ग पर चाकू से हमले का आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य जिला पुलिस ने 60 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। संपत्ति विवाद को लेकर जारी रंजिश में वारदात को अंजाम दिये जाने की बात सामने आई है। रकाबगंज निवासी जुगनू उर्फ जियाउद्दीन (42) को कई सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल और तकनीकी निगरानी के बाद पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार घटना रकाबगंज में बड़ी मस्जिद के निकट सामने आई थी। बुजुर्ग व्यक्ति नमाज पढ़कर मस्जिद से घर जा रहा था, तभी आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। इससे उसकी छाती पर गहरे जख्म हुए। हमले का चश्मदीद पीड़ित का बेटा पिता को लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल ले गया। बेटे की शिकायत के आधार पर



मामला दर्ज कि गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लगभग 18 महीने पहले पीड़ित के परिवार के पक्ष में आए एक अदालती आदेश के बाद अपना निवास स्थान खाली करने के कारण आरोपी के मन में एक रंजिश थी। आरोपी का पता लगाने के लिए पुलिस टीमों ने 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद आरोपी को दिल्ली गेट के पास से पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार जियाउद्दीन के खिलाफ 30 से अधिक मामले दर्ज हैं।

## कार सवार ने स्कूटी सवार दंपति को पीटा

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के बिंदापुर में रोडरेज के एक केस में कार चालक द्वारा बाइक सवार पति-पत्नी को हेलमेट से बुरी तरह पीटने का मामला सामने आया है। बुधवार सुबह की इस घटना में दंपति घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना स्कूटी और कार के बीच मामूली टक्कर के विवाद से शुरू हुई थी। आरोपी कार सवार ने स्कूटी रोककर दंपति के साथ गाली-गलौज की और फिर उन पर हमला कर दिया। इस हमले में पति-पत्नी दोनों को चोटें आईं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पश्चिमी दिल्ली के बिंदापुर और आसपास के इलाकों में रोडरेज की पहले भी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें लोगों पर हमला किया गया या उनकी मौत तक हो गई। इसी साल जुलाई महीने में बिंदापुर में एक 30 वर्षीय व्यक्ति को कार से टक्कर मार दी गई थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया था, लेकिन बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसी साल अक्टूबर में पालम इलाके में एक रोडरेज की घटना में 24 वर्षीय युवक ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। आरोपी को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया था। मार्च 2021 में बिंदापुर में ही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चलाने पर आपत्ति जताने के बाद तीन लोगों ने एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। अप्रैल 2015 में एक अन्य घटना में छह युवकों ने कथित तौर पर एक परिवार की कार को टक्कर मारने के बाद उन पर हमला किया था।

## पैन इंडिया निवेश फ्रॉड रैकेट में शामिल चार धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ एक शख्स से की थी 27 लाख की ठगी
■ आरोपियों के देशभर में 300 शिकायतों से लिंक मिले

क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने 27 लाख के पैन-इंडिया इन्वेस्टमेंट फ्रॉड का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूरे भारत में 300 साइबर क्राइम शिकायतों से आरोपी जुड़े पाये गये हैं। इन शिकायतों में करीब 7.16 करोड़ की ठगी का अनुमान है। आरोपी एक बड़े साइबर सिंडिकेट के लिए बड़ी संख्या में म्यूल अकाउंट चलाते थे।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार शिकायतकर्ता को अज्ञात लोगों ने एक ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कैम में फंसाया था। उससे व्हाट्सएप के जरिए संपर्क किया गया और एक नकली इन्वेस्टमेंट ग्रुप में जोड़ा गया था। उसमें मनगढ़ंत मुनाफे दिखाए गए थे। उन्होंने उसे CONIFER नाम का एक नकली ट्रेडिंग एप भी डाउनलोड करवाया था, जहां बिना किसी असली बैंक या डीमेट डिटेल्स को लिंक किए एक अकाउंट बनाया गया। नकली मुनाफा दिखाने के बाद आरोपियों ने उसे जयेश लॉजिस्टिक्स के एक नकली आईपीओ में इन्वेस्ट करने के लिए राजी किया। उसने कुल 27 लाख 20 हजार रुपये कई लाभार्थी अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। जब उसने अतिरिक्त 22 लाख देने से इनकार कर दिया तो उसका एप अकाउंट फ्रीज कर दिया गया। बाद में वेरिफिकेशन से पता चला कि ये अकाउंट पुणे और हैदराबाद में स्थित एक कोऑर्डिनेटेड ग्रुप द्वारा चलाए जा रहे म्यूल अकाउंट थे। आरोपियों के नाम मयूर मारुति सानस, गौरव जाधव, मोहम्मद यूसुफ अली और मोहम्मद अबरार खान है।


## स्वच्छ दिल्ली की दिशा में सरकार के निर्णायक कदम

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कचरा प्रबंधन पर युद्धस्तर पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण के हर मोर्चे पर अथक और सतत प्रयास कर रही है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार ने इन्फोर्समेंट के साथ-साथ कचरा सफाई, धूल नियंत्रण और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी विशेष ज़ोर दिया है।

बीते दिनों में नगर निगम और संबंधित एजेंसियों ने मिलकर 12,500 मीट्रिक टन से अधिक कचरा हटाया, जिससे शहर के कई इलाकों में स्वच्छता और वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया। इसके साथ ही 2,068 किलोमीटर से अधिक सड़कों की मैकेनाइज़्ड स्वीपिंग की गई, ताकि सड़क की धूल और प्रदूषक कणों को प्रभावी ढंग से हटाया जा सके।




धूल नियंत्रण के लिए पानी के छिड़काव और मोबाइल एंटी-स्मॉग गन का व्यापक उपयोग किया गया है, जिससे हज़ारों किलोमीटर सड़कें कवर की गईं। निर्माण स्थलों पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि धूल प्रदूषण को रोका जा सके।

पर्यावरण मंत्री मंजींदर सिंह सिरसा ने बताया कि सभी संबंधित विभाग और डीपीसीसी 24×7 युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। सरकार की यह बहु-क्षेत्रीय रणनीति पिछले वर्षों की तुलना में AQI में सुधार की ओर काफी प्रभावी साबित हो रही है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार का संदेश स्पष्ट है—स्वच्छता, बेहतर कचरा प्रबंधन और निरंतर कार्रवाई से ही स्वच्छ हवा संभव है। सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ दिल्ली को साफ़, स्वस्थ और रहने योग्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

1.) दिल्ली की सड़कों से 12,500 MT से अधिक कचरा साफ़
2.) 2,068 किमी सड़कों की मैकेनाइज़्ड स्वीपिंग
3.) धूल नियंत्रण के लिए पानी छिड़काव व एंटी-स्मॉग गन
4.) कचरा प्रबंधन से AQI में हुआ सुधार
4.) मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 24×7 समन्वित प्रयास



## प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर सरकार की जीरो टॉलरेंस
## GRAP-IV के तहत 1 लाख+ PUCC प्रमाणपत्र किए जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की जनता को स्वच्छ हवा देने के संकल्प के साथ, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार प्रदूषण के खिलाफ दिन-रात चौतरफा कार्रवाई कर रही है। GRAP-IV के तहत सरकार ने ज़मीनी स्तर पर कड़े प्रवर्तन अभियान शुरू कर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि राजधानी की हवा से कोई समझौता नहीं होगा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राजधानी भर में व्यापक वाहन-जांच अभियान चलाया जा रहा है। बीते कुछ दिनों में लगभग 17,000 वाहनों की जांच की गई, जिसमें बिना वैध प्रदूषण प्रमाणपत्र (PUCC) चल रहे वाहनों पर कार्रवाई की गई। इस अभियान के परिणामस्वरूप 1 लाख से अधिक PUCC प्रमाणपत्र जारी किए गए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सड़क पर चलने वाला हर वाहन निर्धारित पर्यावरण मानकों का पालन करे।

इसके अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्रों, पुनर्विकास क्लस्टरों और नॉन-कन्फॉर्मिंग इलाकों में किए गए व्यापक निरीक्षणों में गैर-अनुपालक उद्योगों की पहचान कर उनके खिलाफ क्लोज़र और सीलिंग की कार्रवाई शुरू की गई है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि GRAP-IV के दौरान कोई भी अवैध निर्माण या प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख़्त कानूनी कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार का लक्ष्य साफ़ है— नियमित जांच, त्वरित PUCC जारी करने और सख़्त निगरानी के माध्यम से ही प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। सरकार लगातार मैदान में रहकर, जवाबदेही तय करते हुए और नियमों को सख़्ती से लागू कर प्रदूषण पर निर्णायक नियंत्रण की दिशा में आगे बढ़ रही है।

1.) लगभग 17,000 वाहन जांचे गए
2.) 1,500 से अधिक गैर-अनुपालक वाहन हटाए गए
3.) GRAP-IV में अवैध निर्माण पर सख़्त प्रतिबंध

## स्वच्छ हवा के लिए दिल्ली सरकार की ठोस पहलः दिल्ली में मेट्रो विस्तार को मिली गति, परिवहन बजट में की गई 60% वृद्धि

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत करने और दिल्ली मेट्रो के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण तभी संभव है जब नागरिकों को आधुनिक, विश्वसनीय और सुलभ परिवहन नेटवर्क उपलब्ध हो।

इस वर्ष परिवहन विभाग के बजट में 60% की बढ़ोतरी कर इसे 9,110 करोड़ किया गया है, जिसमें मेट्रो विस्तार के लिए 2,929 करोड़ शामिल हैं। साथ ही, पिछली सरकारों द्वारा लंबित रखे गए प्रोजेक्ट्स की 2,700 करोड़ की देनदारी भी चुकाई जा रही है। साथ ही तीन नए मेट्रो कॉरिडोर— लाजपत नगर—साकेत, इंदरलोक—इंद्रप्रस्थ और ऋताला—कुंडली—निर्माणाधीन हैं, जो दिल्ली और एनसीआर में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण और निजी वाहनों पर होने वाली निर्भरता कम करना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। सक्रिय डीएमआरसी बोर्ड प्रतिनिधित्व, समय पर फंडिंग और परियोजनाओं के तेज क्रियान्वयन से सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

दिल्ली सरकार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'नेट जीरो एमिशन' विज़न को साकार करने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। सरकार की प्राथमिकता केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि पर्यावरण-अनुकूल, स्थायी और स्वच्छ परिवहन प्रणाली भी विकसित करना है।



1.) परिवहन बजट में 60% बढ़ोतरी (9,110 करोड़ रुपए)
2.) मेट्रो विस्तार के लिए 2,929 करोड़ रुपए आवंटित
3.) लंबित मेट्रो देनदारी 2,700 रुपए करोड़ चुकाई जा रही
4.) तीन प्रमुख मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण
5.) सार्वजनिक परिवहन को मजबूती देना सरकार का लक्ष्य

DIP/Shabdarth/Advertorial/0103/25-26




## प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है सरकार, इमारतों पर लगाए जाएंगे मिस्ट स्प्रे

# डीटीसी के ड्राइवर पेट्रोल पंपों पर चेक कर रहे हैं पीयूसी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी के प्रदूषण को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार फौरी उपाय के साथ-साथ दीर्घकालीन उपाय भी कर रही है, ताकि प्रदूषण के संकट को हमेशा के लिए कम किया जा सके। सड़कों से वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए डीटीसी के सरप्लस ड्राइवर कार्य कर रहे हैं, साथ ही वे पेट्रोल पंपों पर पीयूसी जांच कर रहे हैं। इसके साथ ही सरकार ने इमारतों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम स्थापित करने का फैसला लिया है। यह बातें बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण की जांच के निगरानी नेटवर्क को और मजबूत करने के लिए निगरानी सेंटर भी बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वह स्वयं, उनकी सरकार के मंत्री व विभिन्न विभाग राजधानी के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। इसके लिए फील्ड में तो कार्य हो ही रहा है, साथ ही विशेष बैठकें आयोजित कर प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को गंभीरता से तलाशा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में पीयूसी जांच तेज की जा रही है, प्रदूषित औद्योगिक इकाइयों को बंद करवाया जा रहा है, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ-साथ धूल को नियंत्रित करने के लिए लगातार कार्य चल रहे हैं। अलाव व कोयला-लकड़ी जलाने की घटनाएं भी अब शासन द्वारा नियंत्रित कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रदूषण के प्रमुख कारकों में वाहनों से निकला उत्सर्जन एक प्रमुख कारण है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) व अन्य सरकारी और शोध-आधारित स्रोतों का कहना है कि वाहनों का उत्सर्जन कम कर लिया जाए तो प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषित वाहनों के खिलाफ तो कार्रवाई की ही जा रही है, साथ ही सड़कों से यातायात जाम को रोकने के लिए भी सरकार उपाय कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार ने अस्थायी तौर पर ट्रैफिक पुलिस को डीटीसी के सरप्लस 600 ड्राइवर उपलब्ध कराए हैं, जो ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर सड़कों पर यातायात संचालन कर रहे हैं, साथ ही जाम की स्थिति को सामान्य बनाने में सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा राजधानी के 500 पेट्रोल पंपों पर भी तीन पारियों में 24 घंटे दो-दो ड्राइवर (कुल 3,000) वहां पीयूसी चेक कर रहे हैं और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के ईंधन लेने से रोक रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इन्हीं स्टाफ की सजगता से पीयूसी की जांच में लापरवाही बरतने वाले 27 केंद्रों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

### वैध पीयूसी प्रमाणपत्र न होने पर 2 हजार 927 वाहनों के चालान : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा को साफ रखने के लिए सरकार द्वारा अपने प्रयास लगातार जारी हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत पिछले 24 घंटे में वैध पीयूसी प्रमाणपत्र न होने पर 2 हजार 927 वाहनों के चालान किया गया। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में दिल्ली की सीमाओं पर 4 हजार 803 ट्रकों की जांच की गई, जबकि शहर के भीतर नियमों का उल्लंघन करने वाले 430 हल्के मालवाहक वाहनों के चालान काटे गए। इसके साथ ही 449 अवैध डंपिंग साइट्स की जांच की गई, जिनमें से 124 स्थानों पर तुरंत कार्रवाई की गई। मोबाइल एप और सोशल मीडिया के जरिये प्राप्त 60 से अधिक शिकायतों का भी समय पर समाधान किया गया। मंत्री सिरसा ने बताया कि प्रदूषण से जुड़े मामलों में अब तक कुल 12 हजार 671 चालान किए गए। वहीं मंत्री सिरसा ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 2 हजार 337 मीट्रिक टन कंस्ट्रक्शन वेस्ट उठाया गया और 6 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों की सफाई की गई। सिरसा ने कहा कि हमारी रणनीति केवल चालान और कार्रवाई तक सीमित नहीं है। हम नियमित समीक्षा कर रहे हैं और ऐसे स्थायी समाधान तैयार कर रहे हैं, जिससे लंबे समय तक प्रदूषण पर काबू पाया जा सके।

### पीडब्ल्यूडी ने बनाया कंट्रोल रूम

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए 200 एंटी स्मॉग गन को तैनात किया गया है। इन्हीं मशीनों की निगरानी के लिए दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने एक कंट्रोल रूम बनाया है, जिसकी मदद से इनकी रोजाना निगरानी की जाएगी। दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) शहर भर में वायु प्रदूषण से बेहतर ढंग से निपटने के लिए तैनात 200 'एंटी-स्मॉग गन' के बेड़े की दैनिक प्रदर्शन रिपोर्ट संकलित करेगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रदूषण नियंत्रण उपायों के तहत, पीडब्ल्यूडी ने सभी 11 जोन में प्रतिदिन आठ-आठ घंटे की पाली में चलाने के लिए 200 स्मॉग मशीन किराए पर ली हैं। इससे पहले, दिल्ली सरकार ने अधिकारियों को धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे पानी के छिड़काव और अन्य उपायों की कड़ी निगरानी करने का निर्देश दिया था।

# दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति बैठक में प्रदूषण पर हुई गर्म चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय स्थित सिविक सेंटर में बुधवार को स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सत्तापक्ष-विपक्ष के बीच प्रदूषण मामले पर चर्चा गर्म रहीं। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा की चार इंजन की सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने में विफल रही और लोगों की जान से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले दिल्ली को सबसे प्रदूषित शहर का दर्जा मिला। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक में प्रदूषण नियंत्रण, आवारा पशुओं की समस्या, शिक्षकों के तबादले, निजी विद्यालयों की मान्यता तथा अवैध रूप से संचालित होटल, बार एवं रेस्टोरेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पार्षदों द्वारा दिए गए सुझावों पर समिति ने गंभीरता से विचार-विमर्श किया और संबंधित अधिकारियों को ठोस, समयबद्ध एवं परिणाम-आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। वहीं, नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण, सफाई व्यवस्था की बदहाली, शिक्षा विभाग की समस्याओं, आयुष हेल्थ सेवाओं की अनदेखी और एमटीएस कर्मियों की जायज और लंबित मांगों को मजबूती से उठाया।



■ अवैध रूप से संचालित होटल, बार एवं रेस्टोरेंट पर हो एक्शन : सत्या शर्मा

### होटलों पर एक्शन की रिपोर्ट समिति को सौंपी जाए

बैठक में अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि दिल्ली में अवैध रूप से संचालित होटल, बार एवं रेस्टोरेंट पर की जा रही कार्रवाइयों की विस्तृत रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस नवीनीकृत हैं और जो बिना अनुमति या नियमों के उल्लंघन के संचालित हो रहे हैं, उनकी स्पष्ट पहचान की जाए तथा अवैध प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त से सख्त और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी प्रतिष्ठान के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी और नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सुविधा से जुड़े मामलों में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। बैठक में अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि अवैध होटल, बार एवं रेस्टोरेंट खिलाफ कार्रवाई की जा रही है

### प्राइवेट स्कूलों की मान्यता के लिए समिति का किया जाएगा गठन

साथ ही निगम द्वारा निजी प्राइमरी प्राइवेट स्कूलों को मान्यता प्रदान करने के संबंध एक समिति के गठन जाएगा ताकि केवल नियमों एवं मानकों का पालन करने वाले विद्यालयों को ही मान्यता दी जा सके और शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित हो। साथ ही अध्यक्ष सत्या शर्मा ने निर्देश दिए कि बैठक में पार्षदों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर संबंधित अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ लिखित रूप में उपलब्ध कराएँ, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

### स्थायी समिति की बैठक को बनाया मजाक : विपक्ष

स्थायी समिति में विपक्ष के सदस्य प्रवीण कुमार, राफिया ने सतादल को घेरते हुए कहा कि भाजपा ने एमसीडी की इस अहम स्थायी समिति की बैठक को पूरी तरह मज़ाक बनाकर रख दिया। आज एक सदस्य को बिना बुलवाये ही बैठक समाप्त कर दी, इतना ही नहीं, भाजपा ने अपनी मनमर्जी से सभी एजेंडों को भ्रष्टाचार और निजी स्वार्थ के लिए जल्दबाज़ी में पास करते हुए बैठक स्थगित कर दी।

### कोहरे से राहत के बाद राजधानी में दिनभर खिली खिली धूप से मौसम बना रहा खुशनुमा

**नई दिल्ली।** कई दिनों बाद दिल्ली में लगातार दूसरे दिन बुधवार को कोहरे की राहत व दिनभर आसमान पर खिली हुई धूप ने मौसम सुहावना बना दिया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार अधिकतम तापमान 22.07 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि न्यूनतम तापमान डबल डिजिट में 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य तापमान से 2.07 डिग्री सेल्सियस कम है। सुबह और शाम को छोड़ दे तो दिनभर आसमान पर चटक धूप खिली रही, जिससे लोगों को काफी राहत मिली। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि गुरुवार न्यूनतम पारे में एकाएक तीन से चार डिग्री की भारी गिरावट हो सकती है। जबकि अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट के आसार है। यानी रात में कड़ाके की ठंड पड़ेगी जबकि दिन में मौसम साफ व खुला गर्म अहसास वाला रह सकता है।

### दिल्ली में ग्रेप-4 हटाने से मिली राहत, लेकिन चरण तीन अभी भी लागू, कई पाबंदियों का करना होगा पालन

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण में कमी के बाद ग्रेप-4 को हटाने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। लेकिन अभी भी ग्रेप के तीनों चरण लागू रहेंगे जिसके तहत सभी नियमों का पालन करना पड़ेगा। वायु गुणवत्ता में सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्युएम) ने बुधवार को ग्रेप-4 के सख्त प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। जिसके बाद निर्माण कार्यों पर लगी रोक समाप्त हो गई और गैर-जरूरी ट्रकों का प्रवेश भी पुन दिल्ली में शुरू हो जाएगा। बावजूद इसके दिल्ली एनसीआर में ग्रेप चरण-1, 2 और 3 लागू रहने से इनके अंतर्गत आने वाली सभी पाबंदियां पहले की तरह ही लागू रहेगी। जब तक प्रदूषण का लेवल ओर नहीं सुधरेगा तब तक प्रदूषण स्तर को नियंत्रित रखने के लिए ऐसा किया जा रहा है। दिल्ली का औसत एक्यूआई गंभीर से सुधर कर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है, जिसके बाद सीएक्युएम ने राहत देते हुए ग्रेप चार को हटाया गया है। लेकिन सीएक्युएम ने कहा है कि प्रदूषण को बढ़ने से रोकने के लिए शेष तीनों चरणों की पाबंदियां पूर्व की भांति लागू रहेगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में सीएक्युएम ने यह कदम उठाया। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में बदलाव होने से हवा में सुधार आया है। बावजूद इसके लोगों को चाहिए कि वह निजी की जगह सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें और प्रदूषण कम करने में अपना सहयोग दें। बता दें कि लंबे समय से प्रदूषण के चलते राजधानी गैस चैंबर बन चुकी है। समय समय पर सीएक्युएम प्रदूषण के स्तर के अनुसार ग्रेप के अलग अलग चरण लागू करता रहा है।

## सभी मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं : रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सभी मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। यह निर्देश बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिलशाद गार्डन स्थित राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का दौरा करने के दौरान अधिकारियों को दिए। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया, साथ ही चिकित्सा व्यवस्थाओं, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं और प्रशासनिक सिस्टम की जानकारी ली और मरीजों से संवाद किया। वहीं उन्होंने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ व स्वास्थ्यकर्मियों से भी बातचीत की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर इलाज, दवाइयों की उपलब्धता और संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि राजधानी के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, उपकरणों की कार्यशीलता और मरीजों की सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की भी समीक्षा की और आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने महिलाओं के साथ बातचीत की और उनसे अस्पताल में मिल रहे इलाज और सेवाओं के बारे में पूछा।

## एक माह के अंदर शुरू हो कुष्ठ रोगियों के शेल्टर होम में बुनियादी सुविधाओं पर काम : इंद्राज

**नई दिल्ली।** ताहिरपुर स्थित ओल्ड एज/ कुष्ठ एवं टीबी रोगियों के लिए बने शेल्टर होम में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं पर एक माह के अंदर अधिकारी काम शुरू करें। यह निर्देश बुधवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ताहिरपुर स्थित ओल्ड एज/ कुष्ठ एवं टीबी रोगियों के लिए बने शेल्टर होम का निरीक्षण ने करने के दौरान अधिकारियों को दिए। इस निरीक्षण के दौरान डीएम शाहदरा, समाज कल्याण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, एमसीडी तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री इंद्राज ने कुष्ठ रोगियों के इलाज की सुविधाओं और ठंड से बचाव को लेकर उपलब्ध सुविधाओं की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। शेल्टर होम में वर्तमान में 143 पुरुष कुष्ठ रोगी निवास कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कुष्ठ रोगियों ने अपनी भजन मंडली के लिए संगीत वाद्ययंत्र उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि शेल्टर होम में रहने वालों के मनोरंजन एवं उत्तम मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। वहीं मंत्री ने कहा कि शेल्टर होम की भवन मरम्मत, नियमित व स्वच्छ पानी की आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था तथा दवाईयों की उपलब्धता को लेकर निर्देश दिए।

## दिल्ली भाजपा ने मुख्यालय सहित 14 जिला कार्यालयों पर किया 'दीपोत्सव' का आयोजन

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के सम्पूर्ण होने पर दिल्ली भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित प्रदेश मुख्यालय के साथ ही सभी 14 जिला कार्यालयों पर "दीपोत्सव" मनाया गया और भवनों पर बिजली बल्ब लगा कर सजावट भी की गई। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार हर जिले में प्रदेश कार्यालय के साथ ही एक प्रमुख स्थल पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का चित्र लगा कर सार्वजनिक रूप से पुष्पांजलि अर्पित की गई। दिल्ली भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का फूलों से सजाये गये चित्र पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह एवं सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया और स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में पुष्पांजलि कर दीप जगाये।

प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि स्वर्गीय अटल के चेहरे पर मुस्कुराहट स्थाई रहती थी और वह जनसंघ या भाजपा ही नहीं हर राजनीतिक दल के कार्यकर्ता के बीच लोकप्रिय रहते थे, वह जहां भी भाषण देने जाते वहां उनके भाषण सुनने, पहुंचने वालों में अन्य दलों की विचारधाराओं के लोग भी शामिल रहते थें।

## बेरोजगारों के समर्थन में उतरी दिल्ली कांग्रेस, शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी के चलते राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करने की मांग की है। यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार जहां मनरेगा जैसे रोजगार अधिकार के कानून को समाप्त कर रही है। वहीं नए कानून में सरकार को शहरी गरीबों को शामिल करना चाहिए था क्योंकि आर्थिक तंगी, बेरोजगारी और भूख के कारण ग्रामीण शहरों में पलायन कर रहे है, शहरी श्रमिक इससे पूरी तरह वंचित है। यादव ने पत्र में लिखा कि दिल्ली देश की राजधानी और विकास के लिए अवसरों का प्रतीक रही है। लेकिन पिछले 10 वर्षों से दिल्ली में लाखों लोग रोजगार की अनिश्चितता, महंगाई, असुरक्षित काम धंधे के चलते अस्थिरता की परिस्थितियों में जीवन जीने को मजबूर हैं। विशेषकर दिल्ली आज भी ऐसे अधिकार से वंचित है, जो पूरी तरह अन्याय है। शहरी रोजगार गारंटी कोई फ्रीबी नहीं बल्कि संविधान की भावना की पूर्ति है। अनुच्छेद 21 सम्मानजनक जीवन और आजीविका का अधिकार देता है, नीति निदेशक तत्व सरकार को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की ज़िम्मेदारी सौंपते हैं। 74वाँ संविधान संशोधन शहरी गरीबी उन्मूलन को स्थानीय निकायों का कर्तव्य मानता है।

### हरकत में आने के बाद नारायणा- इंद्रपुरी रेलवे ब्रिज का कार्य शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नारायणा-इंद्रपुरी का रेलवे ब्रिज संबंधी शिकायत मामला जब केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के संज्ञान में आया तब संबंधित विभाग हरकत में आए और इसके बाद नारायणा - इंद्रपुरी रेलवे ब्रिज का कार्य शुरू हो गया है। राष्ट्रवादी युवा संघ के अध्यक्ष आदित्य तंवर ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुए बताया कि सालों से बंद पड़े नारायणा -इंद्रपुरी पुल को लेकर आखिरकार काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि टाटा पावर की 11 केवी केबल हटाई जा चुकी है और रेलवे ने पुल को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लगातार पत्राचार, अधिकारियों से मुलाकात, सोशल मीडिया पर सवाल और प्रिंट मीडिया में मुद्दा उठने के बाद प्रशासन हरकत में आया। सबसे अहम बात पुल के बचे हुए हिस्से (रैंप) का टेंडर भी 16 दिसंबर 2025 को जारी कर दिया गया है। यह साबित करता है कि आम जनता की आवाज़ दबाई नहीं जा सकती। वहीं, बता दें कि हरिभूमि ने ' नारायणा - इंद्रपुरी रेलवे स्टेशन का कब बनेगा पुल - जान जोखिम में डाल कर रेलवे ट्रैक करते हैं पार' को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

# पहली टीएस 01 मेट्रो की शान बरकरार, 23 साल में 2.9 मिलियन किमी से ज्यादा दूरी कर चुकी तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की लाइफ लाइन यानी दिल्ली मेट्रो में सबसे पहले दिन चलने वाली मेट्रो ट्रेन आज भी सरपट दौड़ रही है। मेट्रो के जन्म यानी 24 दिसंबर 2002 के दिन देश के इतिहास में चलने वाली दिल्ली मेट्रो की पहली ट्रेन जिसका नंबर टीएस 01 है, वह आज भी निरंतरता बनाए आधुनिक फीचर्स से लैस होकर यात्रियों की सेवा में सरपट दौड़ रही है। दिल्ली मेट्रो की यह पहली ट्रेन 2002 से लगातार रेड लाइन पर रेवेन्यू सर्विस में है और अब तक अनेक पड़ाव पार करते हुए लगभग 2.9 मिलियन किलोमीटर की दूरी तय कर ली है। इस वृहत अनवरत यात्रा में 2.4 मिलियन बार टीएस 01 ट्रेन के दरवाज़े खुलने बंद होने के साथ ही 60 मिलियन से ज़्यादा यात्रियों को शान से उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाया है। डीएमआरसी ने कहा है कि 25 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे शाहदरा से तीस हजारी तक स्पेशल मेट्रो, सर्विस के तौर पर चलाई जाएगी। यह 2002 में इसी दिन दिल्ली मेट्रो सेवाओं की शुरुआत की सालगिरह मनाने के लिए किया जा रहा है। इस मौके पर ट्रेन को खास तौर पर सजाया जाएगा। जो यात्री दिल्ली मेट्रो सेवाओं की शुरुआत के ऐतिहासिक मौके को फिर से जीना चाहते हैं, वे इस टीएस 01 ट्रेन में सफर करके ऐसा अनुभव कर सकते हैं।

दिल्ली मेट्रो रेल के 24 दिसंबर 2025, बुधवार को पूरे 23 साल होने व 24 वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर केंद्र सरकार ने तोहफा देते हुए तीन नए रूट निर्माण को मंजूरी दे दी है। इन तीन नए रूटों के बनने व शुरू होने के बाद दिल्ली मेट्रो का रूतबा और बढ़ेगा। क्यों यह तीनों रूट ही लाखों लोगों की यात्रा को सरल, सुगम व सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभाएगें। जाहिर है ऐसे में दिल्ली मेट्रो का रुतबा और बढ़ेगा।

### टीएस 01 ट्रेन दिल्ली मेट्रो के इतिहास में हो चुकी है हमेशा के लिए दर्ज

डीएमआरसी कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल का कहना है कि दिल्ली मेट्रो के इतिहास में टीएस 01 ट्रेन हमेशा के लिए दर्ज हो चुकी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2002 में दिसंबर की एक ठंडी सुबह, दिल्ली मेट्रो की यात्रा शुरू हुई और इसके साथ ही भारत के सबसे सफल मास ट्रांसपोर्ट सिस्टम की एक नई कहानी की शुरुआत भी हुई। तब से लेकर आज 24 दिसंबर 2025 को दिल्ली मेट्रो ने अपनी परिचालन यात्रा के बेमिसाल 23 साल पूरे कर चुकी हैं। दिल्ली मेट्रो नेटवर्क पर चलने वाली वो पहली ट्रेन टीएस 01 आज भी डीएमआरसी ट्रेनों के विशालकाय बेड़े का एक गौरवशाली हिस्सा है जो हर दिन लाखों यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती है। समय के साथ इस पहली ट्रेन में दुनिया भर में अपनाए जाने वाले उच्च मानकों के अनुसार कई अपग्रेड किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि समय के साथ जहां शुरुआत में, टीएस 01 ट्रेन में चार कोच थे वहीं यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, 2014 में इसके कोचों की संख्या बढ़ाकर छह और फिर 2023 में आठ कर दी गई।

### दक्षिण कोरिया में बनी टीएस 01 की लागत लगभग 24 करोड़ थी

दक्षिण कोरिया में एमआरएम कंसोर्टियम कंपनी द्वारा निर्मित टीएस 01 ट्रेन की शुरुआत कीमत उस समय करीब 24 करोड़ रुपए थी। कोरिया से भारत लाने के लिए इसे जहाज से भारत में कोलकाता लाया गया। फिर कोलकाता से इसे भारतीय रेलवे नेटवर्क का उपयोग करते हुए राजधानी दिल्ली में लाया गया था। चार कोच वाली ट्रेन की शुरुआती लागत लगभग 24 करोड़ थी। आज समय के बदलाव के इस दौर में टीएस 01 भी पीछे नहीं रही है। डीएमआरसी की मेंटेनेंस टीम द्वारा दो बड़े ओवरहॉल किए जा चुके हैं। जिसकी बदौलत 40000 किलोमीटर की न्यूनतम कॉन्ट्रैक्ट की आवश्यकता के मुकाबले 85000 किलोमीटर का एमडीबीएफ बनाए रखने में सक्षम रहा है। गत वर्ष 2024 में टीएस 01 का मिड-लाइफ रिहैबिलिटेशन करते हुए कई आधुनिक फीचर जोड़े गए है। वही यह ट्रेन के प्रोपल्शन सिस्टम के एडवांस्ड डिज़ाइन ने रीजेनरेटिव ब्रेकिंग के ज़रिए कुल खपत होने वाली बिजली का लगभग 40 प्रतिशत तक री जेनरेट करके कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद की है।

### सांसद से मिले ग्रामीण, की फुटओवर ब्रिज की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिंघु गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर पैदल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में सिंघु गांव की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चांदोलिया से मुलाकात कर फुटओवर ब्रिज (एफओबी) स्थापित किए जाने की मांग रखी। आरडब्ल्यूए महासचिव राजेंद्र सिंह ने सांसद को अवगत कराया कि सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है, जिससे इस व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। स्थानीय ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और रोज़मर्रा पैदल आने-जाने वालों को सड़क पार करने में भारी जोखिम उठाना पड़ता है। सांसद से मुलाकात के दौरान वजीर सिंह, जयभगवान, जयनारायण, वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि फुटओवर ब्रिज न होने के कारण आए दिन हादसों का डर बना रहता है और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस गंभीर समस्या को सुनने के बाद सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने संबंधित विभागों से बातचीत कर शीघ्र समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना सेक्टर-58 की टीम ने कार्रवाई करते हुए 21 दिसंबर को राजीव कॉलोनी में



मारपीट के एक मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि राहुल निवासी राजीव कॉलोनी, पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 21 दिसम्बर को वह सेक्टर-8 मंडी में सब्जी बेचने जा रहा था। जब वह राजीव कॉलोनी से निकलकर नाले के पास पहुंचा तो कुछ युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और रॉड व हथौड़े से उस पर हमला कर दिया।

### अवैध खनन मामला गाड़ी मालिक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना छायंसा की टीम ने एक अवैध खनन माफिया को



गिरफ्तार किया है। आरोपी 8 महीने से फरार चल रहा था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 अप्रैल 2025 को थाना छायंसा में जमुना रेती चोरी करने व रेती का फर्जी बिल बनाने के संबंध में एक मामला किया गया था। जिसमें थाना छायंसा की टीम ने कार्रवाई करते हुए गाडी मालिक प्रेम सिंह वासी राजूपुरा खादर जिला पलवल को 23 दिसंबर को गिरफ्तार किया है।

### गर्म कपड़े और भोजन सामग्री वितरित की

**फरीदाबाद।** संजय कालोनी स्थित माडर्न बीपी पब्लिक स्कूल ने



सर्दियों के मौसम में जरूरतमंद बच्चों के लिए एक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया। स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसिपल जितेन्द्र परमार के निर्देशानुसार बच्चों को गर्म टोपी और जुराब वितरित की गई। इस अवसर पर ममता और प्रवीन टीचर ने सेंटा बने नन्हें बच्चों के जरिये छात्रवास में रह रहे बच्चों को खाने का सामान भी सौंपा। कार्यक्रम में छात्रवास के शिक्षक दानवीर ने स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ावा देते हैं।

### किसान दिवस

### पशुपालकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**फरीदाबाद।** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा के दिशा निर्देशन में पशु विज्ञान केंद्र पलवल द्वारा किसान दिवस के उपलक्ष्य में गत दिवस ग्राम छांयसा, जिला फरीदाबाद में ग्रामीणों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम के देख-रेख में डॉ. रेखा दहिया, पशु विज्ञान केन्द्र, पलवल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में किसानों एवं पशुपालको को विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक वीबी जी राम जी विधेयक 2025 जिसमें ग्रामीण श्रमिक के लिए 125 दिनों के रोजगार का प्रावधान करता है। इस अधिनियम में मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक एवं जल से संबंधित कार्य, मुख्य आधार पर या किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर किए जाने की अनिवार्यता हैं। देरी होने पर विलंब मुआवजा दिया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों को पशुओं के संतुलित आहार, टीकाकरण, रोगों की रोकथाम, खनिज मिश्रण का महत्व, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, दूध एवं दूध पदार्थो का मूल्य संवर्धन पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 50 ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया।

# फोर्टिस ने लॉन्च किया क्षेत्र का पहला दा विंची रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

**नेक्स्ट-जेन रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध**



पत्रकारों को दा विंची रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम की जानकारी देते चिकित्सक

मानेसर सहित अन्य जिलों के मरीजों को अब एडवांस रोबोटिक प्रक्रियाओं के लिए महानगरों/प्रमुख शहरों तक आने-जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। फोर्टिस हॉस्पीटल, मानेसर ने इस क्षेत्र में पहला दा विंची एक्सआई रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम लॉन्च किया है। फोर्टिस मानेसर देश में उन चुनींदा अस्पतालों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास ओंकोलॉजी, यूरोलॉजी, गाइनीकोलॉजी तथा जनरल सर्जरी के क्षेत्र में जटिल प्रक्रियाओं के लिए नेक्स्ट-जेन रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ विनय सैमुअल गायकवाड़, डायरेक्टर-सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी कई तरह के जटिल कैंसर के उपचार में मददगार साबित हो रही है। दा विंची एक्सआई रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम बेहतरीन सटीकता के साथ, खासतौर से शरीर की भीतरी संरचनाओं में, सर्जरी को संभव बनाता है और इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संरचनाओं/अंगों को भी बचाना संभव होता है। यह टेक्नोलॉजी इस इलाके में कैंसर मरीजों के लिए वाकई बेहद महत्वपूर्ण और उपयोगी साबित होगी, और बेहतर ढंग से ट्यूमर का सफाया करने, मरीजों को तेजी से रिकवर होने तथा दीर्घकालिक परिणामों में सुधार लाने में सहायता करेगी।

डॉ रुचिर माहेचरी, डायरेक्टर – यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर ने कहा, कि रोबोट की मदद से सर्जरी अब कई प्रकार की यूरोलॉजिकल प्रक्रियाओं में ग्लोबल मानक बन चुकी है। दा विंची एक्सआई रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम के फोर्टिस मानेसर में उपलब्ध होने के बाद, आसपास के मरीज अपने घरों के आसपास ही वर्ल्ड-क्लास केयर का लाभ उठा सकते हैं।

डॉ निशा अग्रवाल, डायरेक्टर – ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनीकोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर ने कहा कि फाइब्रॉयड, एंडोमीट्रिऑसिस या गाइनीकोलॉजिकल कैंसर से पीड़ित महिलाओं के मामले में, रोबोटिक सर्जरी अधिक सुरक्षित, बेहतर उपचार तथा त्वरित रिकवरी के साथ-साथ कम-से-कम तकलीफ भी सुनिश्चित करती है। जैसे-जैसे लाइफस्टाइल संबंधी गाइनीकोलॉजिकल कंडीशंस बढ़ रही हैं, यह टेक्नोलॉजी अधिक सटीक सर्जरी का लाभ प्रदान करते हुए लाइफ क्वालिटी को भी सुरक्षित रखने में मददगार साबित होती है।

डॉ राकेश कुमार, एडिशनल डायरेक्टर – जनरल सर्जरी, फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर ने कहा, रोबोटिक एसिस्टेड सर्जरी में पेट संबंधी प्रक्रियाओं के दौरान हमें अभूतपूर्व नियंत्रण मिलता है। दा विंची ङ्क्ब रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम इस लिहाज से इस इलाके में सर्जिकल उत्कृष्टता के मामले में ऊंची छलांग है। अभिजीत सिंह, फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर ने कहा, ₹दा विंची एक्सआई रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम मानेसर जैसे प्रमुखता से उभर रहे क्षेत्रों के लिए एडवांस हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराने की फोर्टिस की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

### बार-बार समझाने पर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की गई कार्रवाई

# ग्रेफ 4 नियमों के उल्लंघन पर बीती रात 7 चालान, 10 हजार 500 सौ रुपये का जुर्माना

**औद्योगिक इकाइयों को भी संदेश अपनी कंपनी के बाहर तैनात गार्ड को हीटर उपलब्ध कराएं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



ग्रेप 4 के दौरान तंदूर जलाने वाले ढाबा संचालक का चालान करती नगर निगम की टीम

ग्रेप-4 के नियमों के सख्त अनुपालना को सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देशों पर नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निगम के स्पेशल सैनिटेशन ऑफिसर एशवीर सिंह ने बीती रात फिर स्वयं सड़कों पर उतरकर निरीक्षण किया और खुले में तंदूर जलाने तथा कूड़े में आग लगाने वाले लोगों को जागरूक किया गया जिन लोगों को पहले समझाया गया था उनके द्वारा फिर से नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया और उनका जुर्माना किया गया।

इस दौरान ग्रेप 4 के नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 7 लोगों के चालान किए गए। कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि कुछ लोग बायोमास ईंधन, लकड़ी एवं कोयले से तंदूर जला रहे थे, जबकि कुछ स्थानों पर खुले में कूड़ा जलाया जा रहा थाए। जिससे वायु प्रदूषण में वृद्धि हो रही थी। इसके अलावा उन्होंने औद्योगिक इकाइयों को भी सचेत किया है कि वह अपने कंपनी के बाहर तैनात गार्ड को सर्दी से बचाव के लिए हीटर उपलब्ध कराएं ताकि वह लकड़ी अथवा किसी अन्य ज्वलनशील पदार्थ से आग न जलाएं। सुबह के समय चाय बेचने वाले दुकानदारों को भी जागरूक करते हुए कहा कि वे अपनी दुकान के आगे किसी व्यक्ति को आग न जलाने दें, दुकान के आगे आग जलती हुई मिली या अवशेष मिले तो जुर्माना किया जाएगा। स्पेशल सैनिटेशन ऑफिसर एशवीर सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बायोमास ईंधन, लकड़ी और कोयले से तंदूर न जलाएं। नियमों का उल्लंघन करने पर पहली बार में 5 हजार रुपए का चालान किया जाएगा तथा नियम न मानने पर संबंधित प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। दूसरी बार पकड़े जाने पर 10 हजार रुपए का चालान लगाया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि खुले में गार्बेज न जलाएं, तंदूर न जलाएं और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में नगर निगम का सहयोग करें, ताकि प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सके ।

### यातायात जागरूकता कार्यक्रम में बिना हेलमेट बाइक चालकों को निःशुल्क हेलमेट दिए



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक अभियान जिंदगी के नाम कार्यक्रम के तहत फरीदाबाद में एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए, वहीं जिन बाइक चालकों के पास पूरे दस्तावेज मौजूद थे और जो ट्रैफिक नियमों का पूर्ण रूप से पालन कर रहे थे, उन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। लवित होटल के जनरल मैनेजर अश्विनी कुमार, समाजसेवी राकेश सुखवारिया ने सड़क पर खड़े होकर आम नागरिकों और वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों, हेलमेट की अनिवार्यता और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में फरीदाबाद ट्रैफिक थाना प्रभारी अनोज कुमार, इंस्पेक्टर सुनीता इंचार्ज कम्युनिटी पुलिसिंग, सेक्टर-16 पुलिस चौकी इंचार्ज राजेश, ट्रैफिक ताऊ, सुरेंद्र सिंह मनोज, दीनदयाल, रविंदर, राहुल सहित मौजूद रही। पुलिस अधिकारियों और टीम के सदस्यों ने लोगों को नशा मुक्ति, सडक़ सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर विस्तार से जानकारी दी।

### चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर जीता स्वर्ण पदक

# जू-जित्सु नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर लौटे भारत यादव को किया सम्मानित



रॉयल पब्लिक स्कूल में जू-जित्सु नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता भारत यादव को सम्मानित करते डॉ. विजय सिंह चौहान व अन्य अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

रॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र भारत यादव ने हल्द्वानी उत्तराखंड में आयोजित जू-जित्सु नेशनल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता है।

स्वर्ण पदक जीतकर लौटे भारत यादव का स्कूल में प्रधानाचार्य एवं संचालक डा. विजय सिंह चौहान ने बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया। साथ ही उसे सम्मानित भी किया। भारत यादव ने अंडर-16 वर्ग (40 किलोग्राम भार वर्ग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उनके शानदार प्रदर्शन के परिणामस्वरूप उन्हें आगामी इंटरनेशनल चैंपियनशिप के लिए भी चयनित किया गया है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संचालक डॉ. विजय सिंह चौहान ने भारत यादव का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र यादव (पिता), मास्टर होशियार सिंह, मनीष यादव (कोच), शुभम चौहान, श्याम मिश्रा एवं सोनू की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सूची जारी करने की मांग, धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

# डिफाल्टर सूची जारी न होने पर फॉर्च्यून रेजिडेंसी के निवासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

राजनगर एक्सटेंशन स्थित फॉर्च्यून रेजिडेंसी सोसायटी में गत वित्तीय वर्ष 2025 की डिफाल्टर सूची जारी न होने को लेकर सोसायटी के निवासियों में भारी नाराजगी है। इस संबंध में एक निवासी ने अध्यक्ष-सचिव कार्यरताकालातीत एओए को पत्र लिखकर तीन दिन के भीतर सूची जारी करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सोसायटी में ऐसे कई निवासी हैं जो सभी सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन मेंटेनेंस और बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

इन डिफाल्टरों की सूची पिछले कई महीनों से ई-मेल, सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से मांगी जा रही है, लेकिन अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई। निवासियों ने बताया कि सूची जारी न होने पर जिला अधिकारी से शिकायत की गई थी, जिस पर डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसायटी एवं चिट्स गाजियाबाद ने 4 दिसंबर 2025 को डिफाल्टर सूची जारी करने के आदेश भी दिए थे। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से सोसायटीवासियों में रोष व्याप्त है। पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि तीन दिनों के भीतर डिफाल्टर सूची जारी नहीं की गई तो 28 दिसंबर 2025, रविवार को सुबह 10 बजे से सोसायटी गेट के बाहर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी सोसायटी प्रबंधन की होगी।

### दुकानदार की बेरहमी से पिटाई, सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

कोतवाली थाना क्षेत्र के एनआईटी-1 में कपड़े की दुकान चलाने वाले एक युवक को दो लोगों ने बेरहमी से पीटा। मारपीट की यह घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। एसी नगर के रहने वाले विकास ने बताया कि वह एनआईटी-1 इलाके में कल्याण सिंह चौक पर कपड़े की दुकान चलाते हैं। मंगलवार को वह अपनी दुकान पर थे। रात करीब 8 बजे रितिक डागर और नितिन नाम के दो लोग उनकी दुकान में घुसे और उन्हें पीटना शुरू कर दिया।

दोनों ने विकास को बेरहमी से पीटा। इसके बाद वे उसे दुकान से बाहर खींच लाए।

### पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल ने किया लोगो का लोकार्पण

# शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप का आगाज एक जनवरी को जुटेंगे 12 देशों के खिलाड़ी, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



आगामी एक से तीन फरवरी तक नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को यहां राजनगर एक्सटेंशन में ऑफिशियल लोगो का अनावरण किया गया।

पूर्व राज्यसभा सदस्य। तथा अंतरराष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने लोगो का अनावरण किया। साथ ही उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि वर्ड कप में 12 देश के महिला व पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे । जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह प्रतियागिता दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में चलेगी। एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र तोमर ,शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जीत राज तोमर ,एशियन शूंटिंग बॉल फेडरेशन के कोषाध्यक्ष जयप्रकाश कदीयान,एशियन शूंटिंग बॉल फेडरेशन के कार्यकारी सदस्य डॉक्टर ओपी माचरा, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी, शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चैयरमैन अजय पाल प्रमुख, समाजसेवी अमरजीत सिंह बिड्डी, जिला शूटिंग बॉल संघ मेरठ के अध्यक्ष अंकित चौधरी आदि।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **लक्की भारद्वाज**, पुत्रः विजय भारद्वाज, निवासीः ए–17453, गली नंबर 07, गणेश नगर, शकरपुर, दिल्ली ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.16/2025 U/S 103(1)/3(5)/95/61(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023** के तहत एक मामला **थाना शाकरपुर, पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **लक्की भारद्वाज** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **लक्की भारद्वाज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.16/2025 U/S 103(1)/3(5)/95/61(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना शाकरपुर, पूर्वी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **लक्की भारद्वाज** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **10.02.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
न्यायालय नं.–03, पूर्वी जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/17294/ED/2025
(अदालती मामला)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल गुप्ता, पुत्र राजेन्द्र निवासी मकान नंबर एच-343, गली नंबर 02, सबोली एक्सटेंशन, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 670/2017, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल गुप्ता** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 670/2017, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 24.01.2026 को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
रीतिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, उत्तर-पश्चिम
कोर्ट नं.105, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/17327/OD/2025

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निविदा सूचना संख्या–14 दिनांक:22.12.25
ई–प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई–प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्ते वेबसाईट www.ner.indianrailways.gov. in & www.tendrs.gov.in पर देखा जा सकता है।

**क्र0 सं0: 1 निविदा संख्या एवं खुलने की तिथि:** 10259183 Dt. 16.01.2026 **मद का संक्षिप्त विवरण:** रेट्रो फिटमेंट ऑफ रिवाइज्ड WSP वायरिंग विथ मोडीफाईड जंक्शन इत्यादि। **मात्रा: 225 Set अर्नेस्ट मनी (रुपया):** 8,70,310/– 1 उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस के साइट http/www.ireps.gov.in पर स्थित है। जो पतिष्ठान इलेक्ट्रानिकली पंजीकृत है वे ई–टेण्डर में सम्मिलित हो सकते हैं। जो प्रतिष्ठान क्लास 3 डिजिटल सर्टिफिकेट नही प्राप्त किये है वे अधिकृत एजेन्सी जो भारत सरकार के द्वारा अधिकार पत्र आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत है उनसे प्राप्त कर सकते है। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। 2. आपूर्तिकर्तागण को यह सूचित किया जाता है कि उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर विज्ञापित निविदाएं एवं सभी बलेटिन निविदाएं केवल ईपीएस (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) द्वारा खोली जा रही है, जो भी प्रतिष्ठान उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/ डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर की निविदाओं के प्रति इच्छुक हो एवं भाग लेना चाहते हो उन्हे आवश्यक डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को CRIS/NEW DELHI. में पंजीकृत कराना होगा। इस सम्बंध में आवश्यक विस्तृत विवरण वेबसाइट http//www.ireps.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। 3. निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। 4. एलोकेशन शीर्ष निविदा प्रपत्र, जमानती धनराशि का 00844517 तथा बयाना धनराशि का 00084506 हैं। उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर द्वारा प्रकाशित ई0 निविदाओं का टेण्डर काश्ट तथा ईएमडी का भुगतान ऑन–लाइन IREPS PORTAL पर ही मान्य होगा जो दिनांक 01.09.2016 से या उनके बाद प्रकाशित निविदाओं पर प्रभावी होगा। यह Global tender पर प्रभावी नही होगा।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो
गोरखपुर

मुजाधि/स्टोर–68

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82(2)(ii) Cr.P.C देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गीता पत्नी संजय** निवासी – **GF और FF परिसर प्लॉट नंबर 509, इंद्रा मार्केट, नजफगढ़, नई दिल्ली** ने **CT No. 112/2023 U/S 135 भारतीय विद्युत अधिनियम** के तहत के अंतर्गत **थाना : बाबा हरि दास नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गीता** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गीता** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT No. 112/2023 U/S 135 भारतीय विद्युत अधिनियम, थाना : बाबा हरि दास नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गीता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 24.02.2026 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हरलीन सिंह, एडीएसजे;
दक्षिण पश्चिम, विशेष न्यायालय बिजली,
कमरा नंबर 609, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/17185/DW/2025
(court matter)

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज पंचकूला | बरवाला - गांव बरवाला, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में पंचायत घर का निर्माण (एमपीएलएडीएस) + 2 कार्य। | 22.12.2025 29.12.2025 | 24,14,767/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई नरवाना | कलायत जल सेवाएं उपमण्डल, कलायत के आरडी 0 से 67795 तक एस.पी. डिस्टी. की आंतरिक सफाई हेतु आकलन। | 22.12.2025 29.12.2025 | 5,92,446/- | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 3 | पंचायती राज रोहतक | गांव ककराना ब्लॉक कलानौर, जिला रोहतक में बस क्यू शेल्टर का निर्माण। | 22.12.2025 29.12.2025 | 2,22,495/- | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 4 | सीओई, पिनांगवान नूह बागवानी विभाग हरियाणा | वर्ष 2025-26 हेतु सीओई, पिनांगवान (नूह) में "प्याज पौध उत्पादन हेतु मेनियल कार्यों और जॉब रोल आधार पर अन्य केन्द्र कार्यों के लिए दर अनुबंध" हेतु पुनर्निविदा। | 26.12.2025 07.01.2026 | ईएमडी 30,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |
| 5 | सहायक मृदा संरक्षण अधिकारी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हिसार | गांव मंगाली अकलान/गांधीनगर/मंगाली ब्राह्मणान में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से सैलाइन भूमि और वाटरलॉग्ड सोइल का रिक्लेमेशन। | 23.12.2025 05.01.2026 | 79,37,498/- | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 ASCOHISAR@GMAIL.COM |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव कारी मोध में जुगती नाई के प्लॉट से हवा सिंह के मकान तक गली मेन फिरनी की पेवमेंट का निर्माण (प्लान 2025-2026 एससी कॉम्प.) + 1 कार्य। | 22.12.2025 31.12.2025 | 18,21,868/- | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | बागवानी विभाग भुना (फतेहाबाद) | स्वचालन इकाई और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की आपूर्ति व स्थापना हेतु ई-निविदा सूचना। | 26.12.2025 16.01.2026 | 1,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896389920 ddhbhuna@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/180/41450/I/88/7 दि. 24.12.25

## खबर संक्षेप

### रिश्वत लेते एसीबी ने पंचायत सचिव को दबोचा



**रांची।** केंद्र सरकार की गरीबों के लिए महत्वकनक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास मे भी भ्रष्टाचार होने लगी है। ताजा मामला झारखंड के हजारीबाग का है। यहां पर हुवाग पंचायत के सचिव प्रभु नारायण सिंह को पीएम आवास योजना में रिश्वतखोरी के आरोप में एसीबी की तीन में गिरफ्तार किया है। पंचायत सचिव की गिरफ़्तारी उस व्यक्त हुई जब इस योजना में लाभूक से पहली किश्त जारी करने के बादले रिश्वत की रकम ले रहा था।

### घोटाले में ठेकेदार पर 19.95 लाख का लगा जुर्माना



**शेखपुरा।** बिहार के शेखपुरा जिले में नल-जल योजना के तहत पंप ऑपरेटरों की बकाया मजदूरी रोकने वाले ठेकेदार के खिलाफ श्रम विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मजदूरी भुगतान में अनियमितता ठेकेदार को भारी पड़ गई। श्रम विभाग ने बकाया राशि के बदले दस गुना जुर्माना लगाते हुए भुगतान का आदेश दिया है। जिले के पीएचईडी विभाग से सभी ठेकेदारों और पंप ऑपरेटरों की सूची भी मांगी गई है। नल-जल योजना के पंप ऑपरेटर सुदर्शन कुमार ने ठेकेदार द्वारा मजदूरी नहीं दिए जाने की शिकायत जनता दरबार में की थी।

### बाइक-टेंपो की टक्कर में पांच लोग घायल, भर्ती



**हाजीपुर।** हाजीपुर–मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर काजीपुर थाना क्षेत्र के धोबघटी पेट्रोल पंप के पास टेंपो और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हाजीपुर में भर्ती कराया। दुर्घटना में कुल पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के बिदुपुर निवासी चंदन कुमार के 15 वर्षीय पुत्र आर्यन, नगर थाना क्षेत्र के जढुआ निवासी राजीव कुमार के 14 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार एवं अंकित कुमार, सराय थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद दिलावरपुर निवासी विनोद शाह के 28 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार तथा टेंपो चालक 50 वर्षीय विनोद दिशा के रूप में हुई है।

---

प्रतिमा विशेष कोरियन धातु से तैयार कर कोरिया से अयोध्या लाई गई

# रामनगरी में अयोध्या की राजकुमारी रहीं दक्षिण कोरिया की महारानी हो की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया गया

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या के रिश्ते दक्षिण कोरिया से और प्रगाढ़ होते जा रहे हैं। रामनगरी में बुधवार को अयोध्या की राजकुमारी रहीं दक्षिण कोरिया की महारानी हो की कांसे की प्रतिमा का अनावरण किया गया। अयोध्या के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने इसका अनावरण किया।

अयोध्या में बुधवार को दक्षिण कोरिया की महारानी हो की दस फीट ऊंची कांस्य की प्रतिमा का अनावरण किया गया। महारानी हो की कांसे की प्रतिमा का अनावरण दक्षिण कोरिया से भारत पहुंचे प्रतिनिधिमंडल को करना था, लेकिन खराब मौसम के कारण कोरिया का यह प्रतिनिधिमंडल अयोध्या नहीं पहुंच सका। इसके बाद महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने इसका अनावरण किया।

दक्षिण कोरिया की महारानी हो की दस फीट ऊंची कांस्य की प्रतिमा सोमवार को ही अयोध्या लाई गई और बुधवार को इसका अनावरण होना था। लेकिन मौसम खराब होने के कारण कोरिया का प्रतिनिधिमंडल अयोध्या नहीं पहुंच सका।

**खास बातें**

- दस फीट ऊंची कांस्य की प्रतिमा का अनावरण मेयर त्रिपाठी ने किया
- अयोध्या के माध्यम से प्रगाढ़ होते जा रहे हैं दक्षिण कोरिया और भारत के रिश्ते
- खराब मौसम के कारण नहीं पहुंचा दक्षिण कोरिया का प्रतिनिधिमंडल



### महारानी हो की स्मृति में अयोध्या में कोरिया पार्क

मान्यता है कि लगभग 2000 वर्ष पहले अयोध्या की राजकुमारी हो समुद्री मार्ग से कोरिया गई थीं। कोरिया में उनका विवाह करक वंश के राजकुमार से हुआ था। महारानी हो की स्मृति में अयोध्या में वर्ष 1999 में पार्क का शिलान्यास किया गया था। इसके बाद से विकास प्राधिकरण, नगर निगम और कोरिया के सहयोग से पार्क का लगातार विस्तार किया गया। अब पार्क को और अधिक सुंदर और आकर्षक बनाने का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

### भारत और कोरिया के रिश्तों को मजबूती

अयोध्या और दक्षिण कोरिया के प्राचीन संबंधों से भारत और कोरिया के रिश्तों को मजबूती मिल रही है। सरयू तट पर कोरिया मेमोरियल पार्क में अयोध्या की राजकुमारी सूरी रत्ना (कोरिया की महारानी हो) की दस फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा विशेष कोरियन धातु से तैयार कर कोरिया से अयोध्या लाई गई।

---

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री ने बोला तीखा हमला

# सीएम योगी बोले- नहीं सुधरे तो यमराज के दरवाजे खुले हैं, कभी भी बुलावा आ जाएगा

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। कानून-व्यवस्था, माफिया कार्रवाई और विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि यूपी अब सुधर चुका है। अपराधियों को चेताया कि नहीं सुधरे तो यमराज का बुलावा तय है।

एजेंसी:लखनऊ

आज यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र का चौथा और आखिरी दिन है। सीएम योगी ने विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा-हमें खुशी है कि हमने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्यों की सूची से बाहर निकाला है। आज प्रदेश में व्यापारियों से गुंडा टैक्स नहीं लिया जाता है। आज अगर कोई गुंडा किसी बेटी को छेड़ता है तो वो जानता है कि जल्द ही यमराज का बुलावा आ जाएगा।

अगर आबादी की भूमि पर या किसी सरकारी भूमि पर कोई माफिया कब्जा करके उसपर मॉल बनाकर, या वसूली का अड्डा बनाकर उसके माध्यम से अनैतिक, अवैध गतिविधियों का संचालन करके कोई छांगुर जैसा व्यक्ति वहां अनैतिक गतिविधियों का संचालन करेगा तो बुलडोजर भी चलेगा, उसको कोई रोक नहीं सकता।



### बांग्लादेश में हिंदू की हत्या पर चुप हैं गाजा पर आंसू बहाने

मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा-तुष्टिकरण की नीति के कारण ही पाकिस्तान और बांग्लादेश का निर्माण हुआ। बांग्लादेश में एक दलित हिंदू को पीटकर मार दिया गया लेकिन जो लोग गाजा पट्टी पर आंसू बहाते थे उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला क्योंकि उन लोगों के लिए दलित, किसान और महिलाएं सब एक वोट बैंक हैं। तुष्टिकरण की नीति के कारण बांग्लादेश का निर्माण हुआ है। अगर विभाजन न होता तो हिंदुओं पर अत्याचार न होता। जब हम लोग बांग्लादेश के अवैध प्रवासियों और रोहिंग्याओं का निकालेंगे तो यही लोग आंसू बहाएंगे क्योंकि इनमें से कई तो इन लोगों के वोट बैंक होंगे।

### हमने सरकारी योजनाओं की लूट को रोका

मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर हमला करते हुए कहा- हमने योजनाओं में जो लूट थी उसे रोका। सपा के लोग इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करते हैं। बड़े-बड़े दावे करते हैं। जेपीएनआईसी पौने दो सौ करोड़ का प्रोजेक्ट था 860 करोड़ खर्च हो जाने के बाद भी अधूरा है। गोमती रिवर फ्रंट 167 करोड़ का प्रोजेक्ट था 1400 करोड़ खर्च हो गए तब भी अधूरा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के सिविल वर्क के लिए 15 हजार 200 करोड़ रुपए तय किए गए थे हमने वहीं एक्सप्रेस वे 11 हजार 400 करोड़ रुपए में पूरा करके दिखा दिया। यही सपा के समय इंफ्रास्ट्रक्चर की सच्चाई है।

### यूपी में दंगा और अराजकता नहीं है'

मुख्यमंत्री योगी ने कहा- यूपी में दंगा और अराजकता नहीं है। दंगे का उपचार क्या है? इस बारे में बरेली के मौलाना से पूछ लीजिए। यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा। अब सब कुछ चंगा है। आपकी पार्टी से सदस्य चुनी गईं पूजा पाल को आपने न्याय नहीं दिलाया। क्योंकि, आपमें हिम्मत नहीं थी। माफिया के सामने झुकना मजबूरी थी। आप उन गुंडों और माफिया के सामने एक गरीब बेटी को न्याय नहीं दे पाए। क्या वो पीडीए की पार्ट नहीं थीं। बेटी चाहे उस पक्ष की या हमारे पक्ष की, हर हाल में न्याय मिलेगा।


### घटी विकास प्राधिकरण व आवास विकास परिषद के फ्लैट-प्लॉट की कीमतें

लखनऊ। विकास प्राधिकरण व आवास विकास परिषद की वर्षों से न बिकने वाली संपत्तियों (भवन-भूखंड या फ्लैट) की 25 प्रतिशत तक कीमतें घटने वाली है। सेल के माध्यम से संपत्तियों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण-परिषद आवंटियों को और भी राहत दे सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा मौजूदा ब्याज दर के साथ ही अन्य तरह के चार्जेज में कमी करने से प्राधिकरण-परिषद की नई योजनाओं की संपत्तियों के मूल्य में भी 10 से 15 प्रतिशत की कमी आएगी। दरअसल, अभी 26 वर्ष तक के पुराने शासनादेशों के माध्यम से ही विकास प्राधिकरण व परिषद की परिसंपत्तियों का मूल्य निर्धारित किया जाता है। परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में जहां 12 से 15 प्रतिशत तक की ब्याज दर रखी जाती है, वहीं 15 प्रतिशत कंटीजेंसी चार्ज तथा 10 से 15 प्रतिशत तक ओवर हेड चार्जेज शामिल होते हैं।

---

यूपी: पछुआ हवाओं से बढ़ी प्रदेश में गलन

# आज 27 जिलों के लिए जारी हुआ घने कोहरे का अलर्ट



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पहाड़ों पर गिरी बर्फ और वहां से आ रही गलन भरी उत्तरी- पछुआ हवाओं का असर उत्तर प्रदेश में देखने को मिला है। मौसम विभाग का कहना है कि ठंडी पछुआ हवाओं के असर से अगले दो-तीन दिनों में यूपी में दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी। बुधवार को पश्चिमी यूपी में गलन में इजाफा हुआ और कोहरे के घनत्व में भी कमी आई। वहीं पूर्वी यूपी और तराई में अभी घने कोहरे का प्रकोप बरकरार है। ऐसे कई इलाकों में दोपहर बाद धूप खिली।

### इन जिलों में सुबह दृश्यता रही शून्य

घने कोहरे की वजह से बुधवार को सुबह प्रयागराज, कानपुर, बरेली और सहारनपुर में दृश्यता शून्य हो गई।वहीं बहराइच में 20 मी., इटावा में 40 मी., अमेठी, अयोध्या, सोनभद्र और वाराणसी में 50 मीटर दृश्यता दर्ज हुई। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तराखंड और हिमांचल के पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के असर से गलन भरी उत्तरी-पछुआ हवाएं यूपी तक पहुंच रही हैं।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.c. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिज़वान पुत्र** दीन मोहम्मद **निवास**: E-361, गली नं. 3, श्री राम कॉलोनी, राज नगर, खजूरी खास, दिल्ली, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली ने **FIR No. 265/2022 U/s 379/411 IPC थाना: मधू विहार, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रिज़वान** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रिज़वान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 265/2022 U/s 379/411 IPC थाना: मधू विहार, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रिज़वान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री ऊधमव कुमार जैन
जेएमएफसी, कमरा नं. 13
दूसरा तल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17233/ED/2025
(Court Notice)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **कुन्दन, पुत्रः** प्रेम शर्मा, **पताः** मकान न. एफ–383, शाहबाद डेरी, दिल्ली, ने **FIR No.: 705/2016, U/s: 323/341/34 IPC, थानाः शाहबाद डेरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **कुन्दन,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **कुन्दन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 705/2016, U/s: 323/341/34 IPC, थानाः शाहबाद डेरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **कुन्दन,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
जिला उत्तर, कमरा न.–114, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/17086/ON/2025
(Court Matter)

---

## अयोध्या, वाराणसी, कानपुर, लखनऊ

# प्रयागराज से चार जिलों के लिए 6 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू



एजेंसी ▶▶ कानपुर

प्रयागराज में स्वच्छ, हरित एवं आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मंगलवार को लीडर रोड डिपो कार्यालय से चार जिलों के लिए छह इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया। बसें वाराणसी, अयोध्या, कानपुर एवं लखनऊ तक जाएंगी। रोडवेज के अधिकारियों ने बताया कि प्रयागराज-वाराणसी, अयोध्या, कानपुर एवं लखनऊ मार्ग पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं विश्वसनीय परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगा। इलेक्ट्रिक बसें शून्य उत्सर्जन तकनीक पर आधारित हैं, जिससे वायु प्रदूषण एवं ध्वनि प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही डीजल ईंधन पर निर्भरता घटेगी और ईंधन लागत में बचत होगी। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक किफायती, पर्यावरण अनुकूल एवं टिकाऊ बनाया जा सकेगा। यह पहल प्रदेश सरकार की स्वच्छ ऊर्जा नीति, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के लक्ष्यों के अनुरूप है। यह पहल प्रयागराज, अयोध्या एवं वाराणसी जैसे प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन नगरों के बीच आधुनिक व हरित परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

### इस अवसर पर कई अधिकारी उपस्थित रहे

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, प्रयागराज क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र कुमार सिंह, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त) शिव कुमार गुप्ता, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सिविल लाइंस डिपो डीके तिवारी, जयकरण, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रयाग डिपो प्रशांत दीक्षित समेत आरजी मोबिलिटी प्रबंधन के अधिकारी मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### कोरिडोरों पर एक नजर...

मेट्रो समयपालन, विश्वसनीयता और सुरक्षा जैसे एमआरटीएस के मुख्य मानकों में उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर शहर की जीवनरेखा बन गई है। वर्तमान में दिल्ली और एनसीआर में डीएमआरसी द्वारा लगभग 395 किमी लंबाई वाली कुल 12 मेट्रो लाइनों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें 289 स्टेशन शामिल हैं। आज, दिल्ली मेट्रो भारत का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है और दुनिया के सबसे बड़े मेट्रो नेटवर्कों में से भी एक है।

---

चोरों ने ऑक्सीजन पाइप को बनाया निशाना

# सदर अस्पताल में चोरों का दुस्साहस, काट ले गए मरीजों की जान बचाने वाला ऑक्सीजन पाइप

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सहरसा जिले के सदर अस्पताल में चोरों के हौसले अब मरीजों की जान पर भी सवार हो गए हैं। अज्ञात चोरों ने अस्पताल में मरीजों की जान बचाने वाले ऑक्सीजन पाइप को अपना निशाना बनाया और कीमती तांबे के पाइप को काटकर चोरी करने की कोशिश की। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया। मामले की शिकायत लेकर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एस.एस. मेहता मंगलवार की शाम सदर थाना पहुंचे और पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई। उपाधीक्षक डॉ. मेहता ने बताया कि चोर अस्पताल के बच्चा वार्ड के पीछे पोस्टमार्टम रूम की तरफ से घुसपैठ की। शातिर चोरों ने वहां लगे ग्रिल के नट को खोलकर अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद उन्होंने ऑक्सीजन सप्लाई के लिए लगे तांबे के पाइप को काटना शुरू किया। चोर कुछ पाइप काट चुके थे और उसे ले जाने की फिराक में थे। हालांकि, चोरी की इस घटना के दौरान गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड को संदिग्ध आवाजें सुनाई दीं।

---

**महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार**
**आईएसबीटी भवन, कश्मीरी गेट, नई दिल्ली, 110006**

लापता बच्चे / परिवार से बिछड़े बच्चे

| क्र. सं | विवरण | फोटोग्राफ |
|---|---|---|
| 1 | नामः आयुष (बच्चे द्वारा बताया गया नाम) लिंग पुल्लिंग जन्म तिथि/उम्रः लगभग 31/2 वर्ष। रंग-सांवला। यह बच्चा दिनांक 16/09/2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लावारिश मिला था। इस बच्चे के लिए DD No. 0063A दिनांकः 16/09/2025 थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में दर्ज की गई है। इस बच्चे ने sky blue रंग की टी-शर्ट और नीले रंग की निकर पहन रखी थी। इस बच्चे को बाल कल्याण समिति, मध्य दिल्ली में दिनांक 17/09/2025 को पेश किया गया था। बाल कल्याण समिति के आदेश से बच्चे का पालन-पोषण सेवा भारती मातृ छाया में हो रहा है। यह बच्चा अपने माता पिता का नाम शिवानी एवं अनुज बताता है। उल्लेखनीय है कि ये दोनों बच्चे सहोदर हैं। |  |
| 2. | नाम कार्तिक (आयुष द्वारा बताया गया नाम) लिंग पुल्लिंग जन्म तिथि/उम्र लगभग 2 वर्ष रंग-सांवला। यह बच्चा दिनांक 16/09/2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लावारिश मिला था। इस बच्चे के लिए DD No. 0063A दिनांकः 16/09/2025 थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में दर्ज की गई है। इस बच्चे ने नीले रंग की टी-शर्ट और हरे रंग की निकर पहन रखी थी। इस बच्चे को बाल कल्याण समिति, मध्य दिल्ली में दिनांकः 17/09/2025 को पेश किया गया था। बाल कल्याण समिति के आदेश से बच्चे का पालन-पोषण सेवा भारती मातृ छाया में हो रहा है उल्लेखनीय है कि ये दोनों बच्चे सहोदर हैं। |  |
| नोटः उपरोक्त बच्चों (Sr. no. 01-02) के अभिभावक/संरक्षक / रिस्तेदार नीचे दिये गये पतों पर संपर्क कर सकते हैं।<br>1. सेवा भारती मातृ छाया, 10455 बगीची अलाउद्दीन, गली न. 3. मोतिया खान, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110 055 दूरभाषः 9811259028, 9212538402, 011-44747839<br>2. जिला बाल संरक्षण ईकाई-1. सेवा कुटीर कम्पलैक्स, किंग्जवे कैम्प, दिल्ली-110 009 दूरभाषः 011-27655034 | | |
| 3. | नामः वीर (संस्था द्वारा दिया गया नाम) उम्र लगभग 8 माह रंगः गोरा। यह बच्चा दिनांक 27/01/2025 को एक महिला से बरामद किया था जो इसको अपना बच्चा बता रही थी। बच्चे ने लाल रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। इस बच्चे के लिए GD No. 0087 दिनांकः 27.01.2025 थाना संसद मार्ग में दर्ज की गई है। इस बच्चे को बाल कल्याण समिति-9 में दिनांकः 04.02.2025 को पेश किया गया था। बाल कल्याण समिति के आदेश से बच्चे का पालन-पोषण सेवा भारती मातृ छाया में हो रहा है। |  |
| 4. | बच्ची का नामः मनीषा, उम्र 6 वर्ष, 2 वर्ष (मिलने के समय), जन्मतिथि- 28/09/2019. 27/09/2021 को उसकी माँ लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती थी और बच्ची की देखभाल करने वाला कोई नहीं था। आगमन के समय, बच्ची का वजन 6.6 किलोग्राम, ऊँचाई 72 सेमी थी और बच्ची कुपोषित थी।<br>जीडी संख्या 0077A दिनांक-27/09/2021, थाना- मंदिरमार्ग। |  |
| नोटः उपरोक्त बच्चों के क्र.सं. 3.4 अभिभावक / संरक्षक / रिश्तेदार नीचे दिये गए पतों पर संपर्क कर सकते हैं।<br>1. सेवा भारती मातृ छाया, 10455 बगीची अलाउद्दीन, गली न. 3. मोतिया खान, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110 055 दूरभाषः 011-44747839, Mob. 9811259028<br>2. आशियाना, ए-7 निज़ामुद्दीनपश्चिम, फ़ोननंबर-011-43239200<br>3. जिला बाल संरक्षण ईकाई-11, डीएम कार्यालय, 12/3, जाम नगर हाउस, शाहजहां रोड़, नई दिल्ली-110 001 Mob.8920210779. | | |
| 5. | नामः एंजेल (होली फैमिली हॉस्पिटल द्वारा दिया गया नाम) उम्रः 1 महीना 19 दिन. रंगः गेहूंआ, लिंगः लड़की। 15.10.2025 को बच्ची यमुना एक्सप्रेस वे पर लावारिस हालत में मिली थी। होली फैमिली हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद, PS अधिकारी ने 22.10.2025 को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी-VIII के सामने मामला पेश किया और उनके आदेश पर बच्ची को देखभाल और सुरक्षा के लिए वेलफेयर होम फॉर चिल्ड्रन में रखा गया। |  |

नोटः उपरोक्त बच्चों के (क्र.सं. 5) अभिभावक / संरक्षक / रिश्तेदार नीचे दिये गए पतों पर संपर्क कर सकते हैं।
1. वेलफेयर होम फॉर चिल्ड्रेन 1-बी इन्स्टीट्यूशनल एरियासरिता विहार 110076, दूरभाषः 8860835349/011-6954150/269747023, email: welfare2007@gmail.com.
2. जिला बाल संरक्षण इकाई (दक्षिणपूर्व) कस्तूरबा निकेतन परिसर लाजपतनगर नई दिल्ली-110024 फोन नंबर 011-20887340 email no. dcpusoutheast00@gmail.com

हस्ताक्षर
निदेशक महिला एवं बाल विकास

**देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के बारे में चाइल्डलाइन (1098) पर सूचित करें।**

DIP/Shabdarth/Classified/0382/25-26

தமிழ்நாடு மத்தியப் பல்கலைக்கழகம்
**तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय**
**Central University of Tamil Nadu**
(Established by an Act of Parliament, 2009)
Neelakudi, Thiruvarur Tamil Nadu

**டெண்டர் அறிவிப்பு / निविदा सूचना / Tender Notice**

1. Expression of Interest for Appointment of Public Sector Undertaking / Government Organization under the purview of Rule 133(3) of the GFR 2017 as Project Management Agency (PMA) for Repair and Maintenance of Civil works at Central University of Tamil Nadu, Thiruvarur.
2. Creation of Aluminium partitioning for Dept. of Physics at C.V. Raman Block, Dept. of English at Rabindranath Tagore Block and Computer Based Testing centre (CBT) at Chozha Block & A.P.J. Abdul Kalam Block, CUTN, Thiruvarur. .

| டெண்டர் குறிப்பு எண் / निविदा संदर्भ सं./ Tender Ref. No.: | இறுதி தேதி & நேரம் / अंतिम तिथि एवं समय / Last date & Time: |
|---|---|
| 1. EOI No: CUTN/Estate/EoI/2025-26/02<br>2. CUTN/ENGG/CVL/Tender/2025-26/15 | Please see the CUTN website https://cutn.ac.in/tenders |

குறிப்பு / टिप्पणी / Note: மேலும் விவரங்களுக்கு CUTN இணையதளம் மற்றும் CPP போர்டல் பார்க்கவும்.
अधिक जानकारी के लिए कृपया तकेंवि की वेबसाइट www.cutn.ac.in और सीपीपी पोर्टल देखें।
For more details, please see the CUTN website www.cutn.ac.in and CPP portal.

-sd-
CBC21299/12/0014/2526
பதிவாளர் /कुलसचिव/REGISTRAR



किसी गंभीर दुर्घटना या बीमारी के कारण कई बार हमारी स्पाइन विकारग्रस्त हो जाती है। इसके ट्रीटमेंट में वेसलप्लास्टी तकनीक काफी प्रभावी सिद्ध हो रही है। इसकी विशेषताओं के बारे में एक्सपर्ट डॉ. यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# स्पाइन की कई समस्याओं से छुटकारा दिलाए वेसलप्लास्टी



ट्रीटमेंट
डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नारायणा विहार, नई दिल्ली



रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) से संबंधित कई समस्याओं के इलाज में वेसलप्लास्टी तकनीक, पीड़ितों के लिए नई उम्मीद की तरह विकसित हुई है। मौजूदा दौर में आमतौर पर पीड़ित व्यक्ति 'ओपन सर्जरी' से बचते हुए ऐसी सर्जरी कराने का इच्छुक रहता है, जिसमें कम से कम ऑपरेशन हो और जो सुरक्षित भी हो, इस कसौटी पर वेसलप्लास्टी खरी उतरती है।

**वेसलप्लास्टी की जरूरत:** तंत्रिका तंत्र का एक अभिन्न भाग रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) आपके शरीर को भी एक आकार प्रदान करती है, लेकिन कई बार दुर्घटनाओं या फिर बीमारियों के कारण जब यह विकारग्रस्त हो जाती है, तब कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं के संदर्भ में 'स्पाइनल कॉलम' और 'बर्टिब्रा' के बारे में जानना जरूरी है। गौरतलब है की रीढ़ की हड्डी की गर्दन से लेकर कमर के निचले भाग तक की पूरी संरचना को 'स्पाइनल कॉलम' कहा जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में अनेक कशेरूकाएं (वर्टिब्रा) होती हैं, जिन्हें 'वर्टिब्रल बोन' कहा जाता है, जिनसे रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) बनती है।



**संभव हैं ये दुष्प्रभाव:** सड़क दुर्घटनाओं के अलावा आघात या चोट लगने, ऊंचाई से गिरने, ऑस्टियोपोरोसिस (जरा-सा आघात लगने पर हड्डियों का टूट जाना या फ्रैक्चर होना) की समस्याएं, हड्डियों से संबंधित टीबी (बोन टीबी), रीढ़ की हड्डी में पस पड़ जाना और बोन कैंसर आदि के कारण 'वर्टिब्रल बोन' क्षतिग्रस्त या विकारग्रस्त हो सकती हैं। आमतौर पर ऐसी समस्याएं तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इनमें ये समस्याएं शामिल हैं-

- शारीरिक संतुलन स्थापित करने में दिक्कत।
- किसी भी तरह की संवेदना का एहसास करने में परेशानी।
- कई मामलों में मल और यूरिन पर नियंत्रण स्थापित न कर पाना।
- पक्षाघात या लकवा होने का जोखिम।

**तकनीक की प्रक्रिया:** वेसलप्लास्टी तकनीक की प्रक्रिया के अंतर्गत मरीज को 'लोकल एनेस्थीसिया' दिया जाता है और फिर इसके बाद उसके विकारग्रस्त या फ्रैक्चर्ड 'वर्टिब्रल बोन' के अंदर एक सूक्ष्म सुई डाली जाती है। इस सुई के आगे के भाग पर एक गुब्बारा (बैलून) लगा होता है। यह बैलून विकारग्रस्त 'वर्टिब्रल बोन' की विकृतियों को समाप्त कर देता है। इस प्रक्रिया के बाद इस बैलून में 'बोन सीमेंट' को भरते हैं, जिसके परिणामस्वरूप 'वर्टिब्रल बोन' के विकारों (डिफेक्ट्स) को दूर किया जाता है। बोन सीमेंट लगभग 15 मिनट के बाद वर्टिब्रल बोन पर अपना प्रभाव छोड़ती है। गौरतलब है कि बोन सीमेंट का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।

**वेसलप्लास्टी की विशेषताएं:** यह तकनीक अपनी कुछ विशेषताओं के कारण अपनाई जा रही है।

- इस तकनीक को अपनाने से मरीज की ओपन सर्जरी करने की जरूरत नहीं पड़ती। एक छोटे से चीरे से इस तकनीक की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाता है।
- संक्रमण का खतरा कम रहता है।
- कम से कम रक्तस्राव होता है।
- मरीज अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ करता है।
- रीढ़ की हड्डी की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए वेसलप्लास्टी के अलावा जो अन्य सर्जिकल प्रोसीजर अपनाएं जाते हैं, उनमें मरीज के विकारग्रस्त वर्टिब्रल बोन में इंप्लांट्स डालने की जरूरत पड़ती है, लेकिन वेसलप्लास्टी में इंप्लांट्स डालने की जरूरत नहीं होती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

आमतौर पर लोग अपनी फिजिकल हेल्थ पर तो ध्यान देते हैं लेकिन ब्रेन हेल्थ को इग्नोर करते हैं। जबकि ब्रेन हेल्थ हमारी पूरी मेंटल हेल्थ को कंट्रोल करता है। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि ब्रेन हेल्थ के लिए किन बैड हैबिट्स को छोड़ना और किन गुड हैबिट्स को अपनाना चाहिए। इस बारे में हम दे रहे हैं आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# आपका ब्रेन हेल्थ रहेगा परफेक्ट लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव

हेल्थ सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा





आमतौर पर अच्छे खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी तक, सब कुछ शरीर की अच्छी सेहत से जोड़कर देखा जाता है। नींद और आराम को भी शरीर की थकान उतारने का ही जरिया माना जाता है। जबकि जीवनशैली से जुड़ी यही बातें हमारे ब्रेन हेल्थ को भी गहराई से प्रभावित करती हैं। असंतुलित आहार हो या प्रकृति से दूरी, आराम करने में की गई कोताही हो या नकारात्मक विचारों का घेरा, मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव डालते हैं। ऐसी ही कुछ बातों का ध्यान रखने से दुरुस्त रहेगा ब्रेन हेल्थ।

## शारीरिक सक्रियता

फिजिकल एक्टिविटी केवल शरीर का मोटापा काबू में रखने में ही नहीं, ब्रेन फॉग से बचाने में भी मददगार बनती है। व्यायाम चाहे किसी भी रूप में किया जाए, शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी पॉजिटिव प्रभाव डालता है। नियमित शारीरिक एक्टिविटीज करना अवसाद और चिंता से बचाने वाली जीवनशैली से जोड़ता है। शारीरिक व्यायाम की मनोदशा सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका है। शारीरिक सक्रियता से शरीर को एंडोर्फिन हार्मोन मिलता है। यह हार्मोन शरीर का नेचुरल मूड लिफ्टर है। यही वजह है कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहना ओवरथिंकिंग और नेगेटिविटी पैदा करने वाले विचारों से भी दूर रखता है। ये दोनों ही बातें दिमागी सेहत की बेहतरी से भी जुड़ी होती हैं।

## संतुलित आहार

हमारे यहां तो कहा ही गया है कि 'जैसा खावें अन्न, वैसा हो मन।' हर आयुवर्ग के लोगों पर यह बात लागू होती है। समझना जरूरी है कि मन से ही मस्तिष्क भी जुड़ा है। ऐसे में हमारा भोजन शरीर ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। फलों-सब्जियों से भरपूर संतुलित आहार तो भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना गया है। ऐसी सुपाच्य चीजें बॉडी को भी सही पोषण देती हैं। वहीं खराब फूड हैबिट्स दिमाग से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन किसी काम पर फोकस ना कर पाना, सुस्ती, घबराहट और चिड़चिड़ेपन जैसी भावनाओं को बढ़ाता है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड, फास्ट फूड और शुगर युक्त ड्रिंक्स के सेवन से अवसाद और चिंता का जोखिम भी बढ़ता है। पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन जर्नल में छपे अध्ययन के मुताबिक नियमित रूप से फास्ट फूड का सेवन करने वाले लोगों में अवसाद विकसित होने की संभावना 51 प्रतिशत ज्यादा होती है। असल में प्रोसेस्ड फूड्स में शामिल शुगर और नमक की अधिक क्वांटिटी वाले फूड प्रोडक्ट्स बहुत स्वादिष्ट लगते हैं। इससे ना केवल इन्हें रेगुलर खाने की लत लग जाती है बल्कि ऐसे फूड प्रोडक्ट्स बॉडी में हार्मोनल और न्यूरो बायोलॉजिकल बदलाव का भी कारण बन सकते हैं। मौजूदा जीवनशैली में अत्यधिक नमक का सेवन याददाश्त और इंटेलिजेंस को कमजोर करने का अहम कारण माना जा रहा है। इसीलिए फिजिकल फिटनेस के लिए ही नहीं दिमाग की सेहत दुरुस्त रखने के लिए भी हेल्दी फूड्स का सेवन करना आवश्यक है।



## कुदरत से नजदीकी

आज के दौर में तकनीकी उपकरणों संग सीमित दायरे में बीत रहा समय हमें प्रकृति से दूर कर रहा है। प्रकृति के संपर्क में कमी को 'स्नेचर डेफिसिट डिसऑर्डर' कहा जाता है। यह डिसऑर्डर शरीर ही नहीं दिमाग की सेहत बिगाड़ने वाला भी है। समझना जरूरी है कि हरे-भरे परिवेश में सैर, योग या जॉगिंग करना शरीर को ही नहीं दिमाग को भी दुरुस्त रखता है। देखने में आता है कि अब फिजिकल एक्टिविटीज भी इंडोर ही की जाती हैं। घर-दफ्तर तो प्राकृतिक जुड़ाव से दूर हैं ही। ऐसे में इरादतन नेचर के करीब रहने का प्रयास किया जाना चाहिए। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के मुताबिक सप्ताह में कम से कम दो घंटे प्रकृति के करीब बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों बेहतर हो सकते हैं। हरे-भरे वातावरण में रहने से कोग्निटिव हेल्थ सुधरती है। रचनात्मक सोच बढ़ती है। मन प्रसन्न रहता है। मस्तिष्क ठहराव और सुकून महसूस करता है। ऐसी सभी बातें दिमाग को सक्रिय और स्वस्थ रखती हैं।



## नींद और आराम भी जरूरी

किसी भी काम, भागदौड़ या बिजी रुटीन के बाद शरीर की थकान कम करने के लिए अच्छी नींद लेने को कहा जाता है। हम सब समझते हैं कि यह फिजिकल थकान आराम करने से ही जाएगी। लेकिन यही बात दिमाग की थकान को लेकर नहीं सोची जाती। घंटों काम करने के बाद भी मन-मस्तिष्क को आराम नहीं दिया जाता। जबकि अच्छी नींद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। मूड को बेहतर करने के लिए ही नहीं डिसट्रेक्शन घटाने के लिए भी पर्याप्त नींद लेनी ही चाहिए। स्पष्ट देखा जा सकता है कि आज की आपाधापी भरी जीवनशैली में नींद की कमी भी अवसाद, चिंता और दूसरी मानसिक समस्याओं को बढ़ावा दे रही है। इतना ही नहीं ठीक से नींद ना लेना, स्ट्रेस मैनेजमेंट की क्षमता पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। शुरुआत में सही रुटीन बनाने और अच्छी नींद लेने की अहमियत नहीं समझी जाती और बाद में इंसान बाकायदा अनिद्रा की समस्या के घेरे में आ जाता है। गौरतलब है कि अवसाद के शिकार 90 प्रतिशत तक लोग अनिद्रा यानि इनसोमनिया की शिकायत करते हैं। असल में नींद की कमी से कोर्टिसॉल हार्मोन का लेवल बढ़ता है। ऐसे में समय पर सोने-जागने की दिनचर्या ना केवल तनाव और बेचैनी बढ़ाने वाले कोर्टिसॉल हार्मोन को नियंत्रित रखती है, बल्कि इमोशनल बैलेंस बनाए रखने में भी मदद करती है। *




डाइट एडवाइस / राजकुमार 'दिनकर'

# इनका करें नियमित सेवन इस मौसम में रहेंगे हेल्दी

सर्दी का मौसम अपने साथ बहुत सी समस्याएं लेकर आता है। वायरल इंफेक्शन, धीमी पाचन क्रिया, सर्दी-जुकाम, खांसी, रूखी त्वचा, धूप कम होने से लगातार ठंड लगना, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता, हृदय रोगियों के लिए कई तरह के खतरे, लगातार ठंड के कारण मनोदशा में उतार-चढ़ाव। सर्दी के साथ इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रकृति प्रदत्त अनेक खाने की चीजें फल, हरी सब्जियां, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ खाएं।

**मौसमी फल:** सर्दी के मौसम में अमरूद, कीवी, सेब, अनार, केला, संतरे, मौसंबी, पपीता और भी कई तरह के रसीले फल जो एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, इनका खूब सेवन करना चाहिए। ये हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं और शरीर को बाहरी संक्रमण से लड़ने के लिए तैयार करते हैं।



**साबूत अनाज:** मोटे और साबुत अनाजों को खाने और पचाने के लिए सर्दी का मौसम सबसे उपयुक्त होता है। ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, सोयाबीन, जई, जैसे पारंपरिक भारतीय अनाज को हम रोटी के रूप में या इनके खिचड़ी, दलिया, बनाकर उन्हें मेवों के साथ भी खा सकते हैं। ये अनाज हमारे शरीर को गर्मी देने के साथ-साथ पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं और ऊर्जा स्तर में भी सुधार करते हैं।

**गर्म पेय पदार्थ:** अदरक, लहसुन, कालीमिर्च, दालचीनी, हल्दी, अजवाइन और तुलसी ये सभी पारंपरिक जड़ी बूटियां और मसाले, सर्दी के मौसम में हमें विशेष तौर पर ठंड से बचाते हैं। ठंड लगने पर तुलसी, सौंफ और दूसरे मसालों से बनी चाय हमें राहत दिलाती है, पाचनक्रिया में सुधार करती है। वायरल संक्रमण से बचाकर हमारे फेफड़ों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। हल्दी वाला दूध, सब्जियों के सूप, शोरबा, गर्म पानी और काढ़ा, शरीर को ठंड से बचाते हैं। सर्दी के इस मौसम में गाजर, टमाटर, मिक्स सब्जियों का सूप भी हमें कब्ज से निजात दिलाकर पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां:** सर्दी के मौसम में मौसमी सब्जियां, भरपूर मात्रा में उपलब्ध होती हैं। शकरकंद, पालक, मेथी, सरसों, बथुआ, मूली, चुकंदर, शलजम, गाजर, सोया साग, गांठ गोभी, जैसी सब्जियां प्राकृतिक रूप से खनिज लवणों से भरपूर होती हैं। गर्म तासीर वाली इन सब्जियों में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फाइबर, बीटा कैरोटीन, विटामिन के और महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो रक्त में हिमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाकर शरीर में आयरन की कमी पूरा करते हैं। *



## खबर संक्षेप

### रायपुर में जनवरी से लागू होगा पुलिस कमिश्नर सिस्टम

**रायपुर ।** राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की दिशा में राज्य सरकार ने तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं। इसके लिए संबंधित अधिनियम में संशोधन किया जा रहा है, जिसे अध्यादेश के माध्यम से लागू किए जाने की संभावना है। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार 31 दिसंबर को होने वाली राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस अध्यादेश पर मुहर लग सकती है। यदि सब कुछ तय योजना के अनुसार रहा, तो जनवरी 2026 में राजधानी में पुलिस कमिश्नरी सिस्टम लागू कर दिया जाएगा। शुरुआत में एक जनवरी से ही पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने की चर्चा थी, लेकिन प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण इसमें कुछ विलंब हो सकता है। हालांकि यह लगभग तय माना जा रहा है कि जनवरी महीने के भीतर ही रायपुर में नया सिस्टम प्रभावी हो जाएगा।

### निवेशकों से 10 हजार करोड़ के विभाग को मिले प्रस्तावः मंत्री लोधी

**नई दिल्ली ।** प्रदेश सरकार मप्र के विजन के रूप में कार्य कर रही है। लगातार नवाचार हो रहे हैं। नई पर्यटन नीति से पर्यटकों को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश में निवेशकों से 10 हजार करोड़ के विभाग को प्रस्ताव मिले हैं। यह बात संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उन्होंने कहा कि पीएम श्री वायु सेवा से पर्यटन और धार्मिक स्थलों को जोड़ा गया है। इस योजना के तहत एक साल में 10 हजार लोगों ने इसका लाभ उठाया है। लोधी ने बताया कि नई फिल्म नीति से प्रदेश फिल्म निर्माताओं का हब बनेगा। 450 फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है, जबकि जल्द ही अच्छी फिल्मों की भी शूटिंग होगी। उन्होंने पीएम श्री वायुसेवा को मील का पत्थर बनाया। उन्होंने बताया कि मप्र में तीन वर्ल्ड हेरिटेज साइड हैं। सांची, खजुराहों और भीमबेटका। 2028 तक इसमें प्रदेश की 15 साइड बढ़ जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 400 होम स्टे संचालित हो रहे हैं। विभाग ने 1000 बनाने का लक्ष्य रखा है। इससे ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिल रहा है।

### मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्रवाई ऑनलाइन होगी

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्रवाई अब ऑनलाइन होगी। राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन के तहत मंगलवार को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में विधायकों को संसदीय कार्य मंत्रालय दिल्ली के विशेषज्ञों ने ट्रेनिंग दी। इस ट्रेनिंग में 74 विधायक ही शामिल हुए। प्रशिक्षण के बाद जौरा से कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि ट्रेनिंग में विधायकों को बुलाया, लेकिन कई विधायकों को ऐसा लगा कि जो डेटा इन्हें भरना था, वो पूरा डेटा ही नहीं था। ये विधानसभा की बहुत सामान्य चीज है। वो बता रहे थे कि ऐसा होगा। यदि पूरी तैयारी के साथ ट्रेनिंग होती तो ज्यादा सार्थक होती। ऐसा लगा जैसे खाली कॉपी ले आए और उसमें पन्ना पलटना सिखाया। कई विधायकों के ट्रेनिंग में न आने पर जौरा विधायक ने कहा कि कांग्रेस के बड़ी संख्या में विधायक आए।

---

पूर्व प्रधानमंत्री और महान राजनेता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, जिनका जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, वे भारत में सुशासन के प्रतीक के रूप में स्मरण किए जाते हैं। उनका शासन मॉडल वैचारिक प्रतिबद्धताओं और व्यवहारिक, समावेशी तथा जन-केंद्रित प्रशासन के संतुलन से परिपूर्ण था। उनका दृढ़ विश्वास था कि शासन का उद्देश्य लोगों के जीवन में सुधार लाना और विशेष रूप से गरीबों तथा वंचितों का कल्याण सुनिश्चित करना है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का हरियाणा से विशेष लगाव था।

# सुशासन की राह पर अग्रसर हरियाणा




**जयंती विशेष**
नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

सुशासन दिवस के अवसर पर मैं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सादर नमन करता हूं, जो सुशासन और जन-कल्याण के आदर्श प्रतीक रहे हैं। सुशासन—जिसका मूल अर्थ है समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सार्वजनिक कार्यों और संसाधनों का प्रभावी, पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी प्रबंधन। हरियाणा सरकार का मूल मंत्र भी यही रहा है और आज भी बना हुआ है। ई-गवर्नेंस के मार्ग पर चलते हुए, बीते ग्यारह वर्षों में हमारी सरकार द्वारा प्रशासन के आधुनिकीकरण, समयबद्ध और बाधारहित सेवा वितरण सुनिश्चित करने तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री और महान राजनेता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, जिनका जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, वे भारत में सुशासन के प्रतीक के रूप में स्मरण किए जाते हैं।

उनका शासन मॉडल वैचारिक प्रतिबद्धताओं और व्यवहारिक, समावेशी तथा जन-केंद्रित प्रशासन के संतुलन से परिपूर्ण था। उनका दृढ़ विश्वास था कि शासन का उद्देश्य लोगों के जीवन में सुधार लाना और विशेष रूप से गरीबों तथा वंचितों का कल्याण सुनिश्चित करना है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का हरियाणा से विशेष लगाव था। उन्होंने विभिन्न अवसरों पर हरियाणा का दौरा और प्रवास किया। यह बड़े ही संयोग की बात है कि 24 दिसंबर, 1987 के ही दिन भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए भी पधारे थे। भारत रत्न वाजपेयी की सोच से प्रेरणा लेते हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस दृष्टिकोण से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए-जिसके अनुसार सुशासन के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी आवश्यक है तथा ई-गवर्नेंस इसका प्रमुख साधन है-हरियाणा सरकार ने व्यापक नीतियों में सुधार किए हैं।

इन सुधारों का उद्देश्य प्रशासन को जनता की आवश्यकताओं और सुविधा के अनुरूप बनाना, सेवाओं को उनके द्वार तक पहुंचाना, सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराना, भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करना तथा दलालों और बिचौलियों को पूरी तरह समाप्त करना है। हमारा मानना है कि नीतिगत निर्णय हितधारकों की नब्ज टटोलने के बाद लिए जाते हैं। सार्वजनिक हित की सेवा के लिए कानून के शासन और सहभागिता के सिद्धांतों का उपयोग करते हुए निर्णय लिए जाते हैं, जिससे समान विकास और नागरिकों का सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। ऐसे वातावरण के निर्माण के प्रयास किए गए हैं जिसमें सभी नागरिकों—विशेषकर पिछड़े वर्गों- को अपनी बात रखने का अवसर मिले और उन्हें समान अवसर प्राप्त हों। राज्य सरकार जनता की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सामान्य व्यक्ति के लिए



जीवन को सरल बनाना और उद्योग के लिए कारोबार करना आसान बनाना हमारा लक्ष्य है। भारत को ई-गवर्नेंस के माध्यम से रूपांतरित करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना को साकार करने और लोगों तथा कल्याणकारी योजनाओं के बीच की दूरी को शून्य करने के लिए अनेक ई-हस्तक्षेप किए गए हैं जिससे आज हरियाणा में अधिकांश सेवाएं केवल एक क्लिक की दूरी पर हैं।

सुशासन सुधारों ने लोगों को उनके घर बैठे या नजदीकी सामुदायिक सेवा केंद्रों पर जाकर सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। प्रमुख योजना परिवार पहचान-पत्र (पीपीपी) के माध्यम से अब अधिकांश योजनाओं का लाभ स्वतः लोगों तक पहुंच रहा है और डीबीटी योजना के तहत राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा हो रही है। जैसे ही कोई व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक बनता है, उसकी पेंशन स्वतः खाते में जमा हो जाती है, संपत्ति के सौदे ऑनलाइन पंजीकृत किए जा रहे हैं (अब तक 50,000 हो चुके हैं), किसानों को खरीदी गई फसलों का भुगतान अब 72 घंटों के बजाय 48 घंटों में मिल रहा है, और सभी कर्मचारियों के स्थानांतरण ऑनलाइन किए जा रहे हैं। वर्षों से अनसुलझे मामलों को सुलझाने में सक्षम फोरेंसिक व्यवस्था से लेकर एआई-सक्षम आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों तक, महिलाओं की सुरक्षा पहलों से लेकर परिणामोन्मुख साइबर अपराध नियंत्रण तक-हरियाणा पुलिस मानवीय दृष्टिकोण के साथ नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग में नए मानक स्थापित कर रही है।

नवाचार, पारदर्शिता और नागरिक-प्रथम रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हरियाणा पुलिस ने अगस्त 2025 में राष्ट्रीय प्रदर्शन रैंकिंग में 100 का पूर्ण स्कोर प्राप्त किया है और अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। ये पहलें अलग-थलग प्रयास नहीं हैं, बल्कि वे उस व्यापक दृष्टि का हिस्सा हैं जिसके अंतर्गत सेवा वितरण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक को एक उपकरण के रूप में अपनाया गया है, ताकि सेवा प्राप्त करने वाले और सेवा देने वाले के बीच का संपर्क न्यूनतम हो। हरियाणा का तकनीक-संचालित शासन मॉडल दर्शाता है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म किस प्रकार जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए नागरिकों को सशक्त बना सकते हैं। भूमि और राजस्व अभिलेखों का आधुनिकीकरण एक मील का पत्थर साबित हुआ है। करोड़ों पृष्ठों के राजस्व अभिलेखों को स्कैन, सत्यापित और डिजिटाइज करके हरियाणा ने न केवल महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संरक्षित किया है, बल्कि नागरिकों के लिए उनकी आसान उपलब्धता भी सुनिश्चित की है। इससे विवादों और मुकदमों में कमी आई है, विश्वास बढ़ा है और प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक सुव्यवस्थित हुई हैं।

आधुनिक राजस्व रिकॉर्ड कक्षों की स्थापना से संस्थागत क्षमता और मजबूत हुई है। पंजीकरण सेवाओं के डिजिटलीकरण और ई-स्टांपिंग प्रणाली के कारण नागरिकों को त्वरित सेवाएं, कम कागजी कार्रवाई और अधिक जवाबदेही का अनुभव हो रहा है। प्रभावी भूमि शासन आर्थिक स्थिरता और सामाजिक न्याय की आधारशिला है। भूमि स्वामित्व को आर्थिक समावेशन और ग्रामीण विकास का एक महत्वपूर्ण कारक मानते हुए, हरियाणा ने स्वामित्व योजना लागू की है, जो संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित करने की एक परिवर्तनकारी पहल है। संपत्ति कार्ड जारी होने से भूमि मालिकों को संस्थागत ऋण तक पहुंच मिली है। यह सुधार न केवल आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है, बल्कि परिवारों के लिए कानूनी निश्चितता और सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत करता है। चूंकि सुशासन पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित होता है, हरियाणा ने प्रशासनिक प्रणालियों को अधिक पारदर्शी, सुलभ और नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। पंजीकरण कार्यालयों का आधुनिकीकरण किया गया है और ई-दिशा केंद्रों के माध्यम से सेवाओं का विकेंद्रीकरण कर उन्हें घरों के नजदीक लाया गया है। वेब-आधारित प्लेटफॉर्म की शुरुआत से कार्य के जल्द निपटान में तीव्रता आई है और निगरानी में सुधार हुआ है। अब नागरिक अपने आवेदनों की स्थिति देख सकते हैं, अभिलेखों तक पहुंच सकते हैं और अनावश्यक प्रशासनिक बाधाओं के बिना सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। निस्संदेह, इन सुधारों ने जनता और सरकार को और करीब लाया है।

सार्वजनिक प्रशासन में उत्कृष्टता और नवाचार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, हरियाणा सरकार ने हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2025 शुरू की है, ताकि असाधारण समर्पण और नवाचारी कार्यशैली का प्रदर्शन करने वाले सरकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहन और सम्मान दिया जा सके।

यह तो केवल हरियाणा सरकार की ओर से एक शुरुआत है। राज्य सरकार जनता की बेहतर सेवा के लिए सुधारों की गति को और तेज करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हरियाणा सुशासन के राजमार्ग पर आगे बढ़ रहा है, और इस विकास यात्रा को यूं ही नभ शिखर की ओर ले जाने के लिए हमारी सरकार संकल्प शक्ति से विकास समृद्धि की ओर कदम दर कदम आगे बढ़ती जाएगी। हमारा संकल्प ही हमारा सुशासन है। राज्य के विकास और पारदर्शी शासन को सफल बनाने में आपका सहयोग अपेक्षित है।

---

अटल जनसेवा को समर्पित दौड़ को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिखाई हरी झंडी

## नशे के खिलाफ पुलिस की भूमिका सराहनीय महिला कर्मियों की संख्या 25% करने का लक्ष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित यवनिका पार्क से हरियाणा पुलिस के बैच संख्या-93 के जवानों द्वारा आयोजित अटल जनसेवा को समर्पित दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की स्मृति में आयोजित यह दौड़ एकता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना का प्रेरणास्पद प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में हरियाणा पुलिस में महिलाओं की भागीदारी मात्र 3 प्रतिशत थी, जो आज बढ़कर 10 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। राज्य सरकार ने इसे आगामी वर्षों में 25 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक अभियान में हरियाणा पुलिस की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।

■ पुलिस के जवानों ने उत्साह से हिस्सा लिया



### समाज को जागरूक करेंगे जवान : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि नव प्रशिक्षित जवान इस अभियान के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौड़ 39 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण की सफल पूर्णता का प्रमाण है तथा पुलिसिंग और कर्मयोगी पाठ्यक्रम के उन मूल्यों को व्यवहार में उतारने की शुरुआत है, जिन्हें जवानों ने प्रशिक्षण के दौरान आत्मसात किया है। इस दौड़ में ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए 4,252 जवान तथा शहरी पृष्ठभूमि के 809 जवान एक साथ कदमताल कर रहे हैं, जो पूरे हरियाणा की सामाजिक एकता और समरसता का सशक्त संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैच की एक और उल्लेखनीय विशेषता यह है कि लगभग 85 प्रतिशत जवान स्नातक एवं स्नातकोत्तर हैं। इनमें से 2,390 जवान (50 प्रतिशत से अधिक) 26 वर्ष से कम आयु के हैं, जो हरियाणा पुलिस में नई ऊर्जा, आधुनिक दृष्टिकोण और कार्यकुशलता का संचार करेंगे।

### 1356 जवानों ने रक्तदान किया

उन्होंने कहा कि यह दौड़ केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि योग, पी.टी. एवं आत्मरक्षा जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से विकसित आत्मबल और अनुशासन का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि इन जवानों ने 9 अप्रैल 2025 को उत्साहपूर्वक 1356 यूनिट रक्तदान कर समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया।इस अवसर पर कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, पूर्व विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह, हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिंदर सिंह चावला, उपयुक्त सतपाल शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन, भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष, बंतो कटारिया, ओम प्रकाश देवीनगर, दीपक शर्मा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

---

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया भक्तों को प्रसाद का वितरण



भक्तों को प्रसाद वितरित करते केंद्रीय मंत्री नड्डा व सीएम डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंगलवार को प्रातः काल महाकाल मंदिर पहुंचकर महाकाल का पंचामृत अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेश और देश की जनता की सुख समृद्धि की कामना की। महाकाल मंदिर समिति की ओर से नड्डा, मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों का शॉल, श्रीफल, प्रसाद भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। बाबा महाकाल के दर्शन के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल अन्न क्षेत्र में भक्तजनों को प्रसाद वितरण कर स्वयं भी प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर मप्र के प्रभारी महेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## जवानों ने बरामद किया हथियारों का जखीरा

**रायपुर ।** जिले के मेटागुड़ा इलाके में जवानों ने माओवादियों द्वारा छिपाए हथियारों का जखीरा बरामद किया है। ये हथियार माओवादियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से छिपा रखा था।
पिछले दो साल से लगातार माओवादियों पर दबाव बनाया जा रहा है, जिसके कारण आए दिन जवानों को सफलताएं मिल रही हैं। सभी बरामद हथियार को कैंप लाया गया। खबर की पुष्टि करते हुए एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि माओवादियों के पास एकमात्र विकल्प आत्मसमर्पण बचा है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि मेटागुड़ा कैंप से कुछ ही दूरी पर स्थित बोटेतोंग के जंगल में माओवादियों द्वारा हथियार डंप किया गया। ये हथियार माओवादी जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से रखे थे, लेकिन जवानों ने उनकी मंशा पर पानी फेरते हुए हथियार बरामद कर लिए।




---


ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए नॉट इंस्ट्रेटेड माननीय, सिर्फ 74 विधायक ही पहुंचे विधानसभा में हुए कार्यक्रम में

## विधायक ने अफसरों पर किया तंजः ऐसा लगा जैसे खाली कॉपी ले आए और उसमें पन्ना पलटना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्रवाई अब ऑनलाइन होगी। राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन के तहत मंगलवार को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में विधायकों को संसदीय कार्य मंत्रालय दिल्ली के विशेषज्ञों ने ट्रेनिंग दी। इस ट्रेनिंग में 74 विधायक ही शामिल हुए। प्रशिक्षण के बाद जौरा से कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि ट्रेनिंग में विधायकों को बुलाया, लेकिन कई विधायकों को ऐसा लगा कि जो डेटा इन्हें भरना था, वो पूरा डेटा ही नहीं था। ये विधानसभा की बहुत सामान्य चीज है। वो बता रहे थे कि ऐसा होगा। यदि पूरी तैयारी के साथ ट्रेनिंग होती तो ज्यादा सार्थक होती।

ऐसा लगा जैसे खाली कॉपी ले आए और उसमें पन्ना पलटना सिखाया। कई विधायकों के ट्रेनिंग में न आने पर जौरा विधायक ने कहा कि कांग्रेस के बड़ी संख्या में विधायक आए। सरकार के लोगों को विश्वास है या नहीं मुझे नहीं पता। उनके काम सरलता से हो रहे हैं, ये लोग चाहते ही नहीं हैं कि सदन चले। भाजपा के साथी मानसिक रूप से तैयार हैं कि सदन चलना ही नहीं हैं तो ट्रेनिंग लेने का कोई लाभ नहीं है।




प्रशिक्षण में उपस्थित विधायक।

### पेपरलेस विधानसभा से किसे, क्या होगा फायदा ?

1. विधायकों को क्या फायदा होगा?
कागज के भारी बंडल से मुक्ति मिलेगी।
प्रश्न और प्रस्ताव जल्दी और आसानी से भेज सकेंगे।
पुराने सवाल, जवाब और दस्तावेज एक क्लिक पर मिलेंगे।
मतदान और उपस्थिति में आसानी होगी।
पर्यावरण संरक्षण (कागज की बचत) होगी।
व्यक्तिगत विधायी रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा।
2. विधानसभा सचिवालय को क्या लाभ होगा?
कामकाज में तेजी और सटीकता रहेगी।
फाइल प्रबंधन और रिकॉर्ड संधारण आसान होगा। कर्मचारियों का समय और मेहनत बचेगी
सूचना की खोज और साझा करना आसान होगा। सदन संचालन में तकनीकी दक्षता ।
3. आम जनता को फायदा? विधानसभा की कार्यवाही में अधिक पारदर्शिता। प्रश्नों, विधेयकों और निर्णयों तक डिजिटल पहुंच। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ेगा।

### इन विधायकों व मंत्रियों ने प्रशिक्षण को बताया अहम

▶▶ मैंने यह कहा है कि सदन की नियम प्रक्रियाओं से हटकर इसमें हमें क्या विशेष लाभ मिलेंगे। मैंने यह विषय भी रखा कि विधायक जो पत्र लिखते हैं, उन पर कब क्या कार्रवाई हुई, ये जानकारी भी इसमें मिलनी चाहिए।
**उमाकांत शर्मा, सिरोंज**

▶▶ नेवा एप्लिकेशन के माध्यम से हमारी विधानसभा पेपरलेस होने जा रही है। उस संदर्भ में आज सभी विधायकों का प्रशिक्षण था। विधानसभा की कार्रवाई का संचालन अब टेबलेट के माध्यम से किया जाएगा। प्रश्न लगाने और उनके उत्तर के अलावा मत विभाजन में वोट देने की पूरी प्रक्रिया सिखाई गई। डिजिटल युग में पेपरलेस काम होना चाहिए। देश भर की 37 विधानसभाओं में इस दिशा में आगे बढ़ रही है। तो मप्र विधानसभा भी डिजिटल हो रही है। ये हमारे लिए एक बेहतर अनुभव है।
**कृष्णा गौर, राज्यमंत्री**

▶▶ इस व्यवस्था के लागू होने के बाद क्या जवाब देने की प्रक्रिया ऑफलाइन भी रहेगी या सिर्फ ऑनलाइन ही रहेगी। यूपी सहित कई विधानसभाओं की कार्रवाई लाइव है। क्या हमारी भी कार्रवाई लाइव होगी। इसमें लाइव स्ट्रीमिंग कराने का ऑप्शन है।
**अभिजीत शाह, टिमरनी**

▶▶ डेली कुछ नया सीखने को मिलता है। हमें रोज सीखना भी चाहिए, आज की ट्रेनिंग बहुत अच्छी रही। हम इसका भरपूर उपयोग करेंगे।
**प्रियंका मीणा, चाचौड़ा**


▶▶ ये प्रजेंटेशन अधूरा है। ऐसा लग रहा है, खाली किताब रख दी गई है?
**पंकज उपाध्याय, जौरा**

## चिंतन

# हवाई सुरक्षा की ओर देश के मजबूत कदम

भारत ने आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का सफल ट्रायल कर हवाई सुरक्षा की ओर मजबूती से कदम बढ़ा दिए हैं। यह एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से स्वदेशी है। यह एक साथ कई हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता रखता है। इसमें अपने ही देश के आरएफ सीकर, सॉलिड रॉकेट मोटर और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। इससे वायुसेना और थलसेना को और मजबूती मिलेगी। आकाश मिसाइल की जो प्रणाली है वह बहुत हाईटेक है। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम ने हर तरह के हवाई खतरों के खिलाफ अपनी बेहतरीन सटीकता साबित की। यह लंबी दूरी और अधिक ऊंचाई पर मौजूद टारगेट्स को दमदार ढंग से भेदने में सफल रहा। हवाई भिड़ंत के विकास की संभावनाएं बहुत हैं, जो रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाएंगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का कहना है कि ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीकता से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और ऊंचाई में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है। इसके पास एक साथ 10 टारगेट को तबाह करने की क्षमता है। भारत की हवाई और जमीनी सुरक्षा को मजबूत करने के नजरिए से विकसित की गई इस मिसाइल की रेंज, स्पीड और रिस्पॉन्स पॉवर पहले से कहीं ज्यादा है। बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद पाकिस्तान की ओर से भारत पर हवाई हमले किए गए थे, इन हमलों को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की आकाश मिसाइलों ने ही नाकाम किया था। अब यह एयर डिफेंस सिस्टम का यह आधुनिक वर्जन पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली है। बता दें कि भारत के पास कई उन्नत डिफेंस सिस्टम हैं जो देश की सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। इनमें रूस से प्राप्त एस-400 ट्रायम्फ प्रणाली भारत की सबसे शक्तिशाली एयर डिफेंस प्रणालियों में एक है, इसकी रेंज 400 किमी तक है। आकाश मिसाइल सिस्टम एक मध्यम दूरी की, सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम है, जिसकी रेंज 25-30 किमी है। एक और बराक-8 को भारत और इजरायल ने मिलकर विकसित किया है, जिसकी रेंज 70 किमी. तक है। वहीं, बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) सिस्टम इसे पृथ्वी एयर डिफेंस (पीएडी) और एडवांस एयर डिफेंस (एएडी) के रूप में जाना जाता है, जो बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में सक्षम है। स्पाइडर एयर डिफेंस सिस्टम भी एक शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसकी रेंज 15-20 किमी तक है। दूसरी तरफ, कुशा एयर डिफेंस सिस्टम एक स्वदेशी लंबी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जिसकी रेंज 500 किमी से अधिक है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि अब आकाश-एनजी की सफलता से न केवल भारत की रक्षा तैयारियां और मजबूत होंगी, बल्कि स्वदेशी रक्षा अनुसंधान को भी नई दिशा और गति मिलेगी।

# सदैव-अटल



जन्मदिवस विशेष

शिवप्रकाश

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी का यह शताब्दी वर्ष है। 25 दिसंबर 1924 को उनका जन्म ग्वालियर मध्य प्रदेश में माता श्रीमती कृष्णा देवी एवं पिता श्री कृष्ण बिहारी वाजपेयी के परिवार में हुआ था। 16 अगस्त 2018 को वह अपनी इहलीला पूर्ण कर स्वर्गवासी हो गए। अपनी आयु के 94 वर्ष की इस कालावधि में जिया गया उद्देश्यपूर्ण जीवन आज भी समस्त देश के लिए अनुकरणीय है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन मेधावी छात्र, प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता सेनानी, संवेदनशील पत्रकार, भाषा स्वाभिमानी, निर्भीक एवं कुशल प्रशासक, राष्ट्रीय अखंडता एवं संस्कृति के अनन्य पुजारी जैसे गुणों का समुच्चय था। अपने इन्हीं गुणों के कारण वे केवल अपने प्रशंसकों में ही नहीं, वरन अपने विरोधियो के दिलों पर भी राज़ करते थे। उनके गुणों से प्रभावित होकर रूस के राष्ट्रपति श्री ब्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि "वह एक उत्कृष्ट राजनेता थे। उनका नाम भारतीय राजनीति में एक पूरे युग के साथ जुड़ा हुआ है।"

श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन राष्ट्र की अखंडता एवं एकात्मता के लिए समर्पित था। भारत के साथ कश्मीर विलय को लेकर वह प्रारंभ से ही डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ ही जुड़ गए थे। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का यह संदेश कि "बिना परमिट मै कश्मीर में प्रवेश कर गया हूँ यह संदेश संपूर्ण देश में भिजवा दो", इसके साथ वह जीवन पर्यंत भावनात्मक रूप से जुड़े रहे। कश्मीर विषय पर सत्ता के बाहर रहते समय संघर्ष एवं प्रधानमंत्री बनने के बाद समाधान यह उनके जीवन का लक्ष्य रहा। उनका प्रसिद्ध वाक्य "पाकिस्तान कश्मीर के बिना अधूरा है तो भारत पाकिस्तान के बिना अधूरा है।" सदैव उनकी भारत के प्रति भक्ति एवं अखंडता के भाव को प्रकट करता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की कश्मीर एवं हिंदु शरणार्थी विषय पर लचर एवं अदूरदर्शी नीतिका उन्होंने सदैव विरोध किया। संसद से सड़क तक उन्होंने चीनी साम्राज्यवादी नीति का विरोध किया। तिब्बत का चीन के कब्जे में जाना भारत की उत्तरी सीमा का असुरक्षित होना होगा, यह उनका दृढ विचार था। 1959 में संसद में कहा उनका प्रसिद्ध वाक्य "तिब्बत की आजादी की लाश पर हम चीन के साथ अपनी दोस्ती का महल नहीं खड़ा कर सकते।" गोवा एवं दमन-दीव में 1961 की सैन्य कार्यवाही का समर्थन करते हुए अटल जी ने कहा था कि "यह युद्ध नहीं, भारत की खोई हुई सांसों की वापसी है।" और "यह केवल भूभाग की वापसी नहीं है, यह भारत के आत्मसम्मान की पुनः स्थापना है।" वेरुवाडी पर बहस करते हुए उन्होंने संसद के माध्यम से सरकार को चेतावनी दी थी कि "सरकार को यह अधिकार नहीं है कि वह देश की भूमि को दान में दे, यह राष्ट्र की संपत्ति है किसी व्यक्ति या सरकार की जागीर नहीं।"



अटल जी ने राष्ट्रधर्म, पांचजन्य, वीर अर्जुन और स्वदेश के माध्यम से पत्रकारिता क्षेत्र में प्रवेश किया था। उनकी स्पष्ट मान्यता थी कि "पत्रकारिता का अर्थ सिर्फ खबरें छापना नहीं है, बल्कि राष्ट्र को दिशा देना है।" समाचार पत्र समाज के लिए दर्पण के साथ-साथ दीपक समान होता है। श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रवादी पत्रकारिता के माध्यम से इसी लक्ष्य को साधने का प्रयास किया। आज के पत्रकारिता जगत में उनका यह विचार प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक है।

प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश के विकास में नए आयाम जोड़ने का कार्य किया। उनका शासन संवेदनशीलथा। आर्थिक विकास, ढांचागत विकास, सुरक्षा, शिक्षा एवं गरीबी दूर करने के लिए उनके प्रयास सराहनीय है। राजग के 24 दलों से बनी उनकी सरकार बेहतर संतुलन एवं समन्वय का अतुलनीय उदाहरण थी। बहुदलीय सरकार होने के बाद भी उन्होंने प्रधानमंत्री पद की गरिमा एवं संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादाओं को उन्नत करने का कार्य किया। उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम को जोड़ने के लिए उनके द्वारा प्रारंभ की गई "स्वर्णिम चतुर्भुज योजना" तथा मुख्य मार्ग से गांव को जोड़ने वाली "प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना" भारत के आर्थिक विकास की आधार स्तंभ बनी है। उनका मानना था कि "सड़कें राष्ट्र की धमनियां है,अगर ये रुक गई, तो देश का विकास रुक जाएगा।" कनेक्टिविटी ही प्रगति की कुंजी है। निरक्षरता एवं निर्धनता का गहरा संबंध है अतः निरक्षरता को दूर करने के लिए उन्होंने महत्वाकांक्षी योजना "सर्व शिक्षा अभियान" तथा आर्थिक दबाव होने के बाद भी गरीबों को भुखमरी से उबारने के लिए "अंत्योदय अन्न योजना" उनकी ऐतिहासिक पहल थी। सूखे से राहत एवं समस्त जल के उपयोग के लिए "नदी जोड़ों परियोजना" जैसी पहल उनकी दूरदर्शिता को प्रकट करती है। आज की संचार क्रांति श्री अटल जी की ही देन हैं। जिसको मोबाइल फ़ोन का लोकतांत्रिकरण कहा गया था। देश की प्रगति में विज्ञान द्वारा अन्वेषण के महत्त्व को प्रकट करते हुए उन्होंने जय जवान, जय किसान के साथ जय विज्ञान का उद्घोष किया।

11 एवं 13मई 1998 को भारत द्वारा पोखरण में परमाणु विस्फोट उनके अदम्य साहस, कुशल रणनीतिएवं दूरदर्शिता को प्रकट करता है। पोखरण विस्फोट के समय आवश्यक गोपनीयता के पालन, आर्थिक प्रतिबंधों से देश को उबारने की उनकी रणनीति, किसी भी दबाव के आगे न झुकते हुए भारत को वैश्विक पटल पर जिम्मेदार देश का स्थान दिलाना उनके राष्ट्रीय स्वाभिमानी भाव को दर्शाताहै। अपने को परमाणु शक्ति संपन्न बनाना एवं भारत के परमाणु शक्ति संपन्न होने पर विरोध करने वाले व्यवहार पर उनका वक्तव्य "परमाणु शक्ति से युक्त दुनिया के देशों को पंच महाभूत कहकर ललकारना" यह केवल अटल जी ही कर सकते थे।

भारत के हितों का संरक्षण करते हुए पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध, चीन के साथ संबंधों की पहल, अमेरिका सहित बड़े देशों के साथ अच्छे संबंध रखते हुए उन्होंने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को महत्त्व दिया। आतंक के संबंध में वैश्विक जागृति उनके प्रयास का ही परिणाम थी। शक्ति के साथ शांति उनकी विदेश नीति का आधार थी, इसी कारण शांति के लिए वह स्वयं बस लेकर लाहौरभी गए थे। मुशर्रफ़ के द्वारा युद्ध थोपने पर उनके नेतृत्व में कारगिल में हमारी सेनाओं ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया था। वह शांति प्रणेता भी थे एवं युद्ध विजेता भी थे।

राष्ट्र प्रथम व्यवहार के वह जीवंत प्रतीक थे। विपक्षी नेता होने के बाद भी राष्ट्र की आवश्यकता पर वह समस्त मतभेद भुलाकर सदैव देश के साथ खड़े रहे। बांग्लादेश युद्ध के अवसर पर प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी का समर्थन किया एवं 1994 में भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हा राव के आग्रह परप्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर कश्मीर मुददे पर भारत को सफलता दिलाई,आर्थिक नीतियों पर प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर का सहयोग उनका आदर्श लोकतांत्रिक विपक्ष के नेता का व्यवहार था। जो आज भी सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए अनुकरणीय है।

प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय स्वाभिमान से ओतप्रोत, आदर्श नेता थे। संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी भाषा में भाषण उनकीस्वभाषा के प्रति प्रेम को प्रकट करता है। समस्त महापुरुषों के प्रति सम्मान, भारतीय संस्कृति का आचरण एवं भारतीय वेश के प्रति स्वाभिमान उनके जीवन की विशेषता थी। सभी स्तर की शिक्षा अपनी मातृभाषा में हो,इस पर उनका सदैव आग्रह रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से जिसको अब वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण किया जा रहा है। पोखरण परमाणु विस्फोट के उपरांत प्रतिबंध लगने पर अमेरिकी राष्ट्रपति श्री बिल क्लिंटन को लिखे पत्र में उन्होंने लिखा था कि "भारत अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगा।" यह स्वाभिमानी भारत का अमेरिका के लिए संदेश था। श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रख्यात कवि थे। राष्ट्र की अखंडता, स्वतंत्रता, लोकतंत्र एवं उनके निस्पृही स्वभाव को प्रकट करने वाली कविताओं की रचना उन्होंने की। अपनी भाषण शैली के लिए तो वह प्रसिद्ध ही थे। अपने विरोधियो से लेकर सामान्य जनता तक को वह अपनी वक्तव्य कला से मंत्रमुग्ध कर लेते थे।

सदैव भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए वह समर्पित रहे। लोकतंत्र की रक्षा के लिए उन्होंने अस्वस्थ होते हुए भी कष्टकारी आपातकाल को कारावास में बिताया। अनैतिक माध्यमों को न स्वीकार करते हुए उन्होंने अपनी सरकार को खोना पसंद कियायह आदर्श आचरण उनकी लोकतान्त्रिक प्रतिबद्धता को प्रकट करता है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना संपूर्ण जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित किया। उनके लिए "भारत भूमि का टुकड़ा नहीं, यह जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कण-कण पवित्र शंकर सा, नदियां गंगा समान हैं, यह वंदन एवं अभिनंदन की भूमि है। हम जिएंगे भी राष्ट्र के लिए एवं मरेंगे भी राष्ट्र के लिए।" उनके मन के यह भाव आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरणा प्रदान करते हैं। उनकी जन्मशताब्दी के अवसर पर हम सभी भारत को समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित भारत बनाने का संकल्प लें। यही स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

*- लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।*

## जयंती पर विशेष

अशोक बजाज



# छत्तीसगढ़ में साकार होती अटल जी की कल्पना

राष्ट्रनायक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। वे अपनी अनेकानेक खूबियों के कारण देश व दुनिया के सर्वप्रिय एवं सर्वमान्य नेता के रूप में स्थापित हुये। सही मायने में उन्होंने देश के लिए जीवन जिया तथा अपने जीवन का हर पल देश को समर्पित किया। वे बहुत ही ओजस्वी वक्ता थे तथा अपनी भाषण शैली से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। संसद हो या जनसभा अपने प्रभावशाली भाषण से अमिट छाप छोड़ जाते थे। वे कुशल राजनेता के अलावा विद्वान कवि व साहित्यकार भी थे उनकी कविताओं में राष्ट्रप्रेम, संवेदना और दर्शन की झलक मिलती है। जनभावनाओं को भांपने की उनके पास अद्भुत क्षमता थी। वे जनता के हृदय की धड़कन को बखूबी समझते थे। उनकी कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं होता था, वे जो कहते थे वही करते थे तथा जो करते थे वही कहते थे। उनकी इच्छा शक्ति बड़ी प्रबल थी तथा वादे के पक्के थे। 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना उनकी प्रबल इच्छा शक्ति का ही परिणाम है। उन्होंने 1998 में सप्रेशाला रायपुर के मैदान में जनता के नब्ज को टटोल कर वादा किया था कि यदि आप लोकसभा की 11 में से 11 सीटो में भाजपा को जितायेंगे तो मैं आपको छत्तीसगढ़ राज्य दूंगा। हालांकि चुनाव में भाजपा को 11 में से 8 सीटें ही मिली लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार पुनः बनी तथा अटल जी पुनः प्रधानमंत्री बन गए। प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने अपनी प्रतिज्ञा के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए पहले ही दिन से प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। मध्यप्रदेश राज्य पुर्निर्माण विधेयक 2000 को 25 जुलाई 2000 को लोकसभा में पेश किया गया। इसी दिन दो अन्य राज्यों उत्तराखंड एवं झारखंड राज्य के विधेयक भी पेश हुए। 31 जुलाई 2000 को लोकसभा में और 9 अगस्त को राज्य सभा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगी। 25 अगस्त को राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हो गए। तत्पश्चात 4 सितंबर 2000 को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन के बाद 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ देश के 26 वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। इस प्रकार अटलजी की एक अटल-प्रतिज्ञा पूरी हुई।

वास्तव में राज्य का गठन करना कोई हंसी खेल तो था नहीं। कई वर्षो से लोग आवाज उठा रहे थे। इसके लिए लोग अनेक तरह से आंदोलन भी करते रहे लेकिन राज्य का निर्माण नहीं हो पाया था। यह तो अटलजी की दृढ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि बिना खूनखराबे के राज्य का निर्माण हो गया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पहले हम मध्यप्रदेश में थे। मध्यप्रदेश का निर्माण सन 1956 में 1 नवम्बर को ही हुआ था। हम 1 नवम्बर 1956 से 31 अक्टूबर 2000 तक यानी 44 वर्षो तक मध्यप्रदेश के निवासी थे तब हमारी राजधानी भोपाल थी। इसके पूर्व वर्तमान छत्तीसगढ़ का हिस्सा सेन्ट्रल प्रोविंस एंड बरार (सी.पी.एंड बरार) में था तब हमारी राजधानी नागपुर हुआ करती थी। इस प्रकार हमें पहले सी.पी.एंड बरार, तत्पश्चात मध्यप्रदेश और अब छत्तीसगढ़ के निवासी होने का गौरव प्राप्त हो रहा है। वर्तमान छत्तीसगढ़ में जिन लोगों का जन्म 1 नवम्बर 1956 को या इससे पूर्व हुआ है वे तीन राज्यों में रहने का सुख प्राप्त कर चुके हैं।परंतु छत्तीसगढ़ राज्य में रहने का अपना अलग ही सुख है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद माननीय अटलबिहारी वाजपेयी जी का सन 2001 में जब पहली बार छत्तीसगढ़ आगमन हुआ तब उनका छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता के रूप में जोशीला स्वागत हुआ था। वे छत्तीसगढ़ के लोगों को किए गये वादे को पूरा करके तथा अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करके आये थे। अतः राज्य की जनता पलक पावड़े बिछाकर उनका इंतजार कर रही थी। उस दिन छत्तीसगढ़-वासियों को उसी प्रकार के आनंद की अनुभूति हो रही थी जिस प्रकार नये राज्य की स्थापना के समय 1 नवम्बर 2000 को हो रही थी। तमाम स्वागत, अभिनंदन, उमंग और उत्साह के बावजूद एक टीस तो उन्हें थी, अपने अंदाज में उन्होंने जनसभा में व्यक्त भी कर दिया। उन्होंने उस समय कहा था कि छत्तीसगढ़ की धरती को प्रकृति की अपार कृपा है, यह धरती जल सम्पदा, वन सम्पदा एवं खनिज सम्पदा से परिपूर्ण है, यहां की जनता मेहनतकश है। परन्तु इस राज्य को विकास के शिखर तक ले जाने के लिए एक प्रामाणिक सरकार की कमी है। अटल जी के इस कथन का प्रभाव यह हुआ कि 2003 में जब नव गठित छत्तीसगढ़ विधानसभा का पहला चुनाव हुआ तो भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला।

डॉ. रमन सिंह प्रथम निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री बने तथा लगातार 15 वर्षों तक भाजपा सरकार का नेतृत्व किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ का तीव्र गति से विकास हुआ। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने का प्रयास हुआ। छत्तीसगढ़ अकाल व पलायन से मुक्त हुआ। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिलने लगा। सरप्लस बिजली उत्पादन होने से किसानों को चौबीसों घंटे बिजली मिलने लगी, विद्युत पंपों के जाल बिछ गये। फलस्वरूप खेती लहलहाने लगी, उत्पादन दुगुना हो गया। शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ। कुपोषण व अशिक्षा के खिलाफ संघर्ष तेज हुआ। सभी गांव बारामासी सड़कों से जुड़ गये। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ में विकास की बयार बहने लगी। गांवों, कस्बों एवं शहरों की तकदीर व तस्वीर बदल गई। वर्तमान में अत्यंत ही सरल, सहज व सुशासन के प्रतीक श्री विष्णुदेव साय के हाथ में प्रदेश की बागडोर है, जो विगत दो वर्षो से "मोदी की गारंटी" के तहत प्रदेश की खुशहाली के साथ साथ विकास की नई गाथा गढ़ रहें हैं। केंद्र से बेहतर तालमेल बनाकर बस्तर को तेजी से माओवादियों के आतंक से मुक्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्देश एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में चल रहे नक्सली उन्मूलन अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। शांति व विकास के मार्ग की सभी बाधाओं को लांघ कर बस्तर सहित समूचा छत्तीसगढ़ इन दिनों तेजी से उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है।

# जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित

दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

# झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित

प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## क्रिसमस




क्रिसमस त्योहार की पूर्व संध्या पर, ओडिशा के पुरी में बुधवार को रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक द्वारा बनाई गई सांता क्लॉज़ की रेत की मूर्ति।

## आज की पाती

### जागरूक ग्राहक बनें

24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में वर्ष 2000 से हर वर्ष 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों के प्रति सतर्क और जागरूक करना भी है। वर्ष 1986 के 24 दिसंबर को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इसके बाद इस अधिनियम में संशोधन भी किया गया। हमारे देश में सरकारें लोगों को बाजारी धोखाधड़ी से बचने के लिए कायदे कानून और इसके प्रति जागरूक करने के लिए कई प्रयास करती हैं। लेकिन सरकारों के यह प्रयास निरर्थक हैं जब तक लोग इसके प्रति गंभीर नहीं होते। बिना बिल के तो कोई सामान लेना ही नहीं चाहिए। सचेत रहना जरूरी है। *-धनुष कुमार साहू, रायपुर*

# भारतीय राजनीति के नक्षत्र अटल जी

'हम टूट सकते हैं, झुक नहीं सकते' अटल बिहारी वाजपेयी जी पर यह उक्ति सटीक बैठती है जब आपातकाल (इमरजेन्सी) के दौरान उन्होंने अपने गम्भीर पीट दर्द के चलते चिकित्सीकीय लाभ और जेल से रिहा होने के लिए इंदिरा जी के संदेश को स्वीकार नहीं किया था। आपातकाल के अनेक प्रसंग त्रासदायी है उसमें भी अटल जी ने अपनी रचनाधर्मी सोच को लोकत्रांत्रिक कलेवर देकर सबको झझकोरा और आशावादी अंतर्धारा को प्रवाहित कर इस उक्ति को राष्ट्रीय धरातल पर चरितार्थ किया। तभी परिवर्तन दुनिया के सामने एक नई राजनीतिक संस्कृतिक का उदय जनता पार्टी के रूप में सन 1977 में हुआ। मुख्य तौर पर अटल जी के दीर्घ संसदीय जीवन आज भी लोकतंत्र की आईना के रूप में है, जिसे वर्तमान से लेकर अतीत के राजनीतिक प्रतिबिम्बों को निहारने के साथ ही परखा जा सकता है। अनेक विषयों पर उनका भाषण कालजयी तो है ही सामाजिक जीवन में उम्मीदों का अध्याय भी है। बारहवीं लोकसभा में एक सदस्य के तौर पर यद्यपि मुझे 13 महीने ही कार्य करने का अवसर मिला, परंतु इतने ही कालखण्ड में उनकी संसदीय विधाओं के प्रयोग को मैंने नये आकार लेते हुए देखा। संसद में बहस के दौरान मनुष्य की अदम्य लालसा तथा राजनैतिक महत्वाकांक्षा पर उनके व्यंग्य वाक्य आज भी राजनीतिक कोहरे में इन्द्रधनुष के लकीर की तरह है, जहाँ भारतीयता की पहचान अपनी चमक अलग दिखाई देती है। आज से दशक पहले ही अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एक साक्षात्कार में स्वराज और धर्मनिरपेक्षता पर बेबाक विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि स्वदेशी और विदेशी में फर्क काफी संकरा हो गया है। इण्डिया और भारत में अन्तर को भी पाटना इसी पृष्ठभूमि में आज की जरूरत है। भारतीय बने रहने के प्रति अधिक सचेत हो सकते हैं। उनके धुर विरोधी भी स्वीकारते हैं कि अटल जी इस कालखण्ड के सबसे समावेशी राष्ट्रवादी नेता है, जिन्होंने भारतीय अस्मिता को जाग्रत करने के लिए वैश्विक मंच का उपयोग किया और संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में भाषण देने का प्रथम राजनेता होने का गौरव हासिल किया। आर्थिक सुधारों के लिए भी अटल जी ने जो राजनैतिक दर्शन और अपना आधार बनाया वह था 'सर्वानुमिति का मंत्र' जैसे आज भारत के शीर्ष राजनैतिक नेतृत्व ने भी सबका विकास, सबका साथ'को मूलमंत्र की मान्यता दी है।



अटल जी जन-जन से प्रेम करने वाले जननायक हैं। वे एक अप्रतिम वक्ता, संवेदनशील कवि और विचारवान लेखक के साथ भारत के महान नेता है। उनका समग्र व्यक्तित्व अभ्यर्थना और अवमानना के मोह पाश से मुक्त है। वे काव्य व्यक्तित्व के छंद बन गये हैं जिसमें उत्साह का प्रवाह निरंतर होता रहता है। हम यह कह सकते हैं कि अपनी स्वच्छ एवं निष्ठा प्रधान विचारधारा के कारण वे उपमेय से उपमान बन गये हैं। आकाश के सप्तर्षि मण्डल को हम आप देखते ही होंगे वह एक नक्षत्र की परिकमा किया करता है। अटल जी मेरी दृष्टि में भारतीय राजनैतिक गगन के नक्षत्र बन गये हैं।


गुंज उठी गीता की वाणी, मंगलमय जन-जन कल्याणी।
अपढ़ अजान विश्व ने पाई, शीश झुकाकर एक धरोहर।।

*-चंद्रशेखर साहू, पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता हैं।*

## करंट अफेयर

# रूस समर्थक हैकर का फ्रांस की डाक सेवा पर साइबर हमला

रूस समर्थक एक हैकर समूह ने क्रिसमस से कुछ दिन पहले फ्रांस की राष्ट्रीय डाक सेवा की पार्सल डिलीवरी ठप करने वाले बड़े साइबर हमले की जिम्मेदारी ली है। अभियोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने एसोसिएटेड प्रेस को जारी बयान में बताया कि साइबर अपराध समूह 'नोनेम057' की ओर से हमले का दावा किए जाने के बाद फ्रांस की खुफिया एजेंसी डीजीएसआई (डीजीएसआई) ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। इस समूह पर यूरोप में अन्य साइबर हमलों का भी आरोप है जिनमें नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान और फ्रांसीसी सरकारी वेबसाइटों पर किए गए हमले शामिल हैं। इस साल की शुरुआत में यह समूह एक बड़े यूरोपीय पुलिस अभियान का भी निशाना बना था। कंपनी ने कहा कि फ्रांस की राष्ट्रीय डाक सेवा 'ला पोस्ट' के केंद्रीय कंप्यूटर सिस्टम सोमवार को साइबर हमले में ठप हो गए थे, जिन्हें बुधवार सुबह तक पूरी तरह बहाल नहीं किया जा सका। हमले के कारण डाककर्मी पार्सल डिलीवरी को ट्रैक नहीं कर पा रहे थे और कंपनी की बैंकिंग शाखा में ऑनलाइन भुगतान सेवाएं भी बाधित रहीं। यह 'ला पोस्ट' के लिए साल के सबसे व्यस्त मौसम में बड़ा झटका था।



## ऑफ बीट

# वैज्ञानिक ने समझाया क्रिसमस पुडिंग की मिठास का विज्ञान

क्रिसमस हर किसी के लिए अलग-अलग मायनों में खास होता है। मेरे लिए यह वह समय है जब मैं साल भर न मिलने वाले खास व्यंजन खा सकता हूं जैसे कि ग्लेज्ड हैम और खासतौर पर पकाई गई क्रिसमस पुडिंग। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस पारंपरिक डेज़र्ट के पीछे कौन-सी रासायनिक प्रक्रियाएं काम करती हैं? क्रिसमस पुडिंग भाप में पकाई जाने वाली मिठाई है जिसमें सूखे मेवे, चीनी, आटा, वसा, मसाले, अंडे और अल्कोहल होता है। इसे आमतौर पर पहले से बनाकर रखा जाता है और फिर परोसने से पहले दोबारा भाप में गर्म किया जाता है। आधुनिक पुडिंग में किशमिश, करंट, सुल्ताना जैसे सूखे अंगूर और ग्लेज़्ड चेरी व साइट्रस पील जैसे कैन्डी फ्रूट का उपयोग किया जाता है। सूखे फलों में ताजे फलों की तुलना में अलग स्वाद होते हैं। कई स्वाद यौगिक तो खो जाते हैं, लेकिन एंजाइमेटिक ब्राउनिंग, वसा अम्लों और प्राकृतिक रंगों के रासायनिक रूपांतरण से नए स्वाद बनते हैं। कैन्डी फ्रूट को चीनी की चाशनी में गर्म किया जाता है जिससे उसमें मौजूद पानी चीनी से बदल जाता है और वह एक मीठा लेकिन कम रंगीन फल बन जाता है। यह मीठा वातावरण सूक्ष्मजीवों के लिए प्रतिकूल होता है।



# फिर मिलाप : महाराष्ट्र में 20 साल बाद साथ आए ठाकरे बंधु, हम बीएमसी चुनाव साथ- साथ लड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई


संवाददाता सम्मेलन के बाद प्रसन्न मुद्रा में उद्धव और राज

महीनों से जारी अटकलों पर विराम लगाते हुए शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने 15 जनवरी को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव से पहले बुधवार को अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की। राज ठाकरे के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि दो दल साथ रहने के लिए एकसाथ आए हैं। दोनों ने कहा कि वे 'मराठी मानुष' और महाराष्ट्र के हित के लिए एकजुट हुए हैं। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे दोनों चचेरे भाई हैं। उद्धव ने कहा कि उनके दादा प्रबोधनकर ठाकरे एक समाज सुधारक और लेखक थे। वह संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन में एक प्रमुख व्यक्ति थे तथा उनके पिता बाल ठाकरे व चाचा श्रीकांत, जो राज ठाकरे के पिता थे, वे भी इस आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। इन सभी ने यह सुनिश्चित करने में अहम योगदान दिया कि मुंबई राज्य का हिस्सा बना रहे। राज ने सीट बंटवारे की विस्तृत जानकारी साझा नहीं की। राज ने कहा कि मुंबई का महापौर मराठी होगा और वह हमारा होगा।

## संवाददाता सम्मेलन 16 मिनट चला

उद्धव ने कहा कि दोनों पार्टियों ने नासिक नगर निगम के लिए सीट के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। अन्य नगर निकायों में गठबंधन को लेकर बातचीत जारी है। यह संवाददाता सम्मेलन मुश्किल से 16 मिनट चला और 2सीट बंटवारे की व्यवस्था पर घोषणा के समाप्त हो गया।सम्मेलन स्थल की पृष्ठभूमि में लगे बैनर पर अविभाजित शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की तस्वीर और शिवसेना (उबाठा) तथा मनसे के पार्टी चिह्न लगे थे।

## दो परिवारवादी दल हार के डर से साथ आए



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहादो परिवारवादी दल एक साथ आ गए हैं। हार के डर से उन्होंने गठबंधन कर लिया है। मुंबई की जनता राजग-भाजपा गठबंधन के तहत विकास को चुनना चाहती है। आगामी बीएमसी चुनावों में अपनी जमानत जब्त होने से बचाने के लिए वे एकजुट हुए हैं।

## ऐसे बता रहे जैसे रूस-यूक्रेन का गठबंधन हो: फडणवीस



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनका ट्रैक रिकॉर्ड केवल भ्रष्टाचार और स्वार्थ का रहा है। उनका गठबंधन से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने गठबंधन पर कहा कि यह सब फिजूल है। उन्होंने कहा कि टेलीविजन समाचार चैनल ऐसी खबरें दिखा रहे थे कि मानो यह रूस-यूक्रेन का गठबंधन हो।

## महाराष्ट्र में हम एमवीए के साथ पर एमएनएस नामंजूर: कांग्रेस



वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि कांग्रेस एमवीए और इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। वडेट्टीवार ने कहा कि जब एक परिवार एकजुट होकर चुनाव लड़ता है, तो हमें खुशी होती है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि कांग्रेस कभी मनसे के साथ जाने की पक्षधर नहीं रही है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य प्रतिमा से पंचकूला को मिली नई पहचान

गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे पंचकूला

# पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की 41 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण

» गृह मंत्री ने वाजपेयी की विरासत को श्रद्धांजलि स्वरूप एक कॉफी टेबल बुक जारी की

» शाह ने हरियाणा के साथ वाजपेयी के आजीवन जुड़ाव वाली प्रदर्शनी का किया अवलोकन

» 250 अटल ई-लाइब्रेरियों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर पंचकूला के एमडीसी सेक्टर-1 स्थित अटल पार्क में उनकी 41 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली भी उपस्थित थे।

15 फीट ऊंचे चबूतरे सहित प्रतिमा की कुल ऊंचाई नेचुरल ग्राउंड लेवल से 56 फीट है। इसे पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने मात्र 25 दिनों में पूरा किया। यह ट्राईसिटी में किसी भी प्रमुख नेता की अब तक की सबसे ऊंची और भव्य प्रतिमा है। कांस्य से बनी इस प्रतिमा को उच्च स्थायित्व और सौंदर्य सटीकता के साथ डिजाइन किया गया है। अटल पार्क, जहां यह प्रतिमा स्थापित की गई है, पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा लगभग 20,786 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। पार्क का उद्देश्य स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों, दृष्टिकोण और विरासत को समर्पित एक प्रमुख सार्वजनिक स्थल के रूप में प्रस्तुत करना है। इस अवसर पर अटल पार्क की विशेषताओं पर एक वीडियो प्रस्तुति भी दिखाई गई। पार्क में व्यापक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, जिनमें भव्य गेट और प्रवेश प्लाजा, अटल गैलरी,



रंगमंच/ओपन एयर थिएटर, फूड कियोस्क, शौचालय और सूचना कार्यालय ब्लॉक शामिल हैं। थीम और वेलनेस-आधारित ज़ोन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जैसे -बाल विज्ञान वनया वाटिका-बच्चों के लिए साइंस और वाइल्डलाइफ गार्डन, योग वाटिका-फिटनेस पार्क, आयुर्वेद वाटिका-औषधीय पौधों का प्रदर्शन, सुगंध वाटिका-खुशबू वाले गार्डन , कलाकृति वाटिका -कलात्मक अभिव्यक्ति , सांस्कृतिक वाटिका - हेरिटेज गार्डन। पार्क में लेज़र ज़ोन, सजावटी इलेक्ट्रिकल एलईडी लाइटिंग, सीसीटीवी सुरक्षा, और बाहरी विकास के अन्य कार्य भी शामिल हैं। प्रतिमा का अनावरण पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन और योगदान का सम्मान है, जिन्हें उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए याद किया जाता है। शाह ने भाजपा कार्यालय पंचकूला में वाजपेयी और हरियाणा के साथ उनके गहरे जुड़ाव पर एक विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। शाह ने राज्य भर में 250 अटल ई-लाइब्रेरी का वर्चुअल उद्घाटन किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव मनाया

## भाजपा मुख्यालय में जेपी नड्डा, वेंकैया नायडू सहित कई नेताओं ने किया पूर्व पीएम को याद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मजयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में भव्य दीपोत्सव मनाया गया और उनके कृतित्व को याद किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और पूर्व उपराष्ट्रपति एवं अटल स्मृति न्यास सोसायटी के अध्यक्ष वेंकैया नायडू ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर इस भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नड्डा ने कहा कि अटल जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश को नई दिशा दी। उनका मूल्यों व आदर्शों पर आधारित जीवन हम करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए एक अनमोल धरोहर है। राष्ट्र के लिए उनका अनन्य समर्पण, गरीब कल्याण के सतत प्रयास व अद्वितीय संगठन कौशल सदैव हमारी प्रेरणा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह, कार्यालय सचिव महेंद्र कुमार और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, नेता और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं भाजपा केंद्रीय कार्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# करोड़ों के बीमा क्लेम वर्षों से लंबित हरियाणा के किसान संकट में: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाला मुआवजा अब तक नहीं मिल पाना अत्यंत गंभीर विषय है। किसानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में करोड़ों रुपये के बीमा क्लेम वर्षों से लंबित हैं, जिससे किसान आर्थिक और मानसिक संकट में हैं।

कुमारी सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि बाढ़ और अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं, लेकिन उस समय न तो पर्याप्त प्रशासनिक सहायता मिली और न ही समय पर सर्वे किए गए। अब मुआवज़े के समय फसल कटाई प्रयोग, तकनीकी आपत्तियों और बीमा कंपनियों की प्रक्रियाओं के नाम पर किसानों को उनके हक़ से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के अनुसार भिवानी, सिरसा, नूंह और चरखी दादरी जैसे जिलों में बड़ी संख्या में किसानों के बीमा दावे लंबित हैं। कई किसानों ने बताया कि सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं किया गया और बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगवाए जा रहे हैं।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि किसान किसी प्रकार की रियायत नहीं, बल्कि अपने वैध अधिकार की मांग कर रहा है। प्राकृतिक आपदा किसान के नियंत्रण से बाहर होती है, ऐसे में सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वह संवेदनशीलता के साथ राहत पहुंचाए। सांसद ने प्रशासन से मांग की कि लंबित फसल बीमा क्लेम की तत्काल समीक्षा की जाए, तकनीकी कारणों से रोके गए मामलों को सरल प्रक्रिया के तहत निपटाया जाए और प्रभावित किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे अगली फसल की तैयारी कर सकें।

# दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार, ग्रेप-4 के नियम हटाए गए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में लगातार सुधार को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट यानी सीएक्यूएम ने बड़ा फैसला ने ग्रेप (जीआरएपी) के स्टेज-4 के तहत लगे सभी प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। साथ ही स्टेज-1, 2 और 3 के नियमों को और सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुधवार को ग्रेप के स्टेज-4 के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने का आदेश जारी किया, क्योंकि शहर में वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक बयान में कहा कि तेज हवाओं और अनुकूल मौसम की स्थिति के कारण कल रात से दिल्ली के वायु गुणवत्ता स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सीएक्यूएम ने बताया कि बुधवार को वायु गुणवत्ता स्तर 271 ('खराब' श्रेणी) दर्ज किया गया। हालांकि, आयोग ने एक नई चिंता भी जताई - आईएमडी/आईआईटीएम द्वारा जारी वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले दिनों में हवाओं की गति धीमी होने के कारण दिल्ली के वायु गुणवत्ता स्तर में वृद्धि हो सकती है।

गौरतलब है कि 13 दिसंबर को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 से ऊपर जाने के बाद सीएक्यूएम ने जीआरएपी-4 लागू किया था, जिसका मतलब था कि वायु गुणवत्ता गंभीर थी। हालांकि, जीआरएपी 1 से 3 के तहत अन्य सभी प्रतिबंध प्रभावी रहेंगे। वायु गुणवत्ता में सुधार होने के कारण, जीआरएपी-4 के कारण सड़कों से हटे पुराने वाहन अब दिल्ली की सड़कों पर वापस आ सकते हैं। इसके अलावा, दिल्ली सरकार ने कक्षा 10 को छोड़कर कक्षा 11 तक के स्कूलों के लिए हाइब्रिड मोड (शारीरिक और ऑनलाइन दोनों) में कक्षाएं संचालित करना अनिवार्य कर दिया है।




## हायर इंडिया में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेंगी भारती

**नई दिल्ली।** भारती एंटरप्राइजेज और वारबर्ग पिंकस ने वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसे उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने वाले हायर इंडिया में करीब दो अरब डॉलर (लगभग 17,955.5 करोड़ रुपये) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने की बुधवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों ने बयान में कहा कि वे हायर इंडिया में रणनीतिक निवेश कर रही हैं। इसका प्रबंधन नियंत्रण वर्तमान चीनी समूह के पास ही रहेगा।

# सोना-चांदी नहीं, तांबा बनने जा रहा बाजार का 'अगला किंग', दिया 36% रिटर्न

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- एआई और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने भी इसकी मांग बताई जा रही

शेयर बाजार में जहां साल 2025 के दौरान जबरदस्त उतार–चढ़ाव देखने को मिला, वहीं दूसरी ओर कीमती और औद्योगिक धातुओं ने निवेशकों को शानदार रिटर्न देकर आकर्षित किया है।

इस साल अब तक सोने ने करीब 70 प्रतिशत का मजबूत रिटर्न दिया है। चांदी ने तो सभी पारंपरिक निवेश विकल्पों को पीछे छोड़ते हुए लगभग 130 से 140 प्रतिशत तक की छलांग लगाई है, जिससे यह रिटर्न के लिहाज से साल की सबसे बेहतरीन एसेट बनकर उभरी है। इसी कड़ी में सोने ने भी निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया। सोने में 60 फीसदी से अधिक का उछाल दर्ज किया गया।

**औद्योगिक मांग के कारण तांबा में तेजी की संभावना बताई जा रही**

### जानें क्या बोले विशेषज्ञ

विशेषज्ञों के अनुसार, एआई के बढ़ते उपयोग के चलते बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर बनाए जा रहे हैं, जिनमें भारी मात्रा में तांबे की जरूरत होती है, और यही वजह है कि मांग के मुकाबले सप्लाई पिछड़ती जा रही है। रॉयटर्स द्वारा कराए गए सर्वे में भी यह सामने आया है कि साल 2025 में तांबे की आपूर्ति करीब 1.24 लाख टन कम रही है और 2026 में यह कमी बढ़कर लगभग 1.5 लाख टन तक पहुंच सकती है। बाजार के जानकारों का मानना है कि जिस तरह सोना और चांदी अपनी चमक दिखा चुके हैं, आने वाले समय में तांबा भी कीमतों के नए रिकॉर्ड बना सकता है।



### चांदी पहुंची दो लाख के ऊपर

यही असंतुलन कीमतों को ऊपर ले गया है और चांदी के भाव करीब 2 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच चुके हैं, जिसमें सुरक्षित निवेश के विकल्प के तौर पर बढ़ती मांग ने भी अहम भूमिका निभाई है। वहीं तांबे को अब बाजार का "अगला किंग" कहा जाने लगा है, क्योंकि तेज औद्योगिकीकरण के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने इसकी मांग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

### हाई रिटर्न्स की रेस में तांबा

हालांकि, इस रेस में तांबा भी पीछे नहीं रहा और अपेक्षाकृत कम चर्चा में रहते हुए भी 2025 में करीब 36 प्रतिशत का दमदार रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है। चांदी की कीमतों में तेज उछाल की सबसे बड़ी वजह औद्योगिक मांग का तेजी से बढ़ना माना जा रहा है, क्योंकि सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में इसके इस्तेमाल में लगातार इजाफा हो रहा है, जबकि इसके मुकाबले आपूर्ति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है।

## रिपोर्ट में नीति-निर्माताओं के लिए छह सूत्रीय सलाह प्रस्तुत की गई

# आगामी बजट में कर आधार विस्तार एवं निवेश प्रोत्साहन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रत्यक्ष कर आधार को व्यापक बनाने, निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने तथा वृद्धि को और तेज करने एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए उच्च प्रत्यक्ष कर दरों को स्थिर रखने पर ध्यान देने की जरूरत है।

एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। 'भारत की नयी कराधान विचारधारा का स्वरूप: सरलीकरण, संतुलन एवं वृद्धि' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 के तहत हाल के सुधारों से यह स्पष्ट हुआ है कि मजबूत राजस्व वृद्धि के साथ-साथ कर व्यवस्था का सरलीकरण एवं कर दरों में संतुलन संभव है। इससे लंबे समय से जारी इस धारणा को चुनौती मिली है कि कर संग्रह बढ़ाने के लिए कर की ऊंची दरें जरूरी होती हैं।

### शोध संस्थान थिंक चेंज फोरम ने जारी की रिपोर्ट

शोध संस्थान 'थिंक चेंज फोरम' (टीसीएफ) द्वारा बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है, " भारत जल्द केंद्रीय बजट पेश करने वाला है और इसमें लिए जाने वाले फैसले यह तय करेंगे कि कराधान दीर्घकालिक आर्थिक विस्तार के लिए उत्प्रेरक बनता है या फिर महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाने वाला कारक।'

### 140 करोड़ की आबादी में तीन करोड़ प्रभावी करदाता

रिपोर्ट में कहा गया है कि कर-जीडीपी अनुपात में सुधार के लिए प्रत्यक्ष कर आधार का विस्तार करना अत्यंत आवश्यक है। 140 करोड़ की आबादी में केवल 2.5 से तीन करोड़ प्रभावी करदाता हैं, ऐसे में बजट को दरें बढ़ाने के बजाय माल एवं सेवा कर, आयकर तथा उच्च मूल्य उपभोग से जुड़े आंकड़ों को एकीकृत कर प्रौद्योगिकी आधारित कर आधार विस्तार को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**अनुपालन आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने पर जोर** : रिपोर्ट में नीति-निर्माताओं के लिए छह सूत्रीय सलाह प्रस्तुत की गई है जिसमें उनसे प्रत्यक्ष करों, प्रवर्तन एवं निवेश नीति तक जीएसटी सुधारों के सिद्धांतों का विस्तार करने का आग्रह किया गया है। इन सुझावों में मुख्य तौर पर नीतिगत स्थिरता एवं अनुपालन-आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

**राजस्व जुटाने दर बढ़ाने के जगह कर आधार का विस्तार हो** : केंद्रीय बजट में दीर्घकालिक नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अर्थशास्त्र के संतुलन सिद्धांत के अनुरूप उच्च प्रत्यक्ष कर दरों को स्थिर रखने की प्रतिबद्धता जतानी चाहिए और राजस्व जुटाने का जोर दरें बढ़ाने के बजाय कर आधार के विस्तार पर होना चाहिए।




- बजट बनाने में सरलीकरण, संतुलन एवं वृद्धि पर विशेष जोर दिया जाए
- रोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान देने की जरूरत
- जीएसटी 2-0 के तहत हाल के सुधार से संतुलन संभव हुआ

### समानांतर अर्थव्यवस्था के खिलाफ कार्रवाई तेज हो

इसमें उच्च कर दरों को स्थिर रखने, दरें बढ़ाने के बजाय प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रत्यक्ष कर आधार का विस्तार करने, मुआवजा उपकर समाप्त होने के बाद 'एमआरपी' (अधिकतम खुदरा मूल्य) आधारित कराधान से बचने, जीएसटी इनपुट कर ऋण श्रृंखला को पूरा करने, मुनाफे के उत्पादक पुनर्निवेश को प्रोत्साहित करने तथा तस्करी एवं अवैध कारोबार सहित समानांतर अर्थव्यवस्था के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की सिफारिश की गई है।

### जीडीपी अनुपात 2011 से नीचे बना हुआ

इसमें कहा गया कि पिछले एक दशक में कंपनियों की लाभप्रदता में सुधार हुआ है लेकिन निवेश-से-जीडीपी अनुपात 2011 से पहले के उच्च स्तर से काफी नीचे बना हुआ है जिससे संकेत मिलता है कि मुनाफा उत्पादक क्षमता के बजाय वित्तीय परिसंपत्तियों में लगाया जा रहा है। निवेश-से-जीडीपी अनुपात, यह मापता है कि किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का कितना प्रतिशत नए निवेश (जैसे मशीनरी, भवन, बुनियादी ढांचा) में लगाया जा रहा है।

### बढ़ते मुनाफे के बावजूद निवेश में ठहराव

रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते मुनाफे के बावजूद निवेश में ठहराव को देखते हुए बजट में लक्षित कर प्रोत्साहनों के जरिये कॉरपोरेट आय को वित्तीय निवेशों के बजाय विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और रोजगार सृजन करने वाली परिसंपत्तियों की ओर प्रवाहित किया जाना चाहिए।

## चांदी 2.27 लाख रुपये प्रति किग्रा के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमतें 9,750 रुपये बढ़कर 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं, जबकि विदेशी बाजारों में चांदी 72 डॉलर प्रति औंस के स्तर को लांघ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।मंगलवार को, चांदी 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सर्राफा की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से हाजिर चांदी 72 डॉलर के स्तर को लांघ गई।'' कैलेंडर वर्ष के दौरान, 31 दिसंबर, 2024 को रिकॉर्ड किए गए 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से चांदी की कीमत 1,37,300 रुपये या 153.06 प्रतिशत बढ़ गई है। गांधी ने कहा कि कमजोर डॉलर, अमेरिकी फेडरल रिजर्व से नरम मौद्रिक नीति की उम्मीदें और चल रहे भू-राजनीतिक तनाव बहुमूल्य धातु के लिए अनुकूल माहौल बना रहे हैं। इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत, स्थानीय सर्राफा बाजार में रिकॉर्ड ऊंचाई से थोड़ी कम हुई और यह मंगलवार के 1,40,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के मुकाबले 50 रुपये घटकर 1,40,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना पहली बार 4,500 डॉलर प्रति औंस के स्तर को लांघ गया। यह 41.18 डॉलर या 0.92 प्रतिशत बढ़कर 4,525.96 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट

**मुंबई।** मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच क्रिसमस से एक दिन पहले बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में कारोबार का रुख सुस्त रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 116 अंक और निफ्टी 35 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 116.14 अंक गिरकर 85,408.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 85,738.18 अंक के उच्च स्तर तक गया और 85,342.19 अंक के निचले स्तर तक आया। निफ्टी भी 35.05 अंक की गिरावट के साथ 26,142.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर एवं टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट रही। इसके विपरीत ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी और पावर ग्रिड के शेयर लाभ में रहे।

## उत्तर रेलवे ने प्रभावी रेक प्रबंधन से रेलगाड़ियों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने सक्रिय रेक प्रबंधन और अतिरिक्त व प्रतिस्थापन रेक को समय पर उपयोग कर यात्री रेलगाड़ियों का बिना रुकावट संचालन सुनिश्चित किया। सही तरह से मेंटेन किए गए दूसरे रेक का आवश्यकता अनुसार इस्तेमाल करके 16 दिसंबर 2025 और 23 दिसंबर 2025 के बीच कुल 40 ट्रेन सर्विस (38 दिल्ली मण्डल से और 2 जम्मू मण्डल से) का संचालन किया गया। इन रेक का इस्तेमाल करने से पहले सभी ज़रूरी सेफ्टी चेक और मेंटेनेंस प्रोटोकॉल का ठीक से पालन किया गया ताकि रेलयात्रियों की संरक्षा सुनिश्चित हो। परिणामस्वरूप ज़्यादातर सेवाएं सही समय पर चलाई गईं, जो उत्तर रेलवे के सभी विभागों के बीच आपसी समन्वयता और उनकी कार्य-कुशलता को दर्शाता है। यह कदम यात्रियों के आवागमन में बेहतर सेवा प्रदान करने के क्रम में बढ़ता एक और महत्वपूर्ण प्रयास है, जो प्रभावी योजना, संसाधनों के सदुपयोग और चौबीसों घंटे मॉनिटरिंग से संभव हुआ है। उत्तर रेलवे हमेशा अपने यात्रियों के लिए सुरक्षित और समय पर यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भारतीय स्टार्टअप के लिए महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ 2025

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लंबे समय तक धन जुटाने में मंदी के बाद 2025 भारतीय स्टार्टअप के लिए नकदी का वर्ष बनकर उभरा। सार्वजनिक निर्गम गतिविधियों में फिर से तेजी देखने को मिली, सौदों की गुणवत्ता में सुधार आया और अनुशासित वृद्धि की ओर स्पष्ट बदलाव देखा गया। वर्ष 2023 को 'फंडिंग विंटर' (पूंजी जुटाने के लिए कठिन दौर) और 2024 को सतर्क आशावाद के रूप में परिभाषित किया गया था तो 2025 को विशेष रूप से सार्वजनिक बाजारों के माध्यम से निकासी में ऐतिहासिक वृद्धि के लिए याद किया जाएगा।

**मध्यम सौदों का आकार दोगुना होकर 14 लाख डॉलर हुआ**

### भारत तीसरा बड़ा स्टार्टअप वाला देश बना

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग से मान्यता प्राप्त करीब दो लाख स्टार्टअप में से केवल इस वर्ष 44,000 जुड़े हैं। वहीं 11 नए यूनिकॉर्न और 18 सार्वजनिक निर्गम के जरिये 41,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने के साथ... भारत अब अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है।'

### उद्यम पूंजी व निजी इक्विटी रिकॉर्ड संख्या में पहुंची

ट्रैक्सन की सह-संस्थापक नेहा सिंह ने कहा, " 2025 को मैं नकदी का वर्ष कहूंगी। यह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का साल रहा। यह ऐसा वर्ष रहा जिसमें उद्यम पूंजी (वीसी) और निजी इक्विटी (पीई) समर्थित कंपनियां रिकॉर्ड संख्या में बाजार में पहुंचीं। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड वर्ष रहा। मिसाल के तौर पर, यदि आप पीक एक्सवी और एलीवेशन जैसे कोष को देखें तो उनके खंड में कई आईपीओ देखने को मिलेंगे।"

**बीओआई ने बांड से 10 हजार करोड़ रुपए जुटाए** : **नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने 7.23 प्रतिशत सालाना ब्याज पर 10,000 करोड़ रुपये के दीर्घकालिक बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी करके राशि जुटाई है। बॉन्ड का आकार 5,000 करोड़ रुपये था।

**उत्तर रेलवे**

भारतीय रेलवे स्नातकोत्तर चिकित्सा विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान तथा
संबद्ध उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल, नई दिल्ली–110055

फाईल सं. ई/मेड/एस आर/74/के.चि./2025
विज्ञापन सं. IRPGIMSR & एनआरसीएच/एसआर/2025/3 दिनांक 24.12.2025

**सीनियर रेजीडेंट को आबंध करना**

IRPGIMSR & Associated उत्तर रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय में सीनियर रेजीडेंसी योजना के अंतर्गत सीनियर रेजीडेंट पद के लिए योग्य उम्मीद्वारो से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी सेवा शर्ते, आवेदन–पत्र, शपत–पत्र आदि उत्तर रेलवे की वेवसाईट www.nr.indianrailways.gov.in & https://irpginrch.indianrailways.gov.in under head News & Recruitment info पर उपलबध है।

प्रधान प्रमुख चिकित्सा निदेशक/
निदेशक IRPGIMSR & NRCH

3993/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष**: संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष**: खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन**: शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क**: क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह**: कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या**: कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला**: लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक**: संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु**: स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर**: आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ**: क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन**: किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## रुपया 16 पैसे टूटकर 89.79 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और कारोबार के अंत में 16 पैसे टूटकर 89.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की निकासी और सोने के आयातकों से डॉलर की बढ़ती मांग के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.56 पर खुला। कारोबार के दौरान 89.51 प्रति डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दर्शाता है। कारोबार के अंत में हालांकि रुपया 89.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे कम है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.63 पर बंद हुआ था।

## उत्तर रेलवे ने हिमाचल प्रदेश के धरमपुर में 373वां मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के सीनियर सुपरवाइजरों के लिए मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम 28 अगस्त 1985 को शुरू किया गया था। यह भारतीय रेलवे में मानव संसाधन विकास का एक ज़रूरी हिस्सा है; इसका मकसद सुपरवाइजरों के मैनेजेरियल स्किल्स को इस तरह से विकसित करना है कि वे अपने-अपने स्तर पर मैनेजमेंट के तरीकों में सकारात्मक बदलाव ला सकें और साथ ही मैनपावर प्रोडक्टिविटी बढ़ाने में भी योगदान दे सकें।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक वार्ड नं. 9 के अधिकार–क्षेत्र के तहत सेक्टर–3 में विभिन्न सेक्टर क्षतिग्रस्त सड़कों की रिकार्पेटिंग + 1 कार्य। | 23.12.2025 02.01.2026 | रु.2,22,88,652/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | सेक्टर–2, एम.सी. रोहतक में परशुराम पार्क के निकट म. नं. 2037 के सामने पॉकेट पार्क का अपग्रेडेशन + 1 कार्य। | 23.12.2025 30.12.2025 | रु.27,85,942/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41424/I/88/7 दि. 24.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी सोनीपत | बरोदा निर्वाचन क्षेत्र, जिला सोनीपत में सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत 1. मदीना से भांडरी (आईडी 2622) 2. सिरसाध से सिवांका (आईडी 2613) + 1 कार्य। | 19.12.2025 30.12.2025 | रु.3,25,96,940/- | https://etenders.hry.nic.in | 9729353062 hsambsonipat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41427/I/88/7 दि. 24.12.25

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा सं. 46245075B के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक द्वारा **ई–निविदा** आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:


| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Supply of Electrical Intervehicular Coupler Spares for AT-BT MEMU (ICF Rakes) - 8 Car Conversion to 12 Car Formation | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | 99,23,800/- | मात्रा | 01 Set |
| निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 27.01.2026 (11:00 Hrs.) | | |
| निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 27.01.2026 (11:00 Hrs.) | | |
| वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in | | |

टिप्पणी: (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेजे देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं।

निविदा सूचना सं.: 46245075B दिनांक: 22.12.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3998/2025


## शब्द पहेली - 6088




**बाएँ से दाए-**
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6087 का हल**







### कोहली ने सबसे तेज 16 हजार रन बनाकर तोड़ा तेंदुलकर का रिकॉर्ड

**बेंगलुरु।** विराट कोहली ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16 हजार रन पूरे करके दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने यह उपलब्धि विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में हासिल की। वह 330 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे जबकि तेंदुलकर ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। दिल्ली की तरफ से खेल रहे 37 वर्षीय कोहली ने आंध्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

विजय हजारे ट्राफी : रोहित की सेंचुरी, वैभव और गनी के तूफान में उड़े रिकॉर्ड, कोहली ने रचा कीर्तिमान

# क्रिकेट में नया इतिहास : तीन धुरंधर बल्लेबाजों ने 40 से कम गेंदों में लगाई तूफानी सेंचुरी

एजेंसी ▶▶ रांची

विजय हजारे ट्राफी में बुधवार को 40 से कम गेंदों में तीन सेंचुरी लगी। प्लेट लीग में बिहार के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान साकिबुल गनी ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। सूर्यवंशी ने 36 गेंद एवं ईशान किशन ने 33 बॉल और गनी ने 32 गेंद में शतक बनाए। वहीं इस ट्राफी में रोहित शर्मा ने लिस्ट ए में अपने कॅरियर का सबसे तेज शतक लगाया और मुंबई को जीत दिलाई। उन्होंने सिक्किम टीम के खिलाफ तूफानी पारी खेली। विराट कोहली ने कम मैचों में 16 हजार रन पूरे किए और दिग्गज सचिन तंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा।

### बिहार टीम ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



रांची। बिहार ने विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो लिस्ट ए में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड है। प्लेट ग्रुप के इस मैच में बिहार के बल्लेबाजों ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बिहार ने अपनी पारी में 49 चौके और 38 छक्के लगाए।

### गनी ने सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड किया अपने नाम

जेएससीए ओवल ग्राउंड में विजय हजारे ट्रॉफी के अंतर्गत बिहार और अरुणाचल प्रदेश के बीच मुकाबले में बिहार के कप्तान सकिबुल गनी ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। गनी ने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सकिबुल गनी ने मात्र 32 गेंद पर शतक लगाया। लिस्ट ए क्रिकेट का ये सबसे तेज भारतीय शतक है। सकिबुल गनी ने 40 गेंदों पर 12 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन की पारी खेली। कप्तान सकिबुल गनी के अलावा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए आयुष लोहारुका ने भी शतक लगाया।

### ईशान ने ठोका 33 गेंदों में शतक

ईशान किशन ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ 33 गेंदों में शतक ठोक दिया। वह लिस्ट ए फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय प्लेयर्स में से एक बन गए हैं। 50 ओवर के फॉर्मेट में अपने टॉप-ऑर्डर रोल से हटकर इशान झारखंड के लिए 38वें ओवर के आखिर में नंबर छह पर बल्लेबाजी करने आए और अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड बी में एक शानदार शतक बनाया। उन्होंने 14 छक्के लगाए। उनकी पारी से झारखंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 412 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हालांकि इशान सबसे तेज लिस्ट ए सेंचुरी बनाने वाले भारतीय बनने से चूक गए।

**लिस्ट 'ए' में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज**

| बॉल | खिलाड़ी | सन |
|---|---|---|
| 32 | साकीबुल गनी | 2025 |
| 33 | इशान किशन | 2025 |
| 35 | अनमोलप्रीत सिंह | 2024 |
| 36 | वैभव सूर्यवंशी | 2025 |
| 40 | यूसुफ पठान | 2010 |
| 41 | उर्विल पटेल | 2023 |
| 42 | अभिषेक शर्मा | 2021 |

### रोहित की हिटमैन शैली में शतकीय पारी




**जयपुर।** सात साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी खेलने वाले रोहित शर्मा ने बिल्कुल 'हिटमैन' शैली में शतकीय पारी खेलकर गुलाबी शहर के क्रिकेटप्रेमियों के लिये क्रिसमस की पूर्व संध्या पर शानदार तोहफा दिया। इस मुकाबले को देखने के लिये 20 हजार से ज्यादा लोग स्टेडियम में जमा थे और सभी के लिए वजह सिर्फ एक थी ..रोहित शर्मा । रोहित ने अपने कैरियर का 37वां लिस्ट ए शतक जमाते हुए 93 गेंदों में 155 रन बनाए । इस पारी में उनके शानदार पूल, हवाई शॉट्स और स्वीप शॉट देखने को मिले। ऐसा लग रहा था कि लोग अपने पसंदीदा गायक के कन्सर्ट में आए हैं, जो एक के बाद एक हिट गाने सुना रहा है। स्टेडियम से रवाना होने तक रोहित के बल्ले से निकले 18 चौके और नौ छक्के उन्हें संतुष्ट करने के लिए काफी थे।सिक्किम ने सात विकेट पर 236 रन बनाए । रोहित ने सिक्किम के अनुभवहीन गेंदबाजों के सामने 62 गेंद में शतक और 91 गेंद में 150 रन बनाए। वह क्रांति कुमार की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर लौटे। मुंबई ने सिक्किम को हराया

### वैभव ने 36 गेंद में ठोकी सेंचुरी



**रांची।** वैभव सूर्यवंशी ने अपने कौशल का अद्भुत नजारा पेश करते हुए बिहार की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे प्लेट ग्रुप मैच में 84 गेंदों में 190 रन बनाए, जिसमें 15 छक्के शामिल हैं। इस 14 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यवंशी ने केवल 36 गेंदों में शतक पूरा किया। इस तरह से वह लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर काबिज हो गए हैं। भारतीय रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने 2024 में इसी टीम के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 15 छक्कों के अलावा 16 चौके भी जड़े। इस प्रारुप में सबसे तेज शतक का विश्व रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क (29 गेंद) के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 2023-24 के सत्र में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए तस्मानिया के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था।

## खबर संक्षेप



### विवाह बंधन में बंधी वीनस एंड्रिया प्रेटी से की शादी

**पाम बीच।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने एंड्रिया प्रेटी से शादी कर ली है। वीनस ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। वीनस और प्रेटी फ्लोरिडा के पाम बीच में सप्ताहांत में पांच दिवसीय समारोह के विवाह बंधन में बंधे। जुलाई में टूर स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनने के बाद 45 वर्षीय वीनस ने डीसी ओपन में स्टैंड में मौजूद अपने मंगेतर का आभार व्यक्त किया था। प्रेटी डेनमार्क में जन्में इतालवी मॉडल और अभिनेता हैं।

### खेल का अत्यधिक विश्लेषण और बदलाव नहीं करें ग्रीन

**मेलबर्न।** दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को चीजों को सरल बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट में सही रणनीति अपनाने के लिए वह अपने खेल का अत्यधिक विश्लेषण या उसमें बदलाव नहीं करें। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा, 'वह अपने खेल के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं और चीजों में काफी बदलाव करना पसंद करते हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अगर मुझे उसे कोई सलाह देनी हो तो वह यही होगी कि चीजों को जितना हो सके उतना सरल बनाए रखें। घरेलू क्रिकेट में अपने अच्छे प्रदर्शन के बारे में सोचें और घरेलू क्रिकेट के अपने अच्छे प्रदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में भी दोहराने की कोशिश करें।'



# एशेज शृंखला : आर्चर दो मैच से बाहर, इंग्लैंड की बढ़ीं मुश्किलें

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो एशेज टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। टीम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे इंग्लैंड की मैदान और मैदान से इतर की समस्याएं और बढ़ गई हैं।

इसमें उसके सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पर नशे में धुत होकर रास्ता भटकने का आरोप भी शामिल हैं। ती स वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से पीठ और दाहिनी कोहनी में स्ट्रेस फ्रेक्चर सहित कई तरह की फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने भारत के खिलाफ लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और उसके बाद वह शानदार फॉर्म में थे।



### चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कल से

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में शुरू होगा जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अभी 3-0 से आगे है और उसने एशेज अपने पास बरकरार रखी है। आर्चर एमसीजी में अभ्यास सत्र के लिए मैदान पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने अभ्यास नहीं किया। बाद में टीम के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि वह दौरे के बाकी बचे दो मैच से बाहर हो गए हैं। आर्चर ने पर्थ, ब्रिस्बेन और एडिलेड में खेले गए मैचों में कुल 80 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें उन्होंने 27.11 की औसत से नौ विकेट लिए। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में पहली पारी में 53 रन देकर पांच विकेट लिए और 51 रन बनाए।

### *रोहतक रॉयल्स ने कबड्डी चैंपियंस लीग से पहले सुरेंद्र नाडा को मुख्य कोच नियुक्त किया*

**रोहतक।** रोहतक रॉयल्स ने कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) के शुरुआती सत्र से पहले बुधवार को सुरेंद्र नाडा को अपना मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। भारतीय कबड्डी की सम्मानित हस्ती नाडा ने एक बयान में कहा कि मैं रोहतक रॉयल्स के मुख्य कोच की जिम्मेदारी पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि यह टीम एक ऐसे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है जहां कबड्डी की गहरी जड़ें हैं और मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर एक प्रतिस्पर्धी टीम बनाने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि कबड्डी चैंपियंस लीग एक शानदार मंच है और हमारा लक्ष्य पहले ही सत्र से उच्च मानक स्थापित करना होगा। नाडा को बेहतरीन डिफेंडरों में से एक माना जाता है और भारत की सफलता में उनका अहम योगदान रहा है। उन्होंने 2016 कबड्डी विश्व कप, 2017 एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप, 2018 दुबई कबड्डी मास्टर्स और 2019 दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं।

सीनियर बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप

### उन्नति, तन्वी, संस्कार और चौहान ने जीते मुकाबले

**विजयवाड़ा।** बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा, रौनक चौहान और संस्कार सारस्वत ने 87वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने मुकाबले जीत लिए। शीर्ष वरीय उन्नति को पहले दौर में बाई मिली थी, उन्होंने वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली आकांक्षा माटे को 21-8, 21-18 से जबकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी ने शाइना मानिमुथु पर 21-10, 21-14 से जीत हासिल की।



संस्कार ने भी पुरुष एकल में शिखर रालन पर 21-11, 21-13 की जीत से अभियान शुरू किया। अनुभवी आकर्षि कश्यप और अस्मिता चालिहा ने भी अगले दौर में जगह बनाई। आकर्षि ने एशियाई अंडर-17 चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लक्ष्या राजेश को 21-7, 21-9 से जबकि अस्मिता ने काव्या मार्वानिया को 21-7, 21-11 से मात दी। पूर्वा बारवे (16वीं वरीय) एकमात्र वरीय खिलाड़ी रहीं, जिन्हें राउंड 64 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें एम मेघना रेड्डी से 21-19, 17-21, 18-21 से पराजय मिली।

आईसीसी रैंकिंग

## सूर्यकुमार को झटका, टॉप 10 से बाहर, तिलक ने लगाई छलांग

एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी की ओर से एक बार फिर से टी20 इंटरनेशनल की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को बड़ा झटका लगा है। आईसीसी की रैंकिंग में सूर्या लंबे समय बाद टॉप 10 से बाहर हो गए हैं। हालांकि राहत की बात ये है कि तिलक वर्मा ने एक और छलांग मारी है।



### तिलक वर्मा को फायदा

इस बीच भारत के तिलक वर्मा ने छलांग मारी है। अब तिलक वर्मा एक स्थान की उछाल के साथ नंबर तीन पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। उनकी रेटिंग बढ़कर 805 की हो गई है। इस बीच तिलक वर्मा के आगे जाने से कुछ बल्लेबाजों को नुकसान उठाना पड़ा है। श्रीलंका के पथुम निसंका एक स्थान के नुकसान के साथ अब नंबर 4 पर चले गए हैं, उनकी रेटिंग 779 की है। इंग्लैंड के जॉस बटलर 770 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर अपना कब्जा जमाए हुए हैं।

### सूर्यकुमार 13वें स्थान पर फिसले

इस बीच साउथ अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक डेवाल्ड ब्रेविस पांच स्थानों की छलांग के साथ सीधे नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अब 680 की हो गई है। डेवाल्ड पहली बार टॉप 10 में अपनी जगह बनान में कामयाब हुए हैं। बात अगर सूर्यकुमार यादव की करें तो वे लंबे समय बाद टॉप 10 से बाहर हुए हैं। वे अब सीधे तीन स्थानों के नुकसान के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## आईएलटी20: पूरन-वसीम की 140 रन की साझेदारी, नॉकआउट में पहुंची एमआई

एजेंसी ▶▶ अबू धाबी

निकोलस पूरन और मोहम्मद वसीम के नाबाद अर्धशतकों की मदद से एमआई एमिरेट्स ने जायद क्रिकेट स्टेडियम में आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में गल्फ जायंट्स पर आठ विकेट से आसान जीत हासिल करके प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 141 रन बनाए। उसकी तरफ से मोईन अली के 48 गेंदों में सर्वाधिक 51 रन का योगदान दिया।

एमआई एमिरेट्स की तरफ से रोमारियो शेफर्ड और फजलहक फारुकी ने दो-दो विकेट लिए। इसके जवाब में एमआई एमिरेट्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। पूरन और वसीम ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 140 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को 21 गेंद से रहते हुए जीत दिलाई। वसीम ने 42 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन जबकि पूरन ने 49 गेंदों में छह छक्के और तीन चौकों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए।



आईडब्ल्यूएल

## नीता एफए ने सेसा को हराया प्यारी खाका ने लगाई हैट्रिक



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्यारी खाका की हैट्रिक की बदौलत नीता फुटबॉल अकादमी ने सेसा फुटबॉल अकादमी को 6-1 से हराकर 'इंडियन वुमैन्स लीग' (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 अभियान में अपनी पहली जीत दर्ज की। खाका शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर (पहले, 71वें और 74वें मिनट) में हैट्रिक लगाकर अपनी टीम को बड़ी जीत दिलाई। नीता एफए की टोगो की फॉरवर्ड अमीरातौ एनजंबारा (25वें और 60वें मिनट) ने दो गोल किए जबकि मिडफील्डर भूमिका देवी (छठे मिनट) ने एक गोल किया। सेसा की घाना की फॉरवर्ड डायना एंटवी (90+3वें मिनट) ने आखिर में एक गोल किया। नीता एफए के दो मैच में चार अंक हैं और फिलहाल तालिका में शीर्ष पर है जबकि सेसा का खाता अभी तक नहीं खुला है।

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की एलाइट महिला चैंपियनशिप के फाइनल में दमदार प्रदर्शन, कुलपति प्रो. सुदेश ने बढ़ती महिला भागीदारी को सराहा

# खेल के मैदान से बेटियां तय कर रही हैं समाज की नई दिशा : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- 6वीं राज्य स्तरीय एलाइट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश मुख्य ने कहा कि आज की बेटी केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि खेलों, रक्षा सेवाओं, विज्ञान और प्रशासनिक सेवाओं में भी अपनी पहचान बना रही है। बॉक्सिंग जैसे कठिन और दमदार खेल में लड़कियों की बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि वे अब हर क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। प्रो. सुदेश गोहाना में आयोजित हरियाणा बॉक्सिंग संघ की 6वीं राज्य स्तरीय एलाइट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबलों में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचीं थी। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल के मैदान पर बेटियों का आत्मविश्वास, संकल्प और अनुशासन समाज के लिए नई दिशा तय कर रहा है। खेल केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि जीवन जीने का तरीका है, जो अनुशासन, धैर्य, मानसिक मजबूती और टीम भावना विकसित करता है। उन्होंने माताओं-पिताओं और अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर दें, क्योंकि परिवार का विश्वास ही खिलाड़ी को सबसे बड़ी ताकत देता है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां सीमित संसाधनों के बावजूद शानदार प्रदर्शन कर रही हैं, जो प्रेरणादायक है और खेल अधोसंरचना को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता को दर्शाता है।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करती कुलपति प्रो. सुदेश साथ में अन्य।

### मुक्केबाजों का आत्मविश्वास और फिटनेस स्तर हरियाणा को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर और मजबूत बना रहा

साई के रिजनल डायरेक्टर साई शिवम शर्मा ने कहा कि महिला मुक्केबाजों का बढ़ता आत्मविश्वास और फिटनेस स्तर हरियाणा को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर और मजबूत बना रहा है। उन्होंने कहा कि साई द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं, वैज्ञानिक सपोर्ट और उन्नत खेल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहां से निकलने वाली प्रतिभाएं भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। वहीं हरियाणा बॉक्सिंग संघ के महासचिव ओमबीर हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की बेटियों ने बॉक्सिंग में अपनी क्षमता और अनुशासन से नया मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि संघ लगातार जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें प्रतियोगिताओं के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के साथ अपने खेल को निखारने का संदेश दिया।

दूसरी ओर महिला मुक्केबाजों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल जज्बा दिखाया। जय बाला जी स्पोर्ट्स अकादमी में 20 दिसंबर से शुरू हुई इस चैंपियनशिप के अंतिम दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक बाउट्स देखने को मिलीं। फाइनल मुकाबलों के बाद विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक जितेंद्र हुड्डा, अकादमी के अध्यक्ष अनिल मोर और मुख्य प्रशिक्षक नवीन हुड्डा विशेष रूप से मौजूद रहे।

इंग्लिश लीग कप फुटबॉल

## आर्सेनल की सेमीफाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶ लंदन

आर्सेनल ने एक रोमांचक मैच में क्रिस्टल पैलेस को पेनल्टी शूटआउट में 8-7 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा। केपा अरिजाबलागा ने एमिरेट्स स्टेडियम में खेले गए मैच में मैक्सेंस लैक्रोइक्स की पेनल्टी किक को रोककर आर्सेनल की शूटआउट में जीत पक्की की। निर्धारित समय तक यह मैच 1-1 से बराबरी पर था। इससे पहले लैक्रोइक्स ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया, जिससे आर्सेनल ने बढ़त हासिल की।




## अब किस्मत से नहीं, कौशल और ऊंची सैलरी होगी एच1बी वीजा पाने की असली कुंजी

# अमेरिका ने इस संबंध में बड़ा निर्णय लेते हुए बदल दिया एच1बी वीजा से जुड़ा पुराना 'रैंडम लॉटरी सिस्टम'

- ***अगले साल 27 फरवरी 2026 से लागू होगा एच1बी वीजा लेने के लिए नया 'वेटेड सेलेक्शन सिस्टम'***
- ***भारत की तकनीकी क्षेत्र की कंपनियों, पेशेवरों पर पड़ेगा बड़ा असर***
- ***इस वीजा के सालाना लाभार्थियों में 71 फीसदी भारतीय हैं***



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा एक के बाद एक एच1बी वीजा में किए जा रहे बदलावों के क्रम में एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसमें अब ये वीजा किसी को केवल किस्मत के सहारे यानी पुराने रैंडम लॉटरी सिस्टम की बदौलत नहीं मिलेगा। बल्कि कौशल और ऊंची सैलरी (वेटेड सेलेक्शन सिस्टम) प्राथमिकता के साथ इसे पाने के अनिवार्य जमीनी मापदंड होंगे। ये नया वीजा नियम अगले साल 27 फरवरी 2026 से लागू होगा। जिसका भारत की टीसीएस के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र की दुनियाभर की कंपनियों जैसे माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, एप्पल पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। बीते मंगलवार को अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने एच1बी सिस्टम में इस बदलाव की घोषणा करते हुए बताया कि यह कवायद ट्रंप प्रशासन द्वारा वीजा कार्यक्रम को एक नए रंग-रूप के साथ आकार देने से जुड़ी हुई है। जो देश में नवाचार और उच्च कौशल वाले कर्मियों की संख्या में इजाफा करेगी। गौरतलब है कि अमेरिका ने बदलाव का ये कदम उसके द्वारा हाल ही में एच1बी और एच-4 वीजा के तमाम आवेदकों के लिए पूर्व में तय किए गए फरवरी-मार्च 2026 के साक्षात्कारों की तारीख बदलकर अगले साल की अंतिम तिमाही के पहले महीने अक्टूबर-2026 तक आगे बढ़ा दी गई है। जिससे भारत में वीजा साक्षात्कार के लिए व्यापक तैयारी किए बैठे युवा पेशेवरों से लेकर अन्य इच्छुक आवेदकों के लिए भारी संकट की स्थिति खड़ी हो गई है।

### अमेरिकी कंपनियां करती दुरुपयोग

एच1बी वीजा के मौजूदा पंजीकरण सिस्टम को बदलने के पीछे अमेरिकी प्रशासन का तर्क ये है कि उसे इस संबंध में कुछ ऐसी शिकायतें मिल रही थी कि इस वीजा का अमेरिका में मौजूद कंपनियों के नियोक्ताओं द्वारा गलत इस्तेमाल किया जा रहा था। जो कम वेतन पर विदेशी कर्मियों को आयात कर रही थी, जिससे अमेरिकी वर्कर्स को नुकसान उठाना पड़ रहा था। अमेरिका की नागरिकता और अप्रवासन सेवाओं के प्रवक्ता मैथ्यू ट्रैगेसर ने बताया कि पुराने लॉटरी सिस्टम का गलत इस्तेमाल कुछ इस तरह से हो रहा था कि उसमें कम वेतन वाली नौकरियों के लिए आवेदन करने वाले लोग भी आसानी से एच1बी हासिल कर लेते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि नया सिस्टम इस प्रक्रिया में आमूलचूल परिवर्तन कर देगा और अमेरिका को ज्यादा योग्य तथा कुशल कर्मी मिलेंगे। 2025 में अमेजन कंपनी को सबसे ज्यादा एच1बी वीजा का लाभ मिला है, जिसमें उसके 10 हजार से अधिक वीजा आवेदनों को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके बाद टीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी कंपनियों की बारी आती है।

### ट्रंप ने फीस बढ़ाकर की 1 लाख डॉलर

इस साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच1बी वीजा की सालाना फीस को कई गुना बढ़ाने की घोषणा करते हुए इसे 1 लाख डॉलर तक पहुंचा दिया था। जिसे न्यायालय में चुनौती भी दी गई है। इसी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ने 1 मिलियन डॉलर का गोल्ड कार्ड भी जारी किया है और उसे अमेरिका की स्थायी नागरिकता पाने का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग बताया है। प्रशासन द्वारा किए गए अन्य बदलावों में कंपनी के नियोक्ता को प्रति एच1बी वीजा के लिए अतिरिक्त 1 लाख डॉलर का भुगतान करने का नियम भी शामिल है। वीजा कार्यक्रम के समर्थकों का कहना है कि यह स्वास्थ्य-देखभाल और शिक्षकों की भर्ती का एक मार्ग प्रशस्त करता है। इसके अलावा इसकी मदद से अमेरिका में नवाचार और अर्थव्यवस्था में प्रगति देखने को मिलती है।

यह वही एच1बी वीजा है, जिसकी मदद से देश में कंपनियों को विशेषज्ञ क्षेत्र में नौकरियों को भरने में आसानी होती है। जबकि इसके आलोचक कहते हैं कि इस वीजा के मार्फत देश में किसी भी कंपनी में केवल एंट्री लेवल पर ही रिक्तियों को भरने में मदद मिलती है।

बजाय वरिष्ठ स्तर के लिए जरूरी कुशल कर्मियों की भर्ती में ये सहायक नहीं है। वीजा से मजदूरी पर पड़ने वाला दबाव घटता है और अमेरिकी कर्मियों का विस्थापन रुकता है। कंपनियां क्लासीफाइंग नौकरियों के लिए कम कुशलता के साथ कम वेतन का भुगतान करती हैं। लेकिन दूसरी तरफ देखें तो नियुक्त किए गए कर्मियों का अनुभव अधिक होता है। सालाना जारी किए जाने वाले नए वीजा के लिए अधिकतम सीमा 65 हजार है। इसी के साथ अतिरिक्त 20 हजार लोगों को परास्नातक या अन्य उच्च-डिग्री लेने के लिए एच1बी वीजा प्रदान किया जाता है।

### 2024 में भारतीयों को मिले 3 लाख वीजा

अमेरिका ने तीन दशक से भी पहले 1990 में एच1बी वीजा की शुरुआत की थी। वर्तमान में इसके 71 फीसदी लाभार्थी भारतीय हैं। 'द यूएस सिटीजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विसेज' (यूएससीआईएस) के मुताबिक, पिछले वर्ष-2024 में एच1बी वीजा को लेकर कुल स्वीकृत 4 लाख आवेदनों में से तीन लाख भारतीय थे। यह सभी लोग इस वक्त अमेरिका में काम कर रहे हैं। भारत में अमेरिका के फैसले से बढ़ते तनाव और असमंजस के बीच वाशिंगटन प्रशासन ने हालिया समय में कहा था कि एच1बी वीजा के संबंध में बढ़ी हुई फीस मौजूदा वीजा धारकों या वीजा नवीनीकरण कराने वाले लोगों पर लागू नहीं होगी। इसे साल में सिर्फ एक बार वीजा के लिए आवेदन करने वाले नए आवेदकों से ही वसूला जाएगा।

## गुजरात से गए परिवार ने खरीद ली पाक की सरकारी एयरलाइंस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपने सरकारी एयरलाइंस को प्राइवेट हाथों में बेच दिया। इस्लामाबाद में एक खुली नीलामी हुई और आरिफ हबीब ने 135 बिलियन पाकिस्तानी रुपये की सफल बोली लगाकर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीआईसीए) के लिए नीलामी जीत ली। भारतीय करेंसी में यह रकम लगभग 4300 करोड़ रुपए होती है।

यह पाकिस्तान के लिए बड़ी बात है क्योंकि यह लगभग दो दशकों में देश का पहला सबसे बड़ा निजीकरण है। वैसे कमाल की बात है कि जिस आरिफ हबीब ने इस एयरलाइंस को खरीदा है, उनका भारत के गुजरात से कनेक्शन है। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की निलामी में तीन पार्टी उतरी थी- लकी सीमेंट, निजी एयरलाइन एयरब्लू और इनवेस्टमेंट फर्म आरिफ हबीब।

पहले इन इन तीनों पार्टियों ने अपनी सीलबंद बोलियां एक पारदर्शी बॉक्स में जमा कीं। जब बॉक्स खोला गया तो आरिफ हबीब सबसे अधिक बोली लगाने वाले कंपनी बनकर उभरे।

## बोले उमर हादी, मेरे भाई का हत्यारा और कोई नहीं बल्कि मोहम्मद यूनुस है

# भारत पर इल्जाम लगाने वाले यूनुस को हादी के भाई ने दिखाया आईना

आगामी राष्ट्रीय चुनावों को बेपटरी करने के लिए सत्ताधारियों ने रची हादी की हत्या की साजिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में इंकलाब मंच के प्रवक्ता और कट्टरपंथी युवा छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की बीते दिनों हुई मौत के मामले पर उनके भाई ने एक बड़ा और महत्वपूर्ण खुलासा किया है। जिसमें शरीफ उमर हादी ने मंगलवार 23 दिसंबर को ये साफ किया कि मेरे भाई उस्मान हादी की हत्या के लिए अंतरिम सरकार का मुखिया यानी मोहम्मद यूनुस ही जिम्मेदार है।

सत्ता पर काबिज लोगों ने अगले साल फरवरी में बांग्लादेश में घोषित किए गए आम चुनावों को पटरी से उतारने के लिए ऐसा किया है। यह जानकारी बांग्लादेश के द डेली स्टार नामक एक समाचारपत्र ने अपनी एक रिपोर्ट के जरिए दी है। वहीं, पड़ोसी देश में ये भी कहा जा रहा था कि हादी को गोली मारने के बाद हत्यारे भारत भाग गए हैं। पूर्व में मामले को लेकर बांग्लादेश ने भारत पर आरोप मढ़ने की कोशिश की थी। जिसके तहत कट्टरपंथियों की



उग्र भीड़ ने राजधानी ढाका सहित कई अन्य जगहों पर मौजूद भारत के दूतावास परिसरों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास किए। लेकिन भारत ने इसे लेकर अंतरिम सरकार के साथ ही यहां देश में बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब कर सख्त अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया है। बताते चलें कि उस्मान हादी को एक रैली के दौरान बीते 12 दिसंबर को सिर में गोली मारी गई थी। जिसके बाद शुरुआती उपचार के बाद बांग्लादेश से उसे सिंगापुर ले जाया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद पूरे बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के हिंसक विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

### भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव जारी

हादी और उसके साथ हुए विरोध-प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की बेकाबू भीड़ ने मैमनसिंह इलाके में एक हिंदू अल्पसंख्यक युवक दीपू चंद्र दास की बेरहमी से हत्या कर दी थी। दोनों घटनाओं के बीच वर्तमान समय में भारत और बांग्लादेश के संबंधों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। भारत ने पड़ोसी देश में मौजूद अपने वीजा आवेदन केंद्र को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। जबकि बांग्लादेश ने भी भारत की देखा देखी यहां स्वदेश में सरकार से मांग की है कि वो नई दिल्ली और कोलकाता में उच्चायोग परिसरों के बाहर हो रहे प्रदर्शनों पर काबू पाएं।

### भाई की इच्छा का हो सम्मान

हादी के भाई शरीफ उमर हादी ने यह बयान इंकलाब मंच द्वारा उनके भाई के सम्मान में आयोजित किए गए 'शाहिदी शोपोथ' नामक एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी। जिसका बांग्लादेशी समाचारपत्र ने अपनी रिपोर्ट में जिक्र किया है। उमर हादी ने ये भी कहा कि मेरे भाई की इच्छा थी कि बांग्लादेश में अगले साल फरवरी महीने में तय किए गए राष्ट्रीय चुनाव सही समय पर कराए जाएं। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि वो मेरे भाई की इच्छा का सम्मान करें और चुनावों को सही तथा नियत समय पर ही संपन्न कराएं। इसके अलावा अधिकारी चुनावी माहौल को बाधित न करें। उमर हादी ने चेतावनी देते हुए कहा कि हत्यारों के खिलाफ जल्द ही मुकदमा दायर किया जाना चाहिए। जिससे चुनावी माहौल में कोई बाधा न आए। मामले की जांच में सरकार की तरफ से कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। अगर उस्मान हादी के हत्यारों को जल्द पकड़ा नहीं गया तो एक दिन आपको (अंतरिम सरकार के प्रतिनिधियों) भी बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ेगा।



*पेंटागन का दावा, संबंधों को सामान्य बनाने के पीछे चीन की मंशा भारत को रणनीतिक रूप से अमेरिका से दूर करने की है*

# भारत संग संबंधों को सामान्य करने के पीछे चीन की गहरी चाल: अमेरिका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन द्वारा बीते कुछ वक्त से भारत के साथ जारी संबंधों को सामान्य बनाने की तेज कवायद पर अमेरिका की मिर्ची लग गई है यानी उसकी नजरें चीन की तरफ टेढ़ी हो गई हैं। पेंटागन (अमेरिकी वॉर डिपार्टमेंट) ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में दावा किया है कि वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए सैन्य विवाद की समाप्ति का फायदा उठाकर चीन भारत के साथ एक बार फिर से अपने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की जोरशोर से कोशिशें करने में लगा हुआ है।

जिसके पीछे उसकी असली और कुटिल मंशा भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंधों को गहरा होने से रोकना और भारत को कहीं न कहीं अपने ग्रुप में लाकर हिंद-प्रशांत के इलाके में अमेरिकी रणनीति को कमजोर बनाना है। हालांकि भारत चीन की इस सोच से वाकिफ है और इसे लेकर पूरी तरह सतर्क भी है। सीमाई विवाद जैसे मामलों को लेकर फिलहाल दोनों देशों के बीच पूरा तरह से भरोसा कायम नहीं हुआ है। अविश्वास की स्थिति बनी हुई है।

### भारत-चीन ने उठाए कई अहम कदम

उल्लेखनीय है कि एलएसी विवाद की समाप्ति पिछले साल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान शहर में हुई उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक के बाद हुई थी। जिसकी घोषणा यहां नई दिल्ली में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने की थी। इसी के साथ अपने शीर्ष नेताओं की मंत्रणा से निकले महत्वपूर्ण निष्कर्षों और उनके मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ते हुए दोनों देश अपने आपसी संबंधों को सामान्य बनाने में लगे हुए हैं।

इसी क्रम में अब तक कई जरूरी कदम उठाए जा चुके हैं। जिनमें वीजा प्रक्रिया को फिर से बहाल करना, पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा की पुनः शुरुआत, हवाई उड़ान सेवाओं का आगाज, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने समेत लगातार उच्च-स्तरीय बैठकों की कवायद को जारी रखना मुख्य रूप से शामिल है। भारत और चीन के बीच हालिया समय में हुई महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठकों में चीन के तियानजिन शहर में पिछले शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से इतर हुई दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात मुख्य है।

### ब्रिक्स के बाद जारी रखें मुलाकातें: चीन

अमेरिका ने रिपोर्ट में ये भी कहा कि चीन चाहता है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकातों के बाद भी भारत के साथ बातचीत का सिलसिला क्रमवार ढंग से चलता रहे।

लेकिन भारत और चीन के बीच मौजूदा अविश्वास की वजह से इस प्रक्रिया की रफ्तार कछुआ चाल वाली यानी धीमी बनी हुई है। अमेरिका का ये भी तर्क है कि चीन की यह पूरी रणनीति भारत और अमेरिका को रणनीतिक रूप से एक-दूसरे से दूर करने तथा दोनों देशों के बीच फासले बढ़ाकर उसका खुद फायदा उठाने की है। जिससे उसे लगता है कि वो अमेरिका को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आसानी से संतुलित कर लेगा।

### यूं हिंद-प्रशांत में चीन को चाहिए कमजोर अमेरिका

यहां बता दें कि भारत और अमेरिका आपस में चतुष्कोणीय समूह क्वाड के तहत भी मजबूत साझेदार हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र (दक्षिण-पूर्वी चीन सागर का इलाका शामिल) में चीन की बढ़ती आक्रामकता पर नकेल कसना है। चीन हालांकि क्वाड को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का एक सैन्य गठबंधन (नाटो जैसा) मानते हुए इसका कड़ा विरोध करता है और उसका कहना है कि क्वाड के जरिए अमेरिका उक्त क्षेत्र का सैन्यीकरण करने की कोशिश कर रहा है। जिसे चीन कभी भी स्वीकार नहीं करेगा।

## थाइलैंड- कंबोडिया सीमा पर तोड़ी गई हिंदू देवता की प्रतिमा के मामले में भारत ने

बोले जायसवाल, इस तरह की घटनाओं से दुनिया में मौजूद अनुयायियों की भावनाओं को पहुंचती है ठेस।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

■ विवाद में उलझे दोनों पक्षों से की बातचीत और डिप्लोमैसी के रास्ते पर लौटने की अपील की।

थाइलैंड और कंबोडिया के बीच जारी सैन्य विवाद के मध्य तोड़ी गई भारतीय देवता की प्रतिमा के मामले को लेकर बुधवार को भारत कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि मीडिया रिपोर्ट के जरिए उन्हें मामले के बारे में जानकारी मिली है।



जेसीबी से तोड़ी गई मूर्ति

जिसमें यह पता चला है कि हिंदू देवता की प्रतिमा को थाइलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहे विवाद के दौरान इलाके में तोड़ा गया है। इलाकों पर किए जाने वाले दावों और विवाद के बीच इस तरह की घटना का सामने आना दोनों पक्षों द्वारा प्रदर्शित किए गए असम्मान को दर्शाता है। जिससे हिंदू और बौद्ध घर्म के दुनिया में मौजूद सभी लोगों की भावनाएं आहत होती हैं, जो संबंधित देवता को पूजते हैं।

इसलिए इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। रणधीर ने कहा कि हम दोनों पक्षों से शांति बहाली के लिए बातचीत और डिप्लोमैसी के रास्ते पर लौटने की अपील करते हैं। जिससे भविष्य में होने वाले जानमाल और संपत्ति के नुकसान को रोका जा सके।

## लीबिया के आर्मी चीफ की प्लेन क्रैश में मौत

**अंकारा।** लीबियाई की सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद अल-हद्दाद की मंगलवार रात तुर्किये में प्लेन क्रैश में मौत हो गई। प्लेन में 8 लोग सवार थे, सभी की मौके पर ही मौत हो गई। तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि विमान में टेकऑफ के 30 मिनट बाद ही तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

**पड़ोसी देश के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अनंत मित्तल को 15 घंटे तक हिरासत में रखकर नहीं दिया खाना-पानी, वॉशरूम जाने की इजाजत भी नहीं मिली**

# चीन में अरुणाचल को भारत का अभिन्न अंग बताना भारतीय ब्लॉगर को पड़ गया भारी

16 नवंबर 2025 की है ये घटना, जिसका वीडियो बनाकर अनंत ने सुनाई आपबीती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन में अरुणाचल-प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताना और राज्य की ही एक महिला प्रेमा वांगजॉम थोंगडोक का समर्थन करना 'ऑन रोड इंडियन' नामक एक भारतीय यूट्यूब ब्लॉगर अनंत मित्तल को महंगा पड़ गया।

पिछले महीने 16 नवंबर को की गई पड़ोसी देश की यात्रा के दौरान हवाई अड्डे पर चीन के अधिकारियों ने ना केवल अनंत को 15 घंटे तक हिरासत में रखा। बल्कि इस दौरान उन्हें खाने-पीने के लिए भी कुछ नहीं दिया। यहां तक की वॉशरूम जाने की इजाजत भी नहीं दी गई। अंत में थक-हारकर ब्लॉगर को लगा कि उसने ही अरुणाचल को भारत का हिस्सा बताकर गलती की है। यह जानकारी अनंत मित्तल ने भारत लौटने के बाद अपने यूट्यूब चैनल पर कुछ वीडियो साझा कर दी है। जिसमें से एक में उन्होंने भारतीय दूतावास से भी मामले में संज्ञान लेने की मांग की है।

**बीते एक माह में हुआ दूसरा मामला:** यहां बता दें कि बीते करीब महीने भर के अंदर चीन से सामने आई ये दूसरी घटना है, जिसमें पड़ोसी देश के हवाईअड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने भारतीय नागरिक को रोककर प्रताड़ित किया है।



पूर्व में अरुणाचल में ही जन्मी एक भारतीय महिला प्रेमा वांगजॉम थोंगडोक को लंदन से जापान जाते वक्त करीब 3 घंटे के लेओवर के दौरान शंघाई हवाईअड्डे पर 18 घंटे तक रोककर उनके भारतीय पासपोर्ट को अवैध बताते हुए प्रताड़ित किया गया था। देश के मीडिया में जोरशोर से ये मामला उठने के बाद यह घटना सार्वजनिक हुई और विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली और बीजिंग में चीनी दूतावासों के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया था। जिसके जवाब में चीन ने भारत के तमाम दावों को सिरे से खारिज कर दिया था। भारत ने कई मौकों पर ड्रैगन को साफ शब्दों में ये बता दिया है कि अरुणाचल-प्रदेश उसका अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। जबकि चीन का कहना है कि अरुणाचल उसके तिब्बत का दक्षिणी हिस्सा है। इसलिए ये उसके अधिकार क्षेत्र में आता है।

संबंधों को सामान्य बनाने में जुटे दोनों देश: वहीं, यह तमाम घटनाएं भारत-चीन के बीच एक ऐसे दौर में सामने आ रही हैं। जब 2020 के मध्य से पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर शुरू हुआ सैन्य विवाद पिछले साल अक्टूबर महीने में ही पूरी तरह से खत्म हुआ है और उसके बाद दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को पहले की तरह से पटरी पर लाने या सामान्य बनाने की कोशिशों में लगे हुए हैं। इस प्रक्रिया में कई जरूरी कदम उठाए जा चुके हैं। एलएसी विवाद में जून-2020 सबसे ज्यादा तनाव बढ़ाने वाला महीना रहा। क्योंकि इसी में इलाके की गलवान घाटी में दोनों सेनाओं के बीच खूनी हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें भारत के 20 और चीन के भी कई दर्जन सैन्यकर्मी मारे गए थे। आखिरकार समस्या का समाधान दोनों पक्षों के बीच हुई कई सैन्य और कूटनीतिक बैठकों के जरिए निकाला गया है।

### वीडियो बनाकर साझा की आपबीती

अनंत ने अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो साझा कर चीन में हुई इस घटना से जुड़ा अपना दुखद अनुभव बताया है। उन्होंने कहा कि यह मामला पिछले महीने 16 नवंबर का है। जब वो अपने ब्लॉगिंग के काम से चीन पहुंचे थे और इस दौरान उन्होंने एक वीडियो बनाकर उसमें अरुणाचल-प्रदेश को भारत का हिस्सा बताया था। जिससे नाराज चीनी अधिकारियों ने उन्हें हवाईअड्डे पर ही पकड़ लिया और कुल करीब 15 घंटे तक हिरासत में रखा। इस दौरान उन्हें खाने-पीने के लिए भी कुछ नहीं दिया गया और यहां तक की वॉशरूम भी नहीं जाने दिया गया। अनंत ने हिरासत के दौरान बनाए गए कुछ वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर भी अपलोड किए हैं। उन्होंने ये भी बताया इन वीडियो को अपने चैनल पर शेयर करने के पीछे उनका उद्देश्य अचानक से अपने सब्सक्राइबर्स की संख्या को बढ़ाना नहीं है। बल्कि वो केवल चीन के हवाईअड्डे पर अपने साथ हुए व्यवहार के बारे में अपने दर्शकों को जानकारी देना चाहते हैं।

### मेरा कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं

अपने वीडियो में यूट्यूबर अनंत का ये भी कहना है कि उनके इस ब्लॉगिंग के काम के पीछे कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। मैंने देश लौटने के बाद इन वीडियो को किसी दबाव में आकर नहीं बनाया है। मैं सभी से प्यार करता हूं और इसी भावना के साथ अपने काम को सभी तक पहुंचाने की कोशिश करता हूं। उन्होंने बताया कि मैंने ये वीडियो भारत लौटने के बाद यूट्यूब पर अपलोड किए हैं। अब मैं पूरी तरह से सुरक्षित हूं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में बसे हुए राज्य अरुणाचल-प्रदेश से मेरा जुड़ाव रहा है। क्योंकि देश के इस सुदूर क्षेत्र के राज्यों में रहकर ही मैंने तीन साल तक अपनी पढ़ाई की है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109